

अब हर
रोज दर्पण
3

जबलपुर मंगलवार 01 सितंबर 2026 > शक संवत 1948, भाद्रपद कृष्ण पक्ष,चतुर्थी

वर्ष 32 अंक 64 मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।

**मौसम**
अधिकतम तापमान 28.2°C
न्यूनतम तापमान 23.4°C
सूर्योदय - 5.53 | सूर्यास्त - 6.28


रामभूषण कुंज आश्रम विकटगंज में 4 ... 4


'यमला पगला दीवाना फिर से' के आठ साल, कृति... 7


महिलाओं को कृषि के साथ विविध आर्थिक गतिविधियों 8

# मोदी की 4 अहम मुलाकातें, मजबूत हुए रिश्ते

## ईरान, किर्गिस्तान, आर्मेनिया और रूस के नेताओं से द्विपक्षीय बातचीत

बिश्केक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में 26वें शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन से इतर चार देशों के शीर्ष नेताओं के साथ महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकें कीं। प्रधानमंत्री ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, किर्गिस्तान के राष्ट्रपति सदर जापारोव, आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पाशिन्यान और रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की। बैठकों में द्विपक्षीय संबंधों, व्यापार, आर्थिक सहयोग और क्षेत्रीय परिस्थितियों पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के साथ भारत-ईरान संबंधों की समीक्षा की। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में हालिया घटनाक्रम और बढ़ते तनाव पर विचार साझा किए। मोदी ने दोहराया कि क्षेत्रीय विवादों का समाधान संवाद और कूटनीति से होना चाहिए। उन्होंने स्थायी शांति और स्थिरता के प्रयास जारी रखने तथा समुद्री मार्गों और वाणिज्यिक गतिविधियों की सुरक्षा पर भी जोर दिया। राष्ट्रपति सदर जापारोव के साथ बैठक में भारत-किर्गिस्तान रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमति बनी। दोनों नेताओं ने आर्थिक एवं वाणिज्यिक सहयोग बढ़ाने के साथ लोगों के बीच संपर्क मजबूत करने पर चर्चा की। छात्र आदान-प्रदान और सांस्कृतिक सहयोग को भी महत्वपूर्ण बताया गया। मोदी ने शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी के लिए जापारोव को बधाई दी।



### आर्मेनिया के साथ कई क्षेत्रों में सहयोग

प्रधानमंत्री मोदी ने आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पाशिन्यान से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं ने रक्षा, अर्थव्यवस्था, फार्मा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, संस्कृति और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की। क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ। इन बैठकों के जरिए भारत ने मध्य एशिया और पश्चिम एशिया के साथ अपने रणनीतिक एवं आर्थिक संबंधों को मजबूत करने का संदेश दिया।

### मोदी-पुतिन की मुलाकात, यूक्रेन युद्ध पर हुई चर्चा

दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों और रूस-यूक्रेन युद्ध समेत महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को समाप्त करने के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि युद्ध का हर दिन मानवता को पीछे धकेल रहा है। प्रधानमंत्री ने शांति और समाधान के लिए बातचीत और कूटनीति के महत्व पर जोर दिया। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि रूस और भारत के संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने दोनों देशों के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के रूस-भारत संबंधों पर विशेष ध्यान देने की सराहना की।

### एयर इंडिया फ्लाइट में बम की धमकी

**अहमदाबाद।** सऊदी अरब के दम्माम से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट में सोमवार को बम की धमकी मिलने के बाद अहमदाबाद एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। उड़ान के दौरान क्रू मेंबर को विमान के टॉयलेट में एक टिश्यू पेपर मिला, जिस पर अंग्रेजी में 'बम' लिखा हुआ था। धमकी मिलने के बाद विमान को अहमदाबाद डायवर्ट किया गया और करीब शाम 4.30 बजे सुरक्षित उतारा गया। फ्लाइट में 32 यात्री सवार थे। लैंडिंग के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालकर टर्मिनल-2 ले जाया गया।

### एसिड अटैक पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली।** तेजाब हमलों से जुड़ी एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने खुदरा दुकानों में तेजाब की बिक्री को बेहद सीमित करने या पूरी तरह प्रतिबंधित करने की संभावना पर विचार किया है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान अदालत ने तेजाब हमलों के पीड़ितों के उपचार और उनके पुनर्वास से जुड़े पहलुओं पर भी ध्यान दिया।

### सीजेपी मार्च पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की ओर से 5 सितंबर को दिल्ली में प्रस्तावित मार्च पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। सोमवार को सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि ऐसा कोई आधार नहीं है, जिससे यह माना जाए कि मार्च के दौरान कोई अप्रिय घटना निश्चित रूप से होगी। पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह अपनी शिकायत उस उच्चस्तरीय समिति के समक्ष रख सकते हैं, जिसका गठन छात्रों के खिलाफपुलिस हिंसा के आरोपों की जांच के लिए किया गया है।

# ओरछा में निखरेगी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत

## रामराजा लोक से बढ़ेगा पर्यटन, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिलेगा बल

भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण कर उसे आने वाली पीढ़ियों से जोड़ना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। ओरछा को पर्यटन के अद्भुत केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने सोमवार को ओरछा स्थित निर्माणाधीन श्री रामराजा लोक के कार्यों का अवलोकन किया और अधिकारियों को निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।



### प्राचीन स्वरूप को सुरक्षित रखने पर जोर

मुख्यमंत्री ने रामराजा लोक परिसर में विभिन्न निर्माणाधीन प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया और संचालकों से संवाद कर उनकी समस्याएं व सुझाव सुने। उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने जुझार सिंह महल में चल रहे निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्यों का जायजा लिया तथा जहांगीर महल की ऐतिहासिक स्थापत्य कला का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान आर्किटेक्ट ने मंदिर परिसर के प्राचीन 'सावन-भादो' स्तंभों के संरक्षण और स्थापत्य महत्व की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए निर्माण के दौरान इन ऐतिहासिक संरचनाओं को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचनी चाहिए। प्राचीन भवनों के जीर्णोद्धार में पारंपरिक सामग्री और तकनीक का ध्यान रखा जा रहा है, ताकि उनका मूल स्वरूप कायम रहे।

### धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

डॉ. यादव ने कहा कि ओरछा कभी बुंदेला राजाओं की राजधानी रहा है। यहां के महल और मंदिर बुंदेलखंड की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान हैं। सरकार इन धरोहरों को संरक्षित कर उन्हें पर्यटन के नए केंद्र के रूप में विकसित कर रही है। उन्होंने कहा कि उज्जैन में श्री महाकाल महालोक के विकास से धार्मिक पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिली है। इसी तर्ज पर ओरछा, चित्रकूट, दतिया, नलखेड़ा और मंदसौर सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों का समग्र विकास किया जा रहा है।

### राम-कृष्ण पथ से जुड़ेंगे प्रमुख तीर्थ

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम के वनवास से जुड़े चित्रकूट तथा भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े उज्जैन के सांदीपनि आश्रम सहित अन्य धार्मिक स्थलों को भी विकसित किया जाएगा। राम-कृष्ण पथ के माध्यम से प्रदेश के प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों को जोड़ने की योजना पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भव्य रामराजा लोक आने वाले समय में देश-दुनिया के श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख तीर्थस्थल बनेगा और बुंदेलखंड की पहचान को नई ऊंचाई देगा।



### राहुल के खिलाफएफआईआर पर देशभर में करेगी प्रदर्शन कांग्रेस

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली। उत्तराखंड में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफप्राथमिकी दर्ज होने के बाद कांग्रेस ने भाजपा और राज्य सरकार के खिलाफमोर्चा खोल दिया है। पार्टी ने सोमवार को देशभर में प्रदर्शन का ऐलान किया। कांग्रेस का कहना है कि वह राहुल गांधी के खिलाफदर्ज एफआईआर के साथ-साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की हल्द्वानी रैली के बाद हुए कथित 'शुद्धिकरण' को भी बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनाएगी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने राहुल गांधी के खिलाफदर्ज एफआईआर को राजनीतिक कार्रवाई बताया। उन्होंने कहा कि खरगे की रैली के बाद कथित तौर पर हुए जातिवादी 'शुद्धिकरण' के लिए जिम्मेदार लोगों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा ऐसे व्यवहार का बचाव कर रही है, जिसे पार्टी जातिवादी मानसिकता मानती है।

#### 'खड़गे के अपमान पर कार्रवाई जरूरी'

वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस तब तक चुप नहीं बैठेगी, जब तक कथित शुद्धिकरण के जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई नहीं होती और राहुल गांधी के खिलाफदर्ज एफआईआर रद्द नहीं की जाती। उन्होंने देशभर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन की घोषणा की। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि राहुल गांधी के खिलाफएफआईआर को मुख्य मुद्दा बनाने के बजाय कथित शुद्धिकरण की घटना पर ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि घटना के खिलाफआवाज उठाने वाले राहुल गांधी पर तत्काल कार्रवाई हुई, लेकिन कथित शुद्धिकरण करने वालों के खिलाफअब तक एफआईआर क्यों नहीं हुई।

## पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, 9 की मौत, 22 झुलसे

**कौशांबी।** प्रयागराज-कौशांबी सीमा पर सोमवार दोपहर पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट से पूरा इलाका दहल उठा। मोहम्मदपुर गांव में करीब साढ़े 12 बजे हुए धमाके में अब तक 9 लोगों की मौत और 22 लोगों के घायल होने की सूचना है। मृतकों में दो बच्चे भी शामिल बताए गए हैं। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि फैक्ट्री पूरी तरह ढह गई और आसपास के करीब आठ मकान क्षतिग्रस्त हो गए, जिनमें तीन पूरी तरह जमींदोज हो गए। धमाके के बाद इलाके में चीख-पुकार मच गई। धुएं और लगातार हो रहे धमाकों के बीच ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए राहत कार्य शुरू किया। कई घायलों को चारपाई और अन्य साधनों से सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया। मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका के चलते बचाव अभियान तेज कर दिया गया है। मनौरी एयरफोर्स स्टेशन से करीब दो किलोमीटर दूर हुए इस हादसे के बाद पुलिस, एयरफोर्स, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के करीब 200 जवान मौके पर पहुंचे।



## सिंधु संधि पर भारत का पलटवार

### मध्यस्थता अदालत का फैसला खारिज, कहा- संप्रभु फैसलों पर नहीं चलेगा आदेश

**नई दिल्ली।** सिंधु जल संधि को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। भारत ने सोमवार को विश्व बैंक द्वारा गठित सिंधु जल संधि से जुड़ी मध्यस्थता अदालत के फैसले को सिरे से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय ने इस निकाय को 'अवैध रूप से गठित' बताते हुए स्पष्ट किया कि भारत का सिंधु जल संधि को स्थगित रखने का फैसला लागू रहेगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि विश्व बैंक ने संधि की शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन करते हुए इस तथाकथित मध्यस्थता अदालत का गठन किया है। भारत ने इसके अस्तित्व को कानूनी रूप से कभी मान्यता नहीं दी है और पहले भी इस निकाय की टिप्पणियों तथा फैसलों को स्वीकार करने से इनकार करता रहा है। मंत्रालय के अनुसार, इस संस्था का गठन ही सिंधु जल संधि के प्रावधानों का गंभीर उल्लंघन है। इसलिए भारत इसके किसी भी निर्णय को बाध्यकारी नहीं मानता। भारत ने कहा कि मध्यस्थता अदालत के पास देश के संप्रभु फैसलों पर कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है।




## राहुल नहीं, तो इस्तीफा देंगे मंत्री

### 2029 के पीएम फेस को लेकर कांग्रेस-टीवीके में बढ़ा विवाद

**चेन्नई।** तमिलनाडु में कांग्रेस और तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के बीच 2029 के लोकसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री पद के चेहरे पर मतभेद उभरते दिखाई दे रहे हैं। तमिलनाडु के मंत्री एस. राजेश कुमार ने रविवार को कहा कि कांग्रेस 2029 में राहुल गांधी को ही प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में समर्थन देगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि टीवीके राहुल गांधी की उम्मीदवारी का समर्थन नहीं करती है, तो कांग्रेस के दोनों मंत्री राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे देंगे। कन्याकुमारी में एक कार्यक्रम के दौरान राजेश कुमार ने कहा कि कांग्रेस अपने रुख से समझौता नहीं करेगी। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी देश के अगले प्रधानमंत्री बनेंगे। उनका कहना था कि 2029 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस राहुल गांधी को प्रधानमंत्री पद के चेहरे के तौर पर आगे रखेगी। तमिलनाडु सरकार में कांग्रेस की ओर से एस. राजेश कुमार के अलावा उच्च शिक्षा मंत्री पी. विश्वनाथन भी मंत्री हैं। राजेश कुमार ने संकेत दिया कि टीवीके के साथ गठबंधन में प्रधानमंत्री पद के चेहरे को लेकर असहमति बनी तो दोनों मंत्री अपने पद छोड़ने के लिए तैयार हैं। कांग्रेस के इस रुख से गठबंधन में तनाव बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। टीवीके के कई मंत्री, विधायक और नेता मुख्यमंत्री सी. जोसेफविजय को 2029 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री पद के संभावित उम्मीदवार के रूप में पेश करने की वकालत कर रहे हैं। ऐसे में राहुल गांधी और विजय के नाम को लेकर सहयोगी दलों के बीच मतभेद सामने आने लगे हैं। कांग्रेस का कहना है कि वह राहुल गांधी की उम्मीदवारी पर पीछे नहीं हटेगी, जबकि टीवीके के भीतर विजय को राष्ट्रीय राजनीति में आगे बढ़ाने की मांग जोर पकड़ रही है। 2029 का लोकसभा चुनाव अभी दूर है, लेकिन प्रधानमंत्री पद के चेहरे को लेकर सामने आया यह विवाद तमिलनाडु के सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए चुनौती बन सकता है। यदि दोनों दल अपने-अपने रुख पर कायम रहते हैं, तो सीट बंटवारे और चुनावी रणनीति से पहले ही गठबंधन की एकजुटता पर सवाल उठ सकते हैं। फिलहाल कांग्रेस ने राहुल गांधी को लेकर अपना रुख स्पष्ट कर दिया है।



## पश्चिम एशिया संकट के बीच पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत रही जीडीपी वृद्धि दर

नई दिल्ली (वार्ता)

पश्चिम एशिया संकट के बीच विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि पहली तिमाही में स्थिर मूल्य आधारित वास्तविक जीडीपी 7.8 प्रतिशत बढ़कर 81.36 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 75.46 लाख करोड़ रुपये था।पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी 6.9 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 8.6 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। वर्तमान मूल्य पर आधारित सांकेतिक जीडीपी की वृद्धि दर पहली तिमाही में 10.3 प्रतिशत बढ़कर 88.27 लाख करोड़ रुपये हो गयी। सकल घरेलू उत्पाद में यह वृद्धि रिजर्व बैंक के अनुमान से काफी अधिक है। केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने गत 05 अगस्त को समाप्त अपनी बैठक के बाद जारी बयान में कहा था कि पहली तिमाही में वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने की संभावना है। दूसरी, तीसरी और चौथी तिमाही में इसके क्रमशः 6.4 प्रतिशत, 6.5 प्रतिशत और 6.8 प्रतिशत पर रहने का अनुमान व्यक्त किया गया था। आरबीआई ने पूरे वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी के 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया है। पहली तिमाही में स्थिर मूल्य पर सकल पूंजी सृजन 11.9 प्रतिशत बढ़कर 27.96 लाख करोड़ रुपये रहा। यह एक साल पहले 5.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। इस दौरान सरकारी व्यय 8.55 लाख करोड़ रुपये और निजी व्यय 44.74 लाख करोड़ रुपये रहा। इनमें क्रमशः 4.3 प्रतिशत और 7.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्राथमिक क्षेत्र की वृद्धि दर 2.9 प्रतिशत दर्ज की गयी। इसमें कृषि, पशुपालन, वानिकी एवं मत्स्य उत्पादन क्षेत्र 3.6 प्रतिशत की दर से बढ़ा है जबकि खनन क्षेत्र में 2.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी। द्वितीयक क्षेत्र की वृद्धि दर 8.6 प्रतिशत ऊपर रही। इसमें विनिर्माण सेक्टर की वृद्धि दर 9.2 फीसदी, निर्माण की 7.7 फीसदी और बिजली, गैस, जलापूर्ति एवं अन्य यूटीलिटी सेवाओं की 8.9 प्रतिशत रही। तृतीयक या सेवा क्षेत्र में 10 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई। इसमें वित्तीय, रियल एस्टेट, घर का मालिकाना हक, आईटी तथा पेशेवर सेवाओं में 12.1 प्रतिशत और व्यापार, होटल, परिवहन, संचार एवं प्रसारण से जुड़ी सेवाओं तथा भंडारण में 8.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उत्पादक मूल्य सूचकांक और औद्योगिक उत्पादन सूचकांक की गणना में बदलावों के मद्देनजर वित्त वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक के जीडीपी के पूर्व में जारी आंकड़ों में बदलाव भी किये गये हैं। वित्त वर्ष 2025-26 की जीडीपी वृद्धि दर को 7.7 प्रतिशत से संशोधित कर 7.8 प्रतिशत कर दिया गया है।



# योग स्वस्थ जीवन जीने की है कला

## अशोका हॉल स्कूल में डिस्ट्रिक्ट योगासन चैंपियनशिप आयोजित, एथलीटों ने दिखाया दमखम

जबलपुर

अशोका हॉल स्कूल में जबलपुर डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2026 का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जबलपुर जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए 148 योग एथलीटों ने हिस्सा लिया और अपनी अद्भुत योग कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव दिग्विजय सिंह रहे। अध्यक्षता स्कूल की चेयरपर्सन श्रीमती अर्पिता मालपानी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जबलपुर डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश नेमा, एमपी योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव दिनेश सिंह ठाकुर और प्राचार्या आशिमा जॉन मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि दिग्विजय सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि लगन और कड़ी मेहनत से खिलाड़ी अपने खेल को शिखर पर ले जा सकते हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले योग एथलीटों को संस्कारधानी का गौरव बताया। प्रतियोगिता का समापन महाकौशल क्रीड़ा परिषद के संस्थापक डॉ. प्रशांत मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में हुआ, जहां विजेताओं को मेडल व पुरस्कार प्रदान किए गए। डॉ. मिश्रा ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन जीने की कला है, जो मन, बुद्धि और विचारों को नियंत्रित करना सिखाती है। प्रतियोगिता में सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग




के बालक-बालिकाओं और महिला-पुरुष प्रतिभागियों ने ट्रेडिशनल, आर्टिस्टिक सिंगल, आर्टिस्टिक पेयर और रिदमिक पेयर स्पधाओं में भाग लिया। कार्यक्रम में हितकारिणी विद्या परिषद के मंत्री जयेश राठौर, जेडीवायएसए उपाध्यक्ष नागेश राव, संभाग प्रभारी विवेक पाठक, रोटरी क्लब अध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंच संचालन कोच देवेंद्र मिश्रा ने किया तथा आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष रुक्मिणी राव ने किया।

### विजेता खिलाड़ी हुए पुरस्कृत

समापन अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाकौशल क्रीड़ा परिषद के संस्थापक डॉ प्रशांत मिश्रा की उपस्थिति में किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा सभी प्रथम ,द्वितीय ,तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को मेडल और पुरस्कार प्रदान किए गए । अपने अतिथि उद्बोधन में डॉ प्रशांत मिश्र ने कहा योग स्वस्थ जीवन जीने की कला है इससे साधन अपने मन बुद्धि और अहंकार पर काबू प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर एमपीवायएसए के महासचिव दिनेश सिंह ठाकुर,राकेश नेमा नागेश राव ,विवेक पाठक प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका चीफ जज रुक्मिणी राव,शिवम गुप्ता, देवेंद्र मिश्रा ,सोमनाथ ,शालिनी श्रीवास्तव,अंजना नसकर,दिव्य,प्रतिभा मेघा,शालिनी गिरी आराधना एवं कोच उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष रुक्मिणी राव ने किया।

### ट्रेडिशनल योगासन

सब-जूनियर गर्ल्स: प्रथम- अनुषा, द्वितीय- अवधि, तृतीय- अवंतिका
सब-जूनियर बॉयज: प्रथम- यश, द्वितीय- समक्ष, तृतीय- सोमनाथ
जूनियर गर्ल्स: प्रथम- मैथिली, द्वितीय- देशना, तृतीय- अन्वी
जूनियर बॉयज: प्रथम- आर्को, द्वितीय- शिवा, तृतीय- उत्सव
सीनियर गर्ल्स: प्रथम- रिया, द्वितीय- अनुषा, तृतीय- प्राची
सीनियर बॉयज: प्रथम- समर्थ, द्वितीय- कृष्णा, तृतीय- राजा

### रिदमिक पेयर योगासन

सब-जूनियर गर्ल्स: प्रथम- अवधि एवं मुस्कान
सब-जूनियर बॉयज: प्रथम- हार्दिक एवं यश
जूनियर गर्ल्स: प्रथम- अविका मिश्रा एवं दीपा लोधी
जूनियर बॉयज: प्रथम- आर्को नाशकार एवं प्रीत हांडा
सीनियर गर्ल्स: प्रथम- तनु एवं हिमांशी
सीनियर बॉयज: प्रथम- राजा पटेल एवं वासु अग्रहरि

### आर्टिस्टिक पेयर योगासन

सब-जूनियर गर्ल्स: प्रथम- आरुषि एवं अनुषा
सब-जूनियर बॉयज: प्रथम- सोमनाथ एवं अजिंक्य
जूनियर गर्ल्स: प्रथम- अविका मिश्रा एवं दीपा लोधी
जूनियर बॉयज: प्रथम- प्रीत हांडा एवं सिद्धेश अग्रवाल
सीनियर गर्ल्स: प्रथम- निष्ठा गोडबोले एवं अनुषा जायसवाल
सीनियर बॉयज: प्रथम- समर्थ कोचर एवं कृष्णा मिश्रा

### आर्टिस्टिक सिंगल योगासन

सब-जूनियर बॉयज: प्रथम- हर्ष सिंह, द्वितीय- कुणाल सहानी, तृतीय- सम्मुख सोनी
सब-जूनियर गर्ल्स: प्रथम- आरूषी गुप्ता, द्वितीय- रोशनी राय, तृतीय- आदित्री
जूनियर गर्ल्स: प्रथम- मैथिली, द्वितीय- देशना, तृतीय- मन्नत
जूनियर बॉयज: प्रथम- शिवा पटेल, द्वितीय- प्रणय साहू, तृतीय- सिद्धेश
सीनियर गर्ल्स: प्रथम- रिया, द्वितीय- प्राची, तृतीय- निष्ठा गोडबोले
सीनियर बॉयज: प्रथम- वासु अग्रहरि

# हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन में प्राचार्य डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मेजर ध्यानचंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। महाविद्यालय की प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में खेल के महत्व को बताया का किस प्रकार खेल द्वारा छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है। क्रीडा प्रभारी श्री राम रतन यादव एवं सह प्रभारी डॉ. रशिम शुक्ला ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाये जाने के कारणों पर चर्चा की तथा मेजर ध्यानचंद जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की उप-प्राचार्य डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में मेजर ध्यानचंद के बारे में सविस्तार से बताया तथा कहा कि हम खेल के द्वारा स्वयं को एक्टिव रख सकते हैं। छात्राओं द्वारा इंडोर गेम्स में कैरम, शतरंज तथा आउटडोर गेम्स में खो-खो एवं दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिताओ के आयोजन मे प्राची थावरे ,मेघा कुशवाहा ,अमृता विश्वकर्मा ,नशरा फिरदौस ,शिवानी सोनी ,शिखा मिश्रा, इषिता सेन, रिया कुषवाहा, निहालिका झारिया, सुहगा, सोनिया, अर्चना कुमारी का विशेष योगदान रहा। मंच संचालन बी.एड. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा अमृता विष्वकर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ. निधि माथुर ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की डॉ. निरुपमा पाठक, डॉ. अलका श्रीवास्तव, श्रीमती जया सामदेकर, ऋषभ भट्ट, लाइब्रेरियन श्रीमती ज्योति शर्मा एवं कार्यालयीन कर्मचारी नितिन साहू, शाश्वत गुप्ता, श्रीमती प्रेमलता चैबे, विजय दहायत, प्रीति नामदेव का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

# सराफा व्यापारी मित्र संघ मनाएगा कजलियां व वरिष्ठजन अभिनंदन समारोह

## 101 बुजुर्गों का किया जाएगा सम्मान

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

सराफा व्यापारियों के प्रतिष्ठित संगठन सराफा व्यापारी मित्र संघ परिवार द्वारा वर्षों की निष्ठा और समर्पित सेवा के सुखद पड़ाव पर आज 1 सितंबर शाम 6:30 बजे एक भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर समाज और व्यापार क्षेत्र में अपना अमूल्य योगदान देने वाले 101 बुजुर्ग व्यापारियों का भावभीना सम्मान किया जाएगा। यह आयोजन उखरी रोड स्थित अग्रवाल बारात घर में कजलियां मिलन एवं वरिष्ठ जन अभिनंदन समारोह के रूप में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुरेश औररी होंगे तथा अध्यक्षता पूर्व उपाध्यक्ष यतीश अग्रवाल करेंगे। समारोह के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, साथ ही आमंत्रित अतिथियों एवं व्यापारियों के लिए शानदार स्वरुचि भोज का आयोजन भी रखा गया है। आयोजन को ऐतिहासिक और सफल बनाने के



लिए सराफा व्यापारी मित्र संघ परिवार के सुशील मंगलाढाली, सुनील सोनी (एडवोकेट), राकेश आनंद डोले, संतोष देवांश, विजय सोहाने, कमलेश सराफ, संदीप नारायणदास, अमित सराफ, हर्षित अग्रवाल, लकी सोहाने, रूपेश मोहरी, सिद्धांत बबलू पाठक और अनूप अग्रवाल ने सभी सराफा व्यवसायियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# जबलपुर संभाग में 48 घंटे भारी बारिश का अलर्ट

## तापमान में गिरावट, मानसून की वापसी से मौसम हुआ सुहाना

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जबलपुर संभाग सहित आसपास के इलाकों में एक बार फिर मानसून सक्रिय हो गया है। उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे सटे पश्चिम बंगाल-उत्तरी ओडिशा तटों पर कम दबाव का क्षेत्र बनने से अगले 24 से 48 घंटों के भीतर संभाग के कई जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, कम दबाव के केंद्र से झारखंड और बिहार होते हुए उत्तर-पूर्वी उत्तर प्रदेश तक एक द्रोणिका (ट्रफ) बनी हुई है। इसके साथ ही अन्य मौसम प्रणालियों के सक्रिय होने से



महाकोशल और विंध्य अंचल में वर्षा की गतिविधियां तेज होंगी। मौसम विभाग ने जबलपुर संभाग के मंडला, डिंडौरी, सिवनी और बालाघाट के साथ-साथ सीधी, सिंगरौली, सतना, रीवा, मऊगंज और शहडोल जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं जबलपुर शहर में फिलहाल आंशिक बादल छाए रहने और हल्की बौछारें पड़ने की उम्मीद है। आज 1 सितंबर के बाद से जबलपुर में भी बारिश की रफ्तार बढ़ेगी और हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की जाएगी।

### सीजन में अब तक 47 प्रतिशत ही बारिश

इस वर्ष मानसून के देर से आने के कारण अब तक औसत से कम बारिश दर्ज की गई है। सीजन में अब तक कुल 617.3 मिमी बारिश हुई है, जो कि कुल औसत का महज 47 प्रतिशत है। जबकि पिछले वर्ष आज की तिथि तक 968 मिमी बारिश हो चुकी थी। हालांकि, मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि सितंबर माह में अच्छी बारिश से इस कमी की भरपाई हो सकती है। लगातार हो रही वर्षा और ठंडी हवाओं के चलते वातावरण में नमी बढ़ गई है। दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है। रविवार को जबलपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री कम होकर 27.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रातों में हल्की ठंडक महसूस होने लगी है और आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट आने के संकेत हैं।

# बुन्देली नृत्य ने बिखेरे लोकसंस्कृति के रंग

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

बुन्देलखण्ड की माटी की सुवास, लोकजीवन की सहज लय और परम्पराओं की सांस्कृतिक आभा जब नृत्य की भाव-भंगिमाओं में साकार हुई, तो बुन्देली लोकसंस्कृति के विविध रंग जीवंत हो उठे। बाल एवं युवा नर्तक-नृत्यांगनाओं ने मनोहारी बुन्देली नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से लोकपरम्पराओं, संस्कारों और अंचल की सांस्कृतिक समृद्धि का प्रभावी चित्र उपस्थित किया। गुंजन कला सदन द्वारा सरदार एच. एस. चौपरा स्मृति बुन्देली नृत्यश्री प्रतियोगिता का आयोजन डिसल्वा रतनशी स्कूल में किया गया। स्मृतिशेष डॉ. पूरनचंद श्रीवास्तव को समर्पित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। अतिथि के साथ चित्र पर पुष्पांजलि बाल कलाकार आद्या श्रीवास्तव के साथ



गौरीशंकर केशरवानी,गुरवचन सिंह चौपरा, लायन राजीव अग्रवाल, केशव जायसवाल, डॉ. झूमा वर्मा, सुरेश सराफ, हेमंत अरोरा, लायन नरेंद्र जैन, बलविंदर मान एवं नृत्य निदेशक मोती शिवहरे ने किया। अतिथियों ने कहा कि बुन्देली नृत्य हमारी समृद्ध लोकसंस्कृति की सशक्त अभिव्यक्ति है। नगर में अनेक प्रतिभाशाली नृत्य गुरु हैं, जिनसे प्रशिक्षित बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर गौरव बढ़ाया है। अतिथियों का स्वागत मोतियों की माला से हिमांशु तिवारी, सुनील श्रीवास्तव, विक्रम परवार, डॉ. रजनीश गर्ग, राजीव गुप्ता, विवेक सोनी, सारंग शिवहरे एवं प्रदीप जैन ने किया। इस अवसर पर लायन राजीव अग्रवाल सहित एड. अतुल श्रीवास्तव, लायन उमेश जैन एवं विजय जायसवाल ने विगत दिवस सम्पन्न 'किरण देवी अग्रवाल स्मृति चित्रकला प्रतियोगिता' के विजेता बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।समारोह में नाट्य कलाकार युक्तार्थ श्रीवास्तव की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संचालन राजेश पाठक 'प्रवीण' एवं मोती शिवहरे ने किया तथा आलोक पाठक ने आभार व्यक्त किया।समारोह में सुभाष जायसवाल,विमला श्रीवास्तव, नलिंकान्त वाजपेयी,ममता श्रीवास्तव आदि का सहयोग रहा।

# मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन 3 को

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व के अवसर पर संस्कारधानी की पहली मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन यादव कॉलोनी चौक पर 3 सितम्बर, गुरुवार को रात्रि 8 बजे से किया जा रहा है। आयोजक एवं भाजपा नगर महामंत्री रंजीत पटेल ने संस्कारधानी जबलपुर के सभी अखाड़ों के गोविंदाओं से मटकी फोड़ प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर आयोजित यह प्रतियोगिता श्रद्धा, उत्साह, उमंग और आपसी



भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने सभी संस्कारधानीवासियों से सपरिवार आयोजन में उपस्थित होकर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आनंद लेने की अपील की है। आयोजक ने सभी नागरिकों को कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया है।

# विहिप की बैठक में आगामी 6 माह की बनी रूपरेखा

## जन्माष्टमी पर ग्राम समितियों में मनेगा स्थापना दिवस



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) सिहोरा जिले की बैठक सिहोरा में आयोजित हुई। बैठक में संगठन के आगामी छह महीने के कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई और उनकी रूपरेखा तैयार की गई। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर ग्राम स्तर की समितियों में स्थापना दिवस के कार्यक्रम आयोजित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में संगठन के नए दायित्वों की भी घोषणा की गई। नीरज पटेल और मानस तिवारी को जिला सहसंयोजक, अमित बक्शी को जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख और मनीष साहू को धर्म प्रसार प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई। मझौली प्रखंड में समित सिंह को सहसंयोजक, साहिल कुशवाहा को गौ रक्षा प्रमुख और सचिन कुशवाहा को सह प्रमुख बनाया गया। नए दायित्वों की घोषणा जिला पालक चंद्रकांत मिश्रा, विभाग मंत्री महेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष पवन मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष विजय जनवानी और जिला मंत्री अर्जुन कुशवाहा की सहमति से की गई। जिला संयोजक कान्हा पांडे, सेवा प्रमुख अमित कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बैठक में मौजूद रहे। नई जिम्मेदारियां मिलने पर कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

# मेडिकल यूनिवर्सिटी के विखंडन के विरोध में उतरा एनएसयूआई

## मांगें पूरी न होने पर दी अनिश्चितकालीन प्रदर्शन की चेतावनी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी जबलपुर की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने, लंबित परीक्षाएं आयोजित कराने और परिणाम घोषित करने की मांग को लेकर 31 अगस्त 2026 को एनएसयूआई छात्र संगठन द्वारा राज्यपाल के नाम विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपा गया। संगठन के संस्थापक व अध्यक्ष गोपाल पाराशर ने आरोप लगाया कि नर्सिंग काउंसिल भोपाल और राज्य सरकार द्वारा नियम विरुद्ध फर्जी मान्यता बांटने के कारण मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबद्ध नर्सिंग कॉलेजों के छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। न्यायालय में मामला लंबित होने से ना तो परीक्षाएं हो पा रही हैं और ना ही परिणाम आ रहे हैं। 4 वर्ष का डिग्री कोर्स 6 वर्ष बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं हो सका है; यहाँ तक कि थर्ड ईयर का



रिजल्ट रुका हुआ है और फाइनल ईयर की परीक्षा तक आयोजित नहीं की गई है। गोपाल पाराशर ने कहा कि यूनिवर्सिटी की स्थापना के 15 वर्ष बाद भी यहाँ लगभग 90 प्रतिशत स्थाई कर्मचारियों के पद खाली पड़े हैं, जिससे प्रशासनिक कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। इसके बावजूद सरकार विश्वविद्यालय की व्यवस्थाएं सुधारने के बजाय इसके विखंडन और इसे उज्जैन स्थानांतरित करने की कोशिश कर रही है। संगठन ने मांग की कि जबलपुर की पहचान बन चुकी इस यूनिवर्सिटी को स्थानांतरित करने के प्रयासों पर तुरंत रोक लगाई जाए, क्योंकि इससे क्षेत्र के हजारों परिवारों का रोजगार जुड़ा हुआ है। साथ ही, मांग की गई कि नर्सिंग और पैरामेडिकल कॉलेजों को क्षेत्रीय यूनिवर्सिटीज से हटाकर पुन: जबलपुर मेडिकल यूनिवर्सिटी से जोड़ा जाए, ताकि छात्रों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त डिग्री मिल सके। एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि यदि ज्ञापन पर त्वरित और उचित कार्रवाई नहीं की गई तो विश्वविद्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा, जबलपुर और संपूर्ण महाकौशल क्षेत्र की जनता को जागरूक कर आगामी चुनावों में सरकार के बहिष्कार और इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाने की घोषणा की गई। ज्ञापन सौंपते समय नीलम, रुबीना, पूजा, शीतल सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# गणित की गलतियों से घबराएं नहीं, सीखने की सीढ़ी बनाएं

गणित केवल अंकों और सूत्रों का विषय नहीं है। यह तर्क, समझ और समस्या-समाधान की भाषा है। गणित सीखते समय बच्चों से छोटी-छोटी गलतियां होना स्वाभाविक है। कभी अंक उलट जाते हैं, कभी कोई चरण छूट जाता है तो कभी सही तरीका जानते हुए भी गलत उत्तर आ जाता है। ऐसी गलतियों को बच्चे की कमजोरी मानने के बजाय सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा समझना चाहिए।




### स्थान-मूल्य की उलझन दूर करें

दहाई और इकाई को लेकर भ्रम बच्चों की सामान्य गलतियों में शामिल है। 23 को 32 लिख देना या किसी अंक के स्थान का मूल्य न समझ पाना इसी का उदाहरण है। इसे दूर करने के लिए संख्या रेखा, चित्र, वस्तुओं के माध्यम से संख्या बनवाएं। बच्चों से पूछें 42 में 4 का क्या महत्व है? इससे संख्या की संरचना समझने में मदद मिलेगी।

### जल्दबाजी नहीं, पहले सटीकता

कई बार बच्चे जल्दी उत्तर देने के चक्कर में चिह्न या कोई चरण छोड़ देते हैं। इसलिए उन्हें हर समाधान का तरीका लिखने और उत्तर देने के बाद दोबारा जांच करने की आदत डालनी चाहिए। शुरुआत में गति के बजाय सही प्रक्रिया और सटीकता पर ध्यान देना अधिक जरूरी है।

### सवाल समझें, फिर गणना करें

शब्द-प्रश्नों में बच्चे अक्सर संख्याओं को देखकर तुरंत जोड़ या घटाव शुरू कर देते हैं। उन्हें पहले प्रश्न को ध्यान से पढ़ने और यह पहचानने के लिए प्रेरित करें कि वास्तव में पूछा क्या गया है। प्रश्न को अपने शब्दों में दोहराना, महत्वपूर्ण शब्दों को रेखांकित करना और जरूरत पड़ने पर चित्र बनाना काफी मददगार हो सकता है।

### संख्याओं की समझ मजबूत करें

केवल नियम याद करने के बजाय बच्चों को संख्याओं के बीच संबंध समझाना जरूरी है। संख्या रेखा के माध्यम से बड़ी-छोटी संख्याओं, धनात्मक-ऋणात्मक संख्याओं और दूरी को समझाया जा सकता है। सवाल पूछें तुम्हें कैसे पता कि यह संख्या बड़ी है? इससे बच्चों में तर्क करने की आदत विकसित होगी।

### गणितीय नियमों को रटने के बजाय समझें

'कैरी', 'उधार', चिह्नों और अन्य नियमों को केवल याद कराने से गलतियां दोहराई जा सकती हैं। इनके पीछे की प्रक्रिया को चित्र, वस्तुओं और सरल उदाहरणों से समझाना अधिक प्रभावी होता है। जब बच्चे समझकर नियम का प्रयोग करते हैं, तो उनकी गलतियां धीरे-धीरे कम होती हैं।

### गलती को अवसर बनाएं

गणित में गलती होने पर बच्चे को डांटने के बजाय उससे पूछें यहां गलती क्यों हुई? और अगली बार इसे कैसे सही करेंगे? ऐसा वातावरण बच्चों में आत्मविश्वास पैदा करता है। शिक्षक और अभिभावक यदि गलत उत्तर को सीखने का अवसर बनाएं, तो बच्चे गणित से डरने के बजाय उसे समझने और चुनौती की तरह लेने लगेंगे।

## खेल-खेल में सीखें पहाड़े, गणित को बनाएं मजेदार



गुणा के पहाड़े और गुणा के तथ्य याद करना कई बच्चों को कठिन लगता है। लेकिन यदि सीखने की प्रक्रिया को खेल और प्रतियोगिता से जोड़ दिया जाए, तो बच्चे बिना दबाव के तेजी से सीख सकते हैं। घर पर उपलब्ध सामान्य वस्तुओं की मदद से कई ऐसे खेल खेले जा सकते हैं, जो बच्चों की गणना क्षमता, एकाग्रता और आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक होते हैं।

### मल्टिप्लिकेशन स्नैप कार्ड गेम

इस खेल के लिए साधारण ताश की गड्डी चाहिए। तस्वीर वाले पत्ते अलग कर दें और बाकी पत्तों को दो खिलाड़ियों में बांट दें। दोनों खिलाड़ी एक साथ एक-एक पत्ता खोलेंगे। जो खिलाड़ी दोनों संख्याओं का गुणा करके सबसे पहले सही उत्तर बताएगा, वह दोनों पत्ते अपने पास रख लेगा। अंत में जिसके पास सबसे अधिक पत्ते होंगे, वह विजेता होगा।

### दो हाथों का गुणा खेल

यह खेल कहीं भी खेला जा सकता है और इसके लिए केवल दो खिलाड़ियों की जरूरत होती है। दोनों बच्चे तीन, दो, एक बोलकर एक या दोनों हाथों की उंगलियां सामने करेंगे। दोनों हाथों से बनी संख्याओं को गुणा करना होगा। जो बच्चा सबसे पहले सही उत्तर बताएगा, उसे एक अंक मिलेगा। 20 अंक तक पहुंचने वाला खिलाड़ी विजेता घोषित किया जा सकता है।

### पासे से गुणा सीखें

इस खेल में दो पासों की आवश्यकता होगी। दोनों पासे फेंकें और आए अंकों को किसी निश्चित संख्या से गुणा करें। जैसे 9 का पहाड़ा सीख रहे हैं तो पासे पर आए अंक को 9 से गुणा करें। वर्गों का अभ्यास करना हो तो आए अंक का उसी से गुणा करें।

## वैदिक गणितः प्राचीन ज्ञान से आधुनिक शिक्षा तक का सफर


भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा अपनी वैज्ञानिक सोच, तर्कशक्ति और व्यावहारिक दृष्टिकोण के लिए प्रसिद्ध रही है। इसी समृद्ध परंपरा की महत्वपूर्ण देन है वैदिक गणित। यह गणना को सरल, तेज और रोचक बनाने वाली ऐसी पद्धति है, जो विद्यार्थियों को केवल उत्तर निकालना नहीं सिखाती, बल्कि सोचने और समस्या को हल करने का नया तरीका भी देती है। आज जब शिक्षा में तर्क, नवाचार और कौशल विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है, तब वैदिक गणित की उपयोगिता और बढ़ जाती है।

### 16 सूत्रों में गणना का सरल संसार

वैदिक गणित की आधुनिक लोकप्रिय प्रस्तुति 16 मुख्य सूत्रों और 13 उपसूत्रों पर आधारित है। इनकी सहायता से जोड़, घटाव, गुणा, भाग, वर्ग, वर्गमूल तथा अन्य गणनाओं को अपेक्षाकृत तेजी से करने की तकनीकें सीखी जा सकती हैं। खास बात यह है कि विद्यार्थी गणना के पारंपरिक तरीके के साथ-साथ मानसिक गणना और पैटर्न पहचानने की क्षमता भी विकसित कर सकते हैं।

### प्रतियोगी परीक्षाओं में उपयोगी कौशल

आज बैंकिंग, रेलवे, रक्षा, इंजीनियरिंग प्रवेश और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में गणित के प्रश्नों को कम समय में हल करना महत्वपूर्ण होता है। वैदिक गणित की कुछ तकनीकें विद्यार्थियों को मानसिक गणना, संख्या-पैटर्न और त्वरित गणना में दक्ष बनाने में मदद कर सकती हैं। इससे समय बचाने के साथ गणित के प्रति आत्मविश्वास भी बढ़ सकता है।




### गणित के डर को कम करने की कोशिश

कई विद्यार्थियों को लंबी गणनाएं और कठिन लगने वाले प्रश्न गणित से दूर कर देते हैं। वैदिक गणित की रोचक विधियां ऐसे विद्यार्थियों के लिए गणना को खेल जैसा अनुभव दे सकती हैं। छोटी-छोटी युक्तियों और पैटर्न के माध्यम से जब विद्यार्थी किसी प्रश्न को अलग तरीके से हल करते हैं, तो उनमें जिज्ञासा बढ़ती है। इससे गणित के प्रति रुचि विकसित करने में सहायता मिलती है।

### तर्कशक्ति और समस्या-समाधान क्षमता


आधुनिक शिक्षा का उद्देश्य केवल पाठ्यपुस्तक का ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में विश्लेषणात्मक सोच, तार्किक क्षमता और समस्या-समाधान कौशल विकसित करना भी है। वैदिक गणित में पैटर्न पहचानने और मानसिक गणना पर जोर होने के कारण यह इन कौशलों के अभ्यास का एक उपयोगी माध्यम बन सकता है।

### नई शिक्षा नीति और भारतीय ज्ञान परंपरा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारतीय ज्ञान परंपरा से विद्यार्थियों को परिचित कराने और सीखने को अधिक कौशल-आधारित बनाने पर जोर देती है। इस दृष्टि से वैदिक गणित को स्कूलों में अनिवार्य विषय बनाने के बजाय पूरक गतिविधि, कार्यशाला या गणितीय अभ्यास के रूप में शामिल किया जा सकता है। इससे विद्यार्थी भारतीय गणितीय परंपरा से परिचित होने के साथ आधुनिक गणित का अभ्यास भी कर सकेंगे।

### पूरक बने, विकल्प नहीं

यह समझना जरूरी है कि वैदिक गणित को आधुनिक गणित का विकल्प नहीं माना जाना चाहिए। आधुनिक गणित में अवधारणाओं, प्रमाणों और सिद्धांतों की गहरी समझ आवश्यक है, जबकि वैदिक गणित की तकनीकें मुख्यतः तेज और मानसिक गणना में सहायक हो।



संगीता राज

**शिक्षक**
**केसी हितकारिणी चिल्ड्रन्स एकेडमी, जोंसगंज, जबलपुर।**

## संख्या नहीं, संदर्भ भी समझें

आज हम हर दिन आंकड़ों से घिरे रहते हैं। परीक्षा के प्रतिशत, क्रिकेट के रन, मौसम का तापमान, सर्वेक्षण के परिणाम, जनसंख्या के आंकड़े और ऑनलाइन प्लेटफ ॉर्म के आंकड़े हर जगह डेटा दिखाई देता है। लेकिन किसी आंकड़े को देखकर तुरंत निष्कर्ष निकाल लेना हमेशा सही नहीं होता। आंकड़ों को समझने के लिए उनके स्रोत, संदर्भ और प्रस्तुत करने के तरीके को जानना जरूरी है।

किसी भी आंकड़े पर विश्वास करने से पहले यह देखना चाहिए कि वह कहां से आया है। क्या इसे किसी सरकारी संस्था, शैक्षणिक संस्थान या विश्वसनीय संगठन ने जारी किया है? सोशल मीडिया की किसी पोस्ट या बिना स्रोत वाले संदेश में दिए आंकड़ों को तुरंत सही मान लेना गलत हो सकता है।


प्रतिशत कई बार वास्तविक तस्वीर को अलग तरीके से प्रस्तुत कर सकता है। उदाहरण के लिए, किसी वस्तु की कीमत में 50 प्रतिशत वृद्धि सुनकर यह बड़ी वृद्धि लग सकती है, लेकिन यह जानना भी जरूरी है कि कीमत पहले कितनी थी। इसी तरह किसी सर्वेक्षण में 80 प्रतिशत लोगों की सहमति बताई जाए, तो यह देखना चाहिए कि सर्वेक्षण में कुल कितने लोगों को शामिल किया गया था।

ग्राफऔर चार्ट आंकड़ों को समझना आसान बनाते हैं, लेकिन उनका गलत उपयोग भ्रम पैदा कर सकता है। ग्राफका पैमाना कहां से शुरू हो रहा है, इकाइयां क्या हैं और दोनों अक्षों पर क्या दिखाया गया है इन बातों पर ध्यान देना जरूरी है। केवल ग्राफकी ऊंचाई देखकर निष्कर्ष निकालने के बजाय वास्तविक संख्याओं को भी देखना चाहिए।

दो आंकड़ों की तुलना करते समय यह जरूरी है कि दोनों का आधार समान हो। उदाहरण के लिए, दो शहरों की जनसंख्या की तुलना करते समय केवल कुल संख्या देखना पर्याप्त नहीं है। क्षेत्रफल, जनसंख्या घनत्व और समयावधि जैसी जानकारी भी महत्वपूर्ण हो सकती है। सही तुलना के लिए समान इकाई और समान अवधि का उपयोग करना चाहिए।

कोई भी संख्या अपने आप में पूरी जानकारी नहीं देती।

## सुबह की शुरुआत से रात तक गणित का साथ




गणित केवल विद्यालय में पढ़ाया जाने वाला विषय नहीं है, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है। सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक हमारे अनेक कार्य किसी न किसी रूप में गणित से जुड़े होते हैं। समय देखना, पैसे गिनना, सामान खरीदना, दूरी मापना, भोजन बनाने के लिए सामग्री की मात्रा तय करनाकृइन सभी कामों में गणित की आवश्यकता पड़ती है। इसलिए गणित हमारे जीवन को व्यवस्थित, सरल और सटीक बनाने का महत्वपूर्ण साधन है।

### बाजार में हर खरीदारी का हिसाब

बाजार में गणित का उपयोग सबसे आसानी से दिखाई देता है। किसी वस्तु की कीमत जानना, कुल खर्च निकालना, दुकानदार को पैसे देना और वापस मिलने वाली राशि की गणना करना इन सभी में जोड़, घटाव और गुणा का प्रयोग होता है। यदि किसी वस्तु पर छूट मिल रही हो, तो प्रतिशत के माध्यम से यह पता लगाया जा सकता है कि वस्तु वास्तव में कितने रुपये में मिलेगी।

### समय प्रबंधन में गणित की भूमिका

घड़ी देखकर समय जानना भी गणित का ही एक उपयोग है। विद्यालय या किसी अन्य स्थान पर समय पर पहुंचने के लिए हमें यात्रा में लगने वाले समय की गणना करनी पड़ती है। घंटे, मिनट, दिन, सप्ताह, महीने और वर्ष जैसी समय की इकाइयां भी गणितीय व्यवस्था का हिस्सा हैं। विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई, खेल और आराम का समय निर्धारित करने में भी गणितीय सोच उपयोगी होती है।

### घर बनाने और सजाने में गणित

घर के निर्माण में लंबाई, चौड़ाई, क्षेत्रफ ल और आयतन जैसी गणितीय अवधारणाओं का उपयोग होता है। कमरे का क्षेत्रफल निकालकर फर्श पर लगने वाली टाइलों की संख्या का अनुमान लगाया जाता है। दीवारों पर पेंट की मात्रा, फर्नीचर के लिए उपलब्ध जगह और कमरे में सामान रखने की क्षमता का आकलन भी गणित की सहायता से किया जा सकता है।

### विद्यार्थियों के लिए क्यों जरूरी है गणित ?

गणित विद्यार्थियों में तर्कशक्ति, समस्या-समाधान क्षमता, एकाग्रता और सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है। गणितीय पहेलियां और प्रश्न हल करने से सोचने की क्षमता मजबूत होती है। आगे चलकर इंजीनियरिंग, विज्ञान, कंप्यूटर, बैंकिंग, व्यापार और अनेक क्षेत्रों में गणित का ज्ञान उपयोगी साबित होता है।




कंचन बलैया

**शिक्षक**
**आदर्श हितकारिणी चिल्ड्रन एकेडमी गोविंदगंज, जबलपुर।**




## शब्द पहेली - 8962




### बाएँ से दाएँ

1. ध्वज, पताका-2
4. वहम, संदेह-2
6. दलहन-2
7. खाली, रिक्त-2
9. रसूल, अल्लाह-3
12. अभिनेत्री मुनमुन सेन की पुत्री का सिर्फ नाम-3
14. सिवाय, बगैर-3
16. इराक की राजधानी-4
17. समधी की पत्नी-4
18. पीसना, महीन करना-3
20. उष्ण, गर्म-3
22. उत्तम, विष्णु अवतार-3
24. परत, तह-2
26. खेती-2
27. अधर, होठ-2
28. ताऊ की पत्नी, बड़ी मां-2

### ऊपर से नीचे

1. जल प्रपात-3
2. आईल-2
3. हूर, अप्सरा-2
5. सूक्ति, वाणी, शब्द-3
6. पिता के पिता-2
8. स्टार, सितारा-2
10. रोचक, सुंदर, मनोहारी-5
11. शीतलता, मुठभेड़-2
13. सतरंगा, शंकर धनुष-5
14. सिर्फ एक, एकमात्र-3
15. हवस, कामेच्छा-3
19. लाख-2
20. जहर, विष-3
21. आनंदित, मनमौजी-2
22. मुनि, साधू-2
23. अच्छाई, सदाशयता-3
25. सुरक्षा-2
26. कीड़ा, कीट-2

### शब्द पहेली -8961 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

स्वतंत्र मत
जबलपुर



# बांधवगढ़ में जंगली सुअर के अवैध शिकार प्रकरण में की गई प्रभावी कार्रवाई

उमरिया (स्वतंत्रमत)

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व अंतर्गत वन्यजीव अपराधों की रोकथाम एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा निरंतर गश्त, निगरानी एवं सूचना तंत्र को सक्रिय रखते हुए प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में वन परिक्षेत्र मानपुर बफर अंतर्गत ग्राम बिजौरी के पटपरहा टोला में जंगली सुअर के अवैध शिकार एवं उसके मांस के उपयोग के संबंध में प्राप्त सूचना पर बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के वन परिक्षेत्र मानपुर की टीम द्वारा कार्रवाई की गई। दिनांक 28.08.2026 को वन विभाग को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बिजौरी के पटपरहा टोला क्षेत्र में कुछ व्यक्तियों द्वारा जंगली सुअर का अवैध शिकार कर उसके मांस को पकाने की तैयारी की जा रही है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए वन परिक्षेत्र अधिकारी, मानपुर



बफर के निर्देशन में वन परिक्षेत्र मानपुर बफर के वन अमले द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित स्थान पर दबिश दी गई। मौके से विनोद बैगा, प्रेमलाल बैगा एवं छल्लु बैगा को पकड़ा गया तथा प्रकरण में नियमानुसार पूछताछ एवं जांच की कार्रवाई प्रारंभ की गई। मौके के निरीक्षण एवं तलाशी के दौरान पकाया हुआ मांस, हँसिया, कढ़ाई, अन्य बर्तन तथा खून लगी हुई बोरी सहित अन्य महत्वपूर्ण सामग्री बरामद कर विधिवत जब्ती की गई। जब्त सामग्री को प्रकरण में महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में सुरक्षित किया गया। प्रकरण की गंभीरता एवं आरोपियों से प्राप्त जानकारी के आधार पर दिनांक 29.08.2026 को डॉग स्क्वाड की सहायता से उन स्थानों पर गहन तलाशी एवं सर्च ऑपरेशन चलाया गया, जिनकी जानकारी आरोपियों द्वारा पूछताछ के दौरान दी गई थी। चिन्हित स्थानों की विधिवत तलाशी लेने पर एक अन्य स्थान से जंगली सुअर के दाँत एवं बाल बरामद हुए। इन सामग्रियों को भी नियमानुसार जब्त कर प्रकरण की विवेचना में शामिल किया गया। जांच के दौरान पूर्व में पकड़े गए तीन आरोपियों से प्राप्त कथनों एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उधेलाल बैगा एवं मुकेश चौधरी से भी पूछताछ की गई तथा प्रकरण में उनकी भूमिका के संबंध में विस्तृत जांच की गई। इस प्रकार प्रकरण में कुल पाँच व्यक्तियोंकृविनोद बैगा, प्रेमलाल बैगा, छल्लु बैगा, उधेलाल बैगा एवं मुकेश चौधरीकृके विरुद्ध वन्यजीव अपराध से संबंधित वैधानिक कार्रवाई की गई।

# रामभूषण कुंज आश्रम विकटगंज में 4 सितंबर को मनेगा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

उमरिया (स्वतंत्रमत)

शहपुरा रोड स्थित श्री रामभूषण कुंज आश्रम, बिकटगंज उमरिया (शाखा खजुरीताल) में महंत स्वामी श्री गुरुप्रसन्न दास जी महाराज जी के पावन सान्निध्य में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का भव्य आयोजन 4 सितंबर को किया जाएगा। इस अवसर पर आश्रम में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा।

सनातन धर्म में भगवान श्रीकृष्ण की जन्माष्टमी का विशेष धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व है। भगवान श्रीकृष्ण ने भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि, रोहिणी नक्षत्र में देवकी और वसुदेव के पुत्र के रूप में अवतार लेकर अधर्म के बढ़ते प्रभाव को समाप्त करने तथा धर्म की स्थापना का संदेश दिया। उमरिया आश्रम के अधिकारी जी स्वामी श्री अयोध्या दास जी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन प्रेम, करुणा, भक्ति, नीति, कर्म और धर्म का अद्भुत संगम है। भगवान श्रीकृष्ण ने अपने जीवन के माध्यम से संसार को च्धर्म की रक्षा, सत्य का पालन और निष्काम कर्मज्ञ का संदेश दिया। उनका गीता उपदेश आज भी मानव जीवन के लिए मार्गदर्शक है। जन्माष्टमी केवल भगवान के जन्म का उत्सव नहीं, बल्कि अपने जीवन में भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को उतारने का पावन




अवसर भी है। आश्रम में आयोजित होने वाले जन्माष्टमी महोत्सव को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह है। इस अवसर पर भजन-कीर्तन, श्रीकृष्ण कथा, पूजा-अर्चना, धार्मिक कार्यक्रम एवं भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का आयोजन श्रद्धापूर्वक किया जाएगा।

महंत स्वामी श्री गुरुप्रसन्न दास जी महाराज ने उमरिया जिले सहित आसपास के सभी श्रद्धालु भक्तों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में बिकट गंज आश्रम पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव में सहभागी बनें और प्रभु की भक्ति एवं कृपा का लाभ प्राप्त करें।कार्यक्रम रात्रि 8 बजे से 1 बजे तक चलेगा। भगवान श्रीकृष्ण के पावन जन्मोत्सव पर प्रेम, भक्ति और धर्म का दीप जलाएं तथा श्रीकृष्ण के संदेश को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लें।

## पीडब्ल्यूडी के पुराने रेस्ट हाउस के स्थान पर नवीन सुविधायुक्त विश्राम गृह बनाया जाएगा

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** । मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शासकीय संस्थाओं तथा परिसंपित्तयों के निरीक्षण के दौरान गत दिवस



कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने उमरिया जिला मुख्यालय में पीडब्ल्यूडी के पुराने रेस्ट हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि उमरिया में सर्व सुविधायुक्त नवीन विश्राम गृह की आवश्यकता है। पीडब्ल्यूडी विभाग व्दारा जारी नवीन दिशा निर्देशों के अनुसार आम जन पीडब्ल्यूडी के विश्राम गृहों को ऑनलाइन बुक कर सकते है। बांधवगढ नेशनल पार्क आने वाले पर्यटकों के रूकने के लिए भी विश्राम गृह मददगार साबित होगा। साथ ही विशिष्ट अतिथियों, जनप्रतिनिधियों तथा शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों के लिए भी यह रूकने का स्थान बन सकेगा। कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुराने रेस्ट हाउस के स्थान पर सुविधायुक्त विश्राम गृह बनानें की कार्य योजना एक सप्ताह में प्रस्तुत करें ताकि उसे शासन स्तर को प्रेषित कर स्वीकृत कराने की कार्यवाही की जा सके।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह से गैर हाजिर रहने वाले 19 कर्मचारियों को एसडीएम ने दिया एक दिन का वेतन काटने के आदेश

उमरिया (स्वतंत्रमत)

स्वतंत्रता दिवस के सरकारी कार्यक्रम में अनुपस्थित रहना पाली तहसील के 19 कर्मचारियों और पटवारियों को भारी पड़ गया। तहसील परिसर में 15 अगस्त को आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई की है। अनुविभागीय अधिकारी पाली मीनाक्षी बंजारे ने संबंधित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन अवैतनिक करने के आदेश जारी किए हैं।

जानकारी के अनुसार, हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 15 अगस्त को तहसील पाली परिसर में स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में तहसील कार्यालय में पदस्थ सभी पटवारियों और कर्मचारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद कई कर्मचारी कार्यक्रम में मौजूद नहीं रहे। मामले की जानकारी सामने आने के बाद एसडीएम कार्यालय ने तहसीलदार पाली से अनुपस्थित कर्मचारियों की जानकारी मांगी।

तहसीलदार की ओर से भेजी गई रिपोर्ट में 19 कर्मचारियों और पटवारियों के कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने की जानकारी दी गई। इसके बाद संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर अनुपस्थिति के संबंध में जवाब मांगा गया। प्रशासन के मुताबिक कर्मचारियों और पटवारियों की ओर से दिए गए जवाब संतोषजनक नहीं पाए गए। जवाब से संतुष्ट नहीं होने के बाद एसडीएम मीनाक्षी बंजारे ने मामले में कार्रवाई करते हुए सभी संबंधित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन अवैतनिक करने के निर्देश दिए हैं। कार्रवाई की जद में सहायक वर्ग-3, कंप्यूटर ऑपरेटर, खंड लेखक, भृत्य और पटवारी शामिल हैं।

जारी आदेश में शांति पनिका, आशीष सोनी, सत्यप्रकाश वर्मा, राघवेन्द्र सोनी, राजकुमार गुप्ता, सिमरन प्रजापति, सावित्री कुशवाहा, धेनू प्रजापति, कन्हैयालाल पनिका, महेश पटेल, गोरेलाल सिंह, गुडिया बैगा, शिवेन्द्र सिंह, सूर्य प्रकाश सिंह, लक्ष्मी तिवारी, रावेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, कुलदीप द्विवेदी, सुजीत तिवारी और अभिषेक त्रिपाठी के नाम शामिल हैं। प्रशासन की इस कार्रवाई से तहसील कार्यालय में हड़कंप की स्थिति है। स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व के कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने पर की गई कार्रवाई को शासकीय अनुशासन के प्रति प्रशासन की सख्ती के तौर पर देखा जा रहा है। आदेश के बाद संबंधित कर्मचारियों के वेतन से एक दिन की राशि काटी जाएगी।

## जंगली हांथी पहुंचा कसे फसलों को पहुंचा रहा नुकसान

**उमरिया (स्वतंत्रमत)**। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पतौर परिक्षेत्र स्थित कसेरु गांव में पिछले तीन दिनों से जंगली हाथी की आवाजाही देखी जा रही है। यह हाथी जंगल से निकलकर खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, टेढ़े दांत वाला यह हाथी जंगल



से गांव की ओर आता है और फसलों को क्षति पहुंचाता है। रविवार रात को भी हाथी कसेरु गांव के पास खेतों में घुस गया और फसलों को नुकसान पहुंचाया। हाथी की लगातार उपस्थिति से ग्रामीणों में चिंता का माहौल है। वन विभाग की टीम लगातार हाथी की निगरानी कर रही है। टीम की सक्रियता के कारण हाथी को गांव के भीतर आने से पहले ही जंगल की ओर खदेड़ दिया जाता है। वन विभाग ने बताया कि अब तक हाथी ने बड़े पैमाने पर फसलों को नुकसान नहीं पहुंचाया है। पतौर परिक्षेत्र बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में आता है, जिसके कारण यहां जंगली हाथियों की आवाजाही अधिक रहती है। वन विभाग हाथियों के झुंड के साथ-साथ अकेले घूमने वाले हाथियों पर भी विशेष नजर रखता है।

## आदिवासी बच्चो मौत पर कांग्रेस का प्रदर्शन, जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की उच्चस्तरीय जांच और गैर-इरादतन हत्या सहित उचित धाराओं में एफआईआर करे शासन: श्याम पंजवानी

बालाघाट

बैहर-बिरसा क्षेत्र में लगभग 29 बच्चों की मौत के मामले को लेकर शहर कांग्रेस ने सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय से विशाल रैली निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया। सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में संबंधित अधिकारियों के पुतले लेकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जिला चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पहुंचे। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन कर सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद पुतला दहन कर आक्रोश जताया गया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्याम पंजवानी ने कहा कि 29 बच्चों की मौत का मामला बेहद गंभीर है और



इसे महज आंकड़ा मानकर दबाया नहीं जा सकता। कांग्रेस ने मांग की कि पूरे मामले की स्वतंत्र एवं उच्चस्तरीय जांच कराकर प्रत्येक स्तर पर जिम्मेदारी तय की जाए तथा जांच में दोष सिद्ध होने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कानून के अनुसार गैर-इरादतन हत्या सहित उचित आपराधिक धाराओं में एफआईआर दर्ज की जाए। पंजवानी ने आरोप लगाया कि जून 2025 में डॉ. परेश उपलव मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी के रहते बैहर-बिरसा क्षेत्र में पदस्थ रहने के दौरान ट्राइबल क्षेत्र में कार्यरत पैरामेडिकल स्टाफ का स्थानांतरण गैर-ट्राइबल क्षेत्र में किया गया। कांग्रेस का कहना है कि नियमानुसार रिलीवर की व्यवस्था होने तक कर्मचारियों को कार्यमुक्त नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन यदि कर्मचारियों को बिना रिलीवर के कार्यमुक्त किया गया है तो यह गंभीर प्रशासनिक चूक का विषय है। कांग्रेस ने मांग की कि स्थानांतरण आदेश, कार्यमुक्ति आदेश, रिलीवर की व्यवस्था, संबंधित अधिकारियों की नोटशीट तथा पूरी प्रशासनिक प्रक्रिया की जांच कराई जाए। यदि जांच में नियमों की अनदेखी, प्रशासनिक लापरवाही अथवा किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। श्याम पंजवानी ने कहा कि डॉ. परेश उपलव के टीकाकरण अधिकारी रहते हुए क्षेत्र में बच्चों के टीकाकरण की वास्तविक स्थिति की जांच होना जरूरी है। उन्होंने सवाल उठाया कि कितने बच्चों को वास्तव में वैक्सीन लगी, किस तारीख को लगी, किस टीकाकरण केंद्र पर लगी और उसका रिकॉर्ड क्या है। उन्होंने मांग की कि टीकाकरण रजिस्टर, वैक्सीन की उपलब्धता एवं उपयोग, लाभार्थियों की सूची तथा बच्चों के वास्तविक सत्यापन की जांच की जाए। यदि कहीं रिकॉर्ड में टीकाकरण पूर्ण दर्शाया गया हो लेकिन जमीनी स्तर पर टीकाकरण नहीं हुआ हो, तो इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए जिम्मेदारी तय की जाए। कांग्रेस ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी देवेंद्र सनद्रायल की भूमिका की भी जांच की मांग की। पंजवानी ने कहा कि बच्चों को वितरित किए गए पोषण आहार की गुणवत्ता, मात्रा, वितरण व्यवस्था और पूरी सप्लाई चेन की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि जांच में पोषण आहार की गुणवत्ता में गंभीर अनियमितता अथवा कर्तव्य में लापरवाही सामने आती है और उसका बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव प्रमाणित होता है, तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय कर कठोर कार्रवाई की जाए। कांग्रेस ने पीएचई अधिकारी बी.एल. उईके की भूमिका की भी जांच की मांग की। कांग्रेस का आरोप है कि जल-नल योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में यदि लापरवाही हुई है तो इसकी वजह से क्षेत्र के आदिवासी परिवारों को असुरक्षित अथवा दूषित पानी पीने की स्थिति का सामना करना पड़ा हो सकता है।

## आयुष्मान कार्ड बनानें में विलंब करने वाले जिम्मेंदार व्यक्तियों के वेतन काटे : कलेक्टर

उमरिया (स्वतंत्रमत)

कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समय सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण कराएं। आगामी 3 सितंबर को करकेली विकासखंड अंतर्गत चंदिया में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर आयोजन किया जाएगा। शिविर आयोजन से पूर्व संबंधित क्षेत्र की शिकायतों का तत्परता से निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों का नियमित भ्रमण कर खाद्यान्न वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होने आयुष्मान कार्ड बनाने की कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्ड बनाने वाले जिम्मेदार व्यक्तियों के वेतन काटे जाने के निर्देश सीएमएचओ को दिए। कलेक्टर ने विद्यालय परिसर में जीर्ण शीर्ण भवनों को तत्काल डिस्मेंटल करने के निर्देश विभागीय अधिकारियो को दिए। उन्होने शहरी क्षेत्र में नालियों की नियमित साफ सफाई के निर्देश देते हुए कहा कि जिन वार्डो में नालियां नहीं है वहां नाली निर्माण के प्रस्ताव बनाएं। कलेक्टर ने जल निगम के कार्यो के विलंब पर नाराजगी व्यक्त की तथा कार्यो को गति देने के निर्देश दिए।

## खान के कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत 27 कर्मचारियों के ट्रांसफर पर लगी रोक




**कटंगी।** मैंगनीज ओर इंडिया लिमिटेड (मॉयल) की तिरोड़ी खान में कार्यरत कर्मचारियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। मॉयल प्रबंधन द्वारा जारी ट्रांसफर आदेश को मॉयल जनशक्ति मजदूर संघ के अथक प्रयासों के बाद रोक दिया गया है। इस निर्णय से खान के कामगारों और उनके परिवारों में खुशी की लहर है। गत दिवस मायॅल प्रबंधन ने एक आदेश जारी करते हुए तिरोड़ी खान में कार्यरत 27 कर्मचारियों का स्थानांतरण मध्य प्रदेश के बालाघाट खान और महाराष्ट्र के चिखला खान में कर दिया गया था। अचानक जारी हुए इस ट्रांसफर आदेश से कर्मचारियों में असंतोष और चिंता का माहौल बन गया था। कर्मचारी अपने गृह क्षेत्र से दूर जाने को लेकर परेशान थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए मॉयल जनशक्ति मजदूर संघ ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। संघ के अध्यक्ष रामकृपाल खुरसेल के नेतृत्व में लगातार प्रबंधन के साथ चर्चा और पत्राचार किया गया। संघ ने प्रबंधन के समक्ष कर्मचारियों की पारिवारिक, सामाजिक और व्यावहारिक कठिनाइयों को रखा और ट्रांसफर आदेश को निरस्त करने की मांग की। संघ के लगातार प्रयास और सकारात्मक पहल का परिणाम 30 अगस्त को सामने आया। मॉयल प्रबंधन ने जनशक्ति मजदूर संघ की मांग को स्वीकार करते हुए तिरोड़ी खान के सभी 27 कर्मचारियों के ट्रांसफर को रोकने का निर्णय लिया है। प्रबंधन के इस फैसले का संघ ने स्वागत किया है। मॉयल जनशक्ति मजदूर संघ के अध्यक्ष रामकृपाल ने कहा कि यह सभी कामगारों की एकता और संघ की जीत है। उन्होंने कहा कि संघ हमेशा कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी उनकी हर समस्या के लिए संघर्ष करता रहेगा।

# कृषि उपज मंडी के नवीन कार्यालय का विधायक पारधी ने किया भूमिपूजन

## निरीक्षण के दौरान विधायक ई-नाम योजना के अंतर्गत संचालित असेयिंग लैब पहुंचे

कटंगी

नगर के सिवनी रोड स्थित कृषि उपज मंडी प्रांगण में लंबे समय से प्रतीक्षित नवीन कार्यालय भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन सोमवार की शाम को विधि-विधान के साथ किया गया। क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी ने शाम साढ़े 4 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन-अर्चन कर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मंडी परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। भूमिपूजन के बाद विधायक ने पूरे मंडी परिसर का गहन भ्रमण किया। उन्होंने मंडी की व्यवस्थाओं, किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं और कार्यालय की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान मंडी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें मंडी की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान विधायक ई-नाम योजना के अंतर्गत संचालित असेयिंग लैब पहुंचे। वहां लैब बंद पड़ी मिली। इस पर उन्होंने मंडी सचिव और उपस्थित कर्मचारियों से लैब संचालित नहीं होने का कारण पूछा। मंडी कर्मचारियों ने विधायक को बताया कि मंडी की पुरानी इमारत अत्यंत जर्जर स्थिति में है। बरसात के दिनों में छत से लगातार पानी का रिसाव होता है, जिसके कारण महंगे उपकरण और लैब की





मशीनें खराब होने का डर बना रहता है। इसी वजह से ई-नाम योजना के तहत मिलने वाली असेयिंग लैब को सुचारू रूप से संचालित नहीं किया जा पा रहा है। विधायक ने लैब के लिए प्राप्त हुई सामग्री का भी अवलोकन किया। कर्मचारियों ने बताया कि लैब से संबंधित कुछ सामग्री रिजर्व में सुरक्षित रखी हुई है। जैसे ही नवीन भवन बनकर तैयार होगा और लैब के संचालन के लिए उचित व्यवस्था हो जाएगी, वैसे ही शेष सभी सामग्री मंगवा ली जाएगी और लैब को पूरी क्षमता के साथ शुरू किया जाएगा।

विधायक ने मंडी की आय-व्यय की भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने मंडी से होने वाली आय के स्रोतों और किसानों के हित में किए जा रहे खर्चों के बारे में पूछताछ की और पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के पश्चात मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां विधायक ने कहा कि कृषि उपज मंडी किसानों की आर्थिक रीढ़ है। किसानों को उनकी उपज का सही दाम मिले और उन्हें मंडी में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों, इसके लिए नवीन कार्यालय भवन का निर्माण आवश्यक था। उन्होंने कहा कि इस नवीन भवन के बन जाने से न केवल अधिकारियों और कर्मचारियों को बैठने के लिए बेहतर व्यवस्था मिलेगी, बल्कि किसानों को भी एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं मिल सकेंगी। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंडी अध्यक्ष श्रीमती भागेश्वरी तुरकर ने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि जब कटंगी कृषि उपज मंडी उनके कार्यकाल में थी, तब यह डी ग्रेड की मंडी थी। उनके अथक प्रयासों और सुधार कार्यों के चलते इसे सी ग्रेड में उन्नत किया गया था। लेकिन वर्तमान में यह मंडी फिर से डी ग्रेड में आ गई है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने विधायक से मंडी की ग्रेडिंग में सुधार के लिए विशेष प्रयास करने की मांग की, ताकि मंडी को अधिक अनुदान और सुविधाएं मिल सकें। कार्यक्रम में मंडी चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों और किसानों ने बताया कि राज्य सरकार ने विगत 2012 के बाद से प्रदेश में कृषि उपज मंडी के चुनाव नहीं करवाए हैं। जिसके कारण मंडियों में निर्वाचित जनप्रतिनिधित्व नहीं है। इस अवसर पर पूर्व मंडी अध्यक्ष श्रीमती भागेश्वरी तुरकर, भाजपा नेता राजकुमार तरवरे, चिचगांव सरपंच अरविंद खरे, लोहमारा सरपंच सुंदर लाल बिंझाड़े, सांवगी सरपंच राजीव पटले, मिरगपुर सरपंच दीपक देशमुख, जिला अध्यक्ष मध्य प्रदेश लघुवनोपज संघ रामेश्वर बिसेन, नगर परिषद प्रभारी अध्यक्ष धर्मकला देशमुख, भाजपा मंडल अध्यक्ष कटंगी (पूर्व) सौरभ ठाकरे, मंडल संयोजक मिरगपुर शैलेष ठाकरे सहित बड़ी संख्या में अन्य जनप्रतिनिधि, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और मंडी के कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## पत्रकारों का महाधिवेशन जबलपुर में 5 से

मण्डला(स्वतंत्र मत)। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के मंडला जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने बताया कि पत्रकार परिषद जबलपुर संभागीय इकाई के तत्वाधान में दो दिवसीय पत्रकार महाधिवेशन का आयोजन 5 व 6 सितंबर को कचनार क्लब विजय नगर जबलपुर में किया जा रहा। 5 सितंबर पहले दिन संभागीय इकाई की बैठक आयोजित होगी। इसमें जबलपुर संभाग के अंतर्गत आने वाली सभी जिला इकाइयों के अध्यक्ष एवं महासचिव अपनी इकाई के वार्षिक कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। साथ ही वार्षिक कैलेंडर के अनुसार आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देंगे। पांच सितंबर को सभी पदाधिकारी शाम पांच बजे तक जबलपुर पहुंचेंगे। यहां सायं कालीन बैठक का आयोजन होगा जिसमें जिलेवार समीक्षा की जाएगी। वहीं 6 सितंबर को पत्रकार महाधिवेशन आयोजित होगा। इसमें जबलपुर संभाग के सभी पत्रकार साथी शामिल होंगे। इसके अलावा प्रदेश के अन्य जिलों से भी पदाधिकारियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। पत्रकार परिषद मंडला के सभी सदस्य पदाधिकारियों से सम्मेलन में शामिल होने की अपील की गई है।

## ग्रामों में घर-घर सर्वे के निर्देश

मण्डला(स्वतंत्र मत)। कलेक्टर ने फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम को अधिक से अधिक किसानों की रजिस्ट्री पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसान हितैषी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए यह कार्य महत्वपूर्ण है। कलेक्टर ने मलेरिया अधिकारी को निर्देशित किया कि बारिश के मौसम में मलेरिया के केस बढ़ते हैं पड़ोसी जिला बालाघाट में आउटब्रेक की स्थिति चिंताजनक है। इसलिए कान्हा राष्ट्रीय उद्यान से लगे चिन्हित ग्रामों में डोर-टू-डोर सर्वे, दवा छिड़काव और एसडीएम के नेतृत्व में स्पेशल मलेरिया कैंप आयोजित किए जाएं। उन्होंने एसी ट्राइबल और जिला शिक्षा अधिकारी को छात्रावासों में बच्चों के नियमित हेल्थ चेकअप के निर्देश भी दिए।

## लैपटॉप पर मिलेगी राशि

मण्डला(स्वतंत्र मत)। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा 2026 में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत लैपटॉप खरीदने के लिए 1 सितंबर को राशि वितरित की जाएगी।

## आंगनवाड़ी अनंतिम सूची जारी

मण्डला(स्वतंत्र मत)। महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना मंडला के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के चयन की अनंतिम सूची जारी कर दी गई है। सूची एमपी ऑनलाइन के चयन पोर्टल पर आम नागरिकों के लिए उपलब्ध कराई गई है। जारी सूचना के अनुसार मंडला परियोजना में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के 4 पद एवं सहायिका के 2 पद के लिए अंतिम सूची प्रकाशित की गई है। अंतिम सूची के प्रकाशन की तिथि 31 अगस्त है। अभ्यर्थी अंतिम सूची पर दावा-आपत्ति 31 अगस्त से 7 दिवस के भीतर एमपी ऑनलाइन के चयन पोर्टल पर दर्ज करा सकते हैं।

## महिला मोर्चा ने बांधा रक्षासूत्र

मण्डला(स्वतंत्र मत)। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की बहनों द्वारा सिटी कोतवाली में सभी पुलिस जवानों को रक्षा सूत्र बांधा तथा पुलिस भाइयों से सभी बहनों की रक्षा का संकल्प लिया।

# बैगा ग्रामों के हाल बेहाल, झलकन बाई ने कहा साहब आत हैं लिखा पढ़ी करत हैं और चले जावत हैं हमे नही मिलत आज तनक लाभ



मण्डला(स्वतंत्र मत)। सरकार भले ही आदिवासी और बैगा समाज के विकास के बड़े-बड़े दावे कर करोड़ों रुपये की योजनाओं का प्रचार करे और गांव-गांव विकास पहुंचने की बात कहे लेकिन मवई विकासखंड के बैगा बहुल ग्रामों की जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। यहां आज भी ग्रामीण झिरिया और नाले का पानी पीने को मजबूर हैं बच्चे जर्जर भवनों में पढ़ रहे हैं गर्भवती महिलाओं और नवजातों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं और पात्र परिवार सरकारी आवास व पेंशन जैसी मूलभूत योजनाओं से वंचित हैं। यह स्थिति बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा के अमवार ग्राम पंचायत के बैगा बहुल गांवों के दौरे के दौरान सामने आई। विधायक ने ग्राम पंचायत अमवार के अंतर्गत रहटाखैरो औराघुघरा सागोनछापर अमवार नुनसरई और सुनेहरा सहित विभिन्न ग्रामों का दौरा किया। वे घर-घर पहुंचे और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं। ग्रामीणों ने जो समस्याएं बताईं और विधायक ने जो हालात अपनी आंखों से देखे वे सरकारी विकास के दावों पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। बैगा बाहुल्य इन गांवों में नलजल योजना के नाम पर पाइपलाइन तो बिछा दी गई लेकिन आज तक कई स्थानों पर न कनेक्शन हुए और न ही योजना का लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। मजबूर ग्रामीण झिरिया और नाले का पानी पी रहे हैं। कुछ हैंडपंप चालू हैं तो उनसे लाल पानी निकलने की शिकायत है जबकि कई हैंडपंप बंद पड़े हैं। कुएं भी गंदे पड़े हैं और उनका पानी पीने योग्य नहीं है। स्थिति इतनी गंभीर है कि बैगा बालक आश्रम के बच्चे तक नदी नाले और झिरिया के पानी पर निर्भर हैं। गांवों में स्कूल भवनों की हालत भी चिंताजनक है। प्राथमिक शाला रहटाखैरो का भवन अत्यधिक जर्जर होने के कारण बच्चे उसमें नहीं बैठते बल्कि पास स्थित आंगनबाड़ी के जर्जर कमरे में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। प्राथमिक शाला औराघुघरा का भवन भी क्षतिग्रस्त है। अमवार के स्कूल भवनों की स्थिति भी खराब है।

बैगा बालक आश्रम के बच्चे भी पुराने और सुविधाविहीन भवन में रहने को मजबूर हैं। आश्रम में पेयजल की व्यवस्था तक नहीं है। यहां पदस्थ भृत्य को बीईओ कार्यालय मवई में अटैच कर दिए जाने से बच्चों को स्वयं ही कई काम करने पड़ रहे हैं। ग्रामीण महिलाओं ने विधायक को बताया कि अनेक बैगा परिवारों को पोषण आहार नहीं मिल रहा है। गर्भवती महिलाओं का समय पर टीकाकरण नहीं हो रहा और उन्हें योजनाओं के तहत मिलने वाले आहार का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। नवजात शिशुओं के टीकाकरण में भी लापरवाही की शिकायत सामने आई। कई ग्रामीणों को मच्छरदानियां तक नहीं मिली हैं और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच भी नहीं होती। सवाल यह है कि जब सरकार आदिवासी और बैगा समाज के विकास की योजनाओं का दावा करती है तो इन योजनाओं का लाभ जमीन पर आखिर पहुंच क्यों नहीं रहा है दौरे के दौरान अनेक वृद्ध महिलाओं ने बताया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन तक नहीं मिल रही है। वहीं पात्र होने के बावजूद कई परिवार आवास योजना के लाभ से वंचित हैं। कुछ बैगा परिवारों के आवास स्वीकृत तो हुए लेकिन कहीं निर्माण प्लिंथ स्तर तक ही हुआ है तो कहीं नींव खोदकर छोड़ दी गई है। ग्रामीणों को यह तक जानकारी नहीं है कि आवास के लिए कितना पैसा आया और उसका कहां उपयोग हुआ। औराघुघरा में मुख्य मार्ग से ऊपर टोला जोहन बैगा के घर तक सड़क नहीं बनी है। दर्जनों बैगा परिवार कीचड़ भरे कच्चे रास्ते से आवागमन करने को मजबूर हैं। छत्तीसगढ़ सीमा से लगे क्षेत्र में लिआरी नदी पर पुल-पुलिया नहीं होने के कारण ग्रामीण जान जोखिम में डालकर नदी पार कर छत्तीसगढ़ जाने को मजबूर हैं। इसी तरह अमवार-पटपरा रोड से कुंडकला टोला, अमवार से नुनसरई तथा सुनेहरा में मुख्य मार्ग से धोबाटोला तक सड़क नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने बताया कि इन ग्रामों में 135 परिवारों को अब तक वनाधिकार का पट्टा नहीं मिला है। इनके प्रकरण खंड स्तर तक पहुंचने के बावजूद ऑनलाइन और अन्य आवश्यक कार्रवाई पूरी नहीं होने के कारण वर्षों से लंबित हैं। वहीं अमवार में 16 बैगा परिवार ऐसे हैं जो अपनी राजस्व भूमि पर भी खेती नहीं कर पा रहे हैं। इन परिवारों की निजी कृषि भूमि वन भूमि से घिरी हुई है और वहां पहुंचने के लिए वन भूमि से होकर गुजरना पड़ता है। विधायक के अनुसार, वन विभाग द्वारा रास्ता उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण ये परिवार वर्षों से अपनी ही जमीन पर खेती करने से वंचित हैं। बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा ने कहा कि इन क्षेत्रों की समस्याएं उनके लिए नई नहीं हैं। वे लगातार इन गांवों का दौरा करते रहे हैं और ग्रामीणों की समस्याओं को प्रशासन के समक्ष पत्रों के माध्यम से रखते रहे हैं। विधानसभा में भी कई बार इन विषयों को उठाया गया है, लेकिन इसके बावजूद समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि सरकार विकास के विज्ञापन पर करोड़ों रुपये खर्च कर सकती है लेकिन बैगा परिवारों के घर तक पीने का साफ पानी, बच्चों के लिए सुरक्षित स्कूल भवन, गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सुविधा और ग्रामीणों के लिए सड़क नहीं पहुंचा पा रहा है। इससे बड़ा सरकारी विकास का झूठ और क्या होगा विधायक ने कहा कि सरकार आदिवासी समाज, विशेषकर बैगा समुदाय को लेकर बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन मवई के बैगा बहुल गांवों की स्थिति सरकार की नीति और नीयत दोनों पर सवाल खड़े करती है।



## धनगर समाज प्रदेशाध्यक्ष का मंडला प्रवास, कैबिनेट मंत्री से की सौजन्य भेंट

मण्डला(स्वतंत्रमत)। ऑल इंडिया धनगर समाज महासंघ मध्यप्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष अनिल धनगर जबलपुर का वीरांगना रानी दुर्गावती के मंडला नगर में आगमन हुआ यहाँ लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी मंत्री मध्यप्रदेश शासन माननीय सम्पतिया उइके जी को प्रतिनिधि मंडल के साथ जाकर उनके कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि मध्यप्रदेश में 72 लाख से ऊपर आबादी व 50 लाख से ऊपर वोट बैंक वाले धनगर समाज को मध्यप्रदेश गठन के पश्चात से अब तक लोकसभा राज्यसभा विधानसभा के चुनाव में टिकिट नहीं दी गयी जिससे सम्पूर्ण समाज में रोष व्याप्त हैं मंत्री ने सहानुभूति दिखाते हुए ज्ञापन स्वीकार करते हुए प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को भोपाल जाकर उक्त ज्ञापन की प्रति देने का आश्वासन दिया ज्ञापन सौपने के पश्चात बिंझिया तिराहे में आयोजित मीटिंग को सम्बोधित करते हुए संतोष बघेल धनगर को प्रदेश संगठन सह सचिव पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान की लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सभी स्वजातीय बंधुओं सहित सादर नमन किया जिलाध्यक्ष गोपाल पाली, दतिया जिलाध्यक्ष सेवाराम बघेल लाखन सिंह बघेल धनगर, अमृतलाल धनगर सचिव, प्रमोद धनगर महासचिव धनगर युवा सेना पत्रकार, मुकेश बघेल, रामकुमार नीखर, नंद किशोर धनगर जिला अध्यक्ष धनगर युवा सेना भारत धनगर एवं बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

# सीआरपीएफ जवानों की कलाई पर बांधा रक्षासूत्र

### जवानों के चेहरों पर खुशी और दिखी भावुकता



मण्डला(स्वतंत्र मत)। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर सोमवार को 148वीं सीआरपीएफ बटालियन मुख्यालय में भाई-बहन के स्नेह विश्वास और सुरक्षा के संकल्प से जुड़ा भावनात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रमजीवी पत्रकार परिषद एवं मंडला कला मंच के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में बहनों ने सीआरपीएफ के जवानों को राखी बांधकर उनके प्रति सम्मान और अपनत्व प्रकट किया। इस दौरान जवानों की कलाई पर राखी बांधा गया और देश की सुरक्षा में उनके योगदान को नमन किया गया। कार्यक्रम में 148वीं सीआरपीएफ बटालियन के कमांडेंट आलोक वीर यादव, द्वितीय कमान अधिकारी अधिकारी रत्नेश कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी प्रमोद कुमार यादव, उप कमांडेंट मनोरंजन कुमार, उप कमांडेंट श्रीमती मनोरमा सिंग तथा सूबेदार मेजर एल.बी. थापा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं जवान मौजूद रहे।

राखी बंधवाते समय जवानों के चेहरों पर खुशी और भावुकता साफ दिखाई दी। इस अवसर पर कमांडेंट आलोक वीर यादव ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का पर्व नहीं बल्कि यह सुरक्षा विश्वास और जिम्मेदारी का प्रतीक भी है। देश की सीमाओं और आंतरिक सुरक्षा में तैनात जवान अपने परिवार से दूर रहकर राष्ट्र की सेवा करते हैं। ऐसे अवसरों पर जब समाज की बहनें जवानों की कलाई पर राखी बांधती हैं तो उन्हें अपने परिवार से मिले स्नेह का एहसास होता है। उन्होंने कहा कि देश की बहनों का यह स्नेह और आशीर्वाद जवानों का मनोबल बढ़ाता है त था उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए, और अधिक ऊर्जा प्रदान करता है।

उन्होंने कला मंच मंडला एवं श्रमजीवी पत्रकार परिषद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज और सुरक्षा बलों के बीच आत्मीय संबंधों को मजबूत करते हैं। जवानों के लिए यह पल विशेष होता है क्योंकि अपने घर-परिवार से दूर ड्यूटी कर रहे जवानों को जब समाज की बहनें राखी बांधती हैं तो उन्हें अपने परिवार की याद के साथ-साथ समाज के विश्वास और सम्मान का भी एहसास होता है। कार्यक्रम के दौरान बहनों ने कहा कि सीआरपीएफ के जवान देश की सुरक्षा के लिए दिन-रात अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। वे त्योहारों पर भी अपने घर नहीं पहुंच पाते और देशवासियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं। ऐसे में रक्षाबंधन के अवसर पर जवानों की कलाई पर राखी बांधना उनके लिए गौरव का विषय है। राखी बांधने के बाद बहनों ने जवानों की लंबी उम्र अच्छे स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं जवानों ने भी बहनों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पूरे कार्यक्रम के दौरान भाई-बहन के स्नेह से सराबोर वातावरण बना रहा। कई क्षण ऐसे भी आए जब जवानों और बहनों की आंखों में भावुकता दिखाई दी। इस दौरान पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने सभी का परिचय कराते हुए आयोजित कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया।

इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता किशोर रजक, रोहित बघेल, रमोरंजन नामदेव, श्रीमति उमा यादव, श्रीमति सुनीता सैयाम, श्रीमति सीता परतेती, श्रीमति दीपि नरेलिया, सुश्री रक्षा नामदेव, श्रीमति ललिता लहोरिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# चार सूत्रीय मांगों को सरकार करे पूर्ण



मण्डला(स्वतंत्र मत)। मध्यप्रदेश कृषि विस्तार अधिकारी संघ ने कृषि विस्तार अधिकारियों की न्यायोचित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन जिला पंचायत अध्यक्ष के माध्यम से भेजा गया है। मैदानी कार्य की प्रकृति को देखते हुए शासन से चार प्रमुख मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि कृषि विस्तार अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के बीच रहकर कृषि उत्पादन बढ़ाने नवीन कृषि तकनीकों का प्रचार-प्रसार करने तथा शासन की कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अधिकारियों के प्रयासों के चलते प्रदेश को वर्ष 2011-12 से 2017-18 तक लगातार सात बार प्रतिष्ठित कृषि कर्मण पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है। संघ की पहली प्रमुख मांग कृषि विस्तार अधिकारियों को प्रणाली में अनिवार्य ई-अटेंडेंस से मुक्त करने की है। संघ का कहना है कि अधिकारियों का अधिकांश कार्य मैदानी एवं भ्रमण आधारित है। उन्हें किसानों के खेतों गांवों और विभिन्न शासकीय गतिविधियों के लिए लगातार भ्रमण करना पड़ता है। ऐसे में ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता व्यावहारिक कठिनाइयां उत्पन्न करती है। ज्ञापन में पूर्ववत डायरी के माध्यम से उपस्थिति व्यवस्था लागू करने की मांग की गई है। कृषि विस्तार अधिकारियों को वर्तमान 2400 रुपये के स्थान पर 2800 रुपये ग्रेड-पे प्रदान करने मांग की है। इसके साथ ही अतिरिक्त केंद्र भत्ते को 500 रुपये से बढ़ाकर 5000 रुपये प्रतिमाह करने तथा पटवारी के समान एग्रो-टेक भत्ता 4000 रुपये प्रतिमाह प्रदान करने की मांग भी रखी गई है।

## श्रमण संस्कृति रक्षा दिवस पर दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान संपन्न

### रक्षा बंधन विधान में अकम्पनाचार्य सहित 700 मुनिराजों को समर्पित किए अर्घ

नैनपुर (स्वतंत्र मत)। श्रमण संस्कृति रक्षा दिवस के उपलक्ष्य में पिंडरई में वंदनीय आर्यिका मां विमल मति माताजी ससंघ के मंगल सानिध्य में दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में सकल दिगम्बर जैन समाज के श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। धार्मिक अनुष्ठान के अंतर्गत रक्षा बंधन विधान का आयोजन किया गया, जिसमें अकम्पनाचार्य सहित 700 मुनिराजों को अर्घ समर्पित किए गए। इस अवसर पर वात्सल्य पर्व के तहत राखी सजाओ प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। वहीं पर जिनवाणी की सुरक्षा एवं संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिनवाणी सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।आयोजन की समापन बेला में पूज्य बड़ी माता जी एवं वंदनीय आर्यिका मां विमल मति माताजी की मंगल देशना का लाभ श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ। माताजी ने अपने प्रवचन में अकम्पनाचार्य सहित 700 मुनिराजों पर आए उपसर्ग और उनकी रक्षा की प्रेरणादायी कथा का वर्णन किया। उन्होंने रक्षा सूत्र बांधने के धार्मिक एवं आध्यात्मिक उद्देश्य को समझाते हुए श्रमण संस्कृति, साधु-संतों और जिनवाणी के संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक किया। इस अवसर पर सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष चौधरी कैलाश चंद्र ने साधु सेवा समिति के सदस्य ऋषभ जैन से चर्चा करते हुए कहा कि दोनों दिनों में संपूर्ण समाज को धर्मध्यान, साधना और धार्मिक आयोजनों में सहभागी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने आयोजन को श्रमण संस्कृति के संरक्षण और धार्मिक चेतना को मजबूत करने वाला बताया। दो दिवसीय आयोजन के दौरान पिंडरई में भक्तिमय वातावरण बना रहा और बड़ी संख्या में समाजजनों ने धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता कर पुण्यार्जन किया।

## नॉन अटेंडेड शिकायतों पर होगा जुर्माना

मण्डला(स्वतंत्र मत)। कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने जिला योजना भवन में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए, कि टीएल के पत्रों का व्यक्तिगत रूप से फॉलोअप कर निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि सामान्य प्रशासन के निर्देश अनुसार शुक्रवार को अवकाश होने के कारण अगला जन विश्वास शिविर 5 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने आगामी शिविर की तैयारियों की समीक्षा करते हुए प्राप्त आवेदनों और शिकायतों के निराकरण के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि निम्न गुणवत्ता से बंद हुए प्रकरणों को नियमानुसार री-ओपन कराकर संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराएं, इससे रैंकिंग में सुधार होगा। नॉन अटेंडेड प्रकरणों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए और कहा कि कोई भी शिकायत नॉन अटेंडेड न रहे।

### कजलियां पर्व धार्मिक आस्था

मण्डला(स्वतंत्र मत)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रेवा आदेश अन्नकूट आश्रम बकछेरा में कजलियां पर्व धार्मिक आस्था और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम भोला भारती महाराज के सानिध्य में आयोजित हुआ जिसमें विराट स्वरूप कन्या पूजन किया गया। इस अवसर पर कन्याओं का विधि-विधान से पूजन कर उन्हें प्रसादी वितरित की गई।

# जुआ खेलते एक आरोपी को दबिश देकर पुलिस ने पकड़ा

### 6 हजार नगद एवं 52 ताश के पत्ते जब्त

### फरार 6 आरोपियों में से 3 गिरफ्तार, 3 की तलाश जारी



नैनपुर (स्वतंत्र मत)। नैनपुर पुलिस को 30 अगस्त की रात्रि मे ग्राम जामगांव बस स्टैंड के पास दुर्गा मंच के पीछे कुछ व्यक्तियों द्वारा जुआ खेलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई। पुलिस टीम को मौके पर कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेलते हुए दिखाई दिए। पुलिस को देखकर कुछ व्यक्ति मौके से भाग गए, जबकि मौके पर मिले आरोपी निलेश ठाकुर पिता स्व. पत्रालाल ठाकुर, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम जामगांव, थाना नैनपुर को पुलिस टीम द्वारा पकड़ लिया गया। आरोपी के कब्जे से 4,500 रुपये नगद एवं 52 ताश के पत्ते तथा जुआ फड़ से 1,500 रुपये नगद, इस प्रकार कुल 6,000 रुपये नगद एवं 52 ताश के पत्ते बरामद कर विधिवत जब्त किए गए। उक्त कार्रवाई पर आरोपी के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी निलेश ठाकुर के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए अभिरक्षा पत्र तैयार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने कार्रवाई की गई मौके से फरार हुए 6 आरोपियों की पहचान एवं तलाश की जा रही थी। 31 अगस्त को फरार आरोपियों में से 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जिनमे शरीफ बेग पिता सरीफ बेग, निवासी जामगांव सुजीत ठाकुर पिता सेवत लाल ठाकुर निवासी जामगांव, सोमचंद भोरिया पिता शिवप्रसाद भोरिया निवासी जामगांव बताया गया। शेष 3 आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश एवं गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी मंशाराम वगेन एवं पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। थाना नैनपुर पुलिस द्वारा जुआ सहित अन्य अवैध गतिविधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

स्वतंत्र मत
जबलपुर
मंगलवार 01 सितंबर 2026



संपादकीय

## विनाश की घंटी

इसरो और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अध्ययन के निष्कर्ष हैं कि भारतीय हिमालयी क्षेत्र में करीब 7500 ग्लेशियर झीलें मौजूद हैं। उनमें से 189 झीलें रेड जोन में हैं, क्योंकि ये कभी भी टूट-फूट कर प्रलय मचा सकती हैं। तब तबाही निश्चित है। एक रपट यह भी है कि 491 सालों में 254 बार ग्लेशियर झीलें फट चुकी हैं। फिलहाल उत्तराखंड में हैंगिंग ग्लेशियर सबसे बड़ा खतरा माना जा रहा है। अध्ययन में यह सामने आया है कि सिंधु, गंगा, ब्रह्मपुत्र नदी बेसिन की चोटियों पर हजारों छोटी-बड़ी झीलें हैं। सिर्फ लद्दाख क्षेत्र में ही 3219 ग्लेशियर झीलों की पहचान की जा चुकी है। कुल 2431 ग्लेशियर झीलें 10 हेक्टेयर से भी बड़ी हैं। घोर चिंता यह है कि एनडीएमए ने इन 189 झीलों को अत्यधिक जोखिम की श्रेणी में रखा है। सवाल यह है कि क्या हमारे भू-वैज्ञानिक, विशेषज्ञ इन झीलों के 'प्रलय' से देश के संभावित हिस्सों को बचाने में सफल नहीं हो सकते? क्या अब पर्यावरण, जलवायु-परिवर्तन और वैश्विक गर्मी के असंतुलन बदला लेने की स्थिति में आ गए हैं? नेपाल के संदर्भ में भी चीन के जल संसाधन मंत्रालय ने एक चेतावनी जारी की है कि ग्लेशियर झील में 30 लाख क्यूबिक मीटर पानी आने की संभावना है। यदि ऐसा हुआ, तो झील में दरार पड़ने का खतरा है, नतीजतन वह प्रलयी सैलाब में तब्दील हो सकता है। यानी नेपाल में खतरे और विनाश की घंटियां अब भी बज रही हैं। नेपाल छोटा-सा देश है, जिसकी कुल अर्थव्यवस्था 4.48 लाख करोड़ रुपए है। मौजूदा जल-प्रलय ने नेपाल की करीब 1.25 लाख करोड़ रुपए की संपत्तियां तबाह कर दी हैं। सरकार ने फिलहाल यह आकलन किया है। मौत का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। देश-विदेश के करीब 5000 लोग अब भी लापता हैं। भारत के विदेश मंत्रालय के अनुसार, 288 भारतीयों के सुराग अभी तक नहीं मिले हैं। इस त्रासद घड़ी में विश्व बैंक ने 25 अरब रुपए की आर्थिक मदद की घोषणा की है। कुछ और देशों ने भी आर्थिक ऐलान किए हैं। भारत की सेना, एनडीआरएफ, एसएसबी आदि के जवान और डॉक्टर-नर्सिंग स्टाफ नेपाल को संकट से उबारने में संलग्न हैं। भारत लगातार राहत-सामग्रियों की भी आपूर्ति कर रहा है। बहरहाल हमारे सामने ग्लेशियर झीलों के अलावा, अल-नीनो, ग्लेशियर के निरंतर पिघलने, शहरी प्रदूषण और बीमारियां, कृषि-संकट आदि भी आसन्न तबाही और त्रासदियों की दस्तक दे रहे हैं। भारत कई जल-प्रलय झेल चुका है। जून, 2013 में केदारनाथ के प्रलय और अलकनंदा-मंदाकिनी नदियों की बाढ़ में हजारों मौतें हो गई थीं। उसे सबसे बड़ी त्रासदी करार दिया गया था। चमोली-ऋषि गंगा घाटी में ग्लेशियर फटा था, जिसमें 200 मौतें हुई थीं। केरलम् के वायनाड में भूस्खलन और मूसलाधार बारिश में न केवल 400 के करीब मौतें हुईं, बल्कि कई गांव भी तबाह हो गए। नामोनिशान भी नहीं बचा। भारत में चक्रवात, भूकंप, सैलाब आते रहे हैं, बादल भी फटते हैं, बिजली भी गिरती है, नतीजतन असंख्य मौतें होती रही हैं। हालांकि अब समय-पूर्व कुछ जानकारियां दी जाती हैं, चेतावनी भी जारी की जाती है, लोगों को सुरक्षित स्थानों तक भेजा जाता है, लिहाजा त्रासदियां कम हुई हैं, लेकिन खतरे आज भी बरकरार हैं। सवाल है कि आज हम कितना तैयार हैं? कितने सतर्क हैं? कितने संसाधन और नए शोध हैं, जो हमारी रक्षा कर सकते हैं? गौरतलब तो यह है कि एनडीएमए ने उत्तराखंड में ही चिह्नित 426 बड़ी ग्लेशियर झीलों में से 25 को संवेदनशील और 13 झीलों को अति संवेदनशील आंका है। इनमें भिलंगना घाटी में मौजूद 'मसर ताल' बेहद संवेदनशील बताई गई है। लिहाजा हमें अभी से सतर्क होना चाहिए।

## भावनाएं फॉरवर्ड नहीं होतीं

# अब एक ही कमरे में है बाजार भी, घर भी! क्यों न कुछ कदम चलकर बातचीत कर ली जाए...

नन्दितेश निलय

घर हो या ऑफिस, हम सबकुछ टेक्स्ट मैसेज या ई-मेल से कहना चाहते हैं। और नहीं तो चुपचाप फॉरवर्ड। क्यों न टेक्स्ट और ई-मेल के साथ कभी फोन उठाकर या कुछ कदम चलकर बातचीत कर ली जाए और उस टॉल्सटॉय, उस कीट्स को याद किया जाए, जहां संप्रेषण के माध्यम पत्र भी हुआ करते थे।

फॉरवर्ड होते मैसेज की दुनिया में क्या आपको नहीं लगता कि हमारी अभिव्यक्ति बहुत ही नीरस होती जा रही है? लगता है कि हमारे आसपास संप्रेषण के संसाधन दिनोंदिन बदलते जा रहे हैं। अगर कोई आपसे कहे कि चिट्ठी लिखा करिए, तो आपको कैसा लगेगा! शायद कुछ बेतुका। लेकिन वहीं अगर कोई कहे कि टेक्स्ट या ई-मेल कर दीजिएगा, तो आपको कुछ भी अजीब-सा नहीं लगेगा। यह टेक्स्ट या ई-मेल का सुझाव आपको सामान्य-सा लगेगा, क्योंकि आजकल लिखना, अपनी बातों को लिखित माध्यम से संप्रेषित करना, सिर्फ और सिर्फ, ई-मेल और टेक्स्ट मैसेज बनकर रह गया है।

घर हो या ऑफिस, हम सबकुछ टेक्स्ट मैसेज या ई-मेल से कहना चाहते हैं। और नहीं तो चुपचाप फॉरवर्ड। वह व्यक्ति, वह रिश्ता या वह सहकर्मी, हमें आसपास दिखता जरूर है, या हम उसके आसपास होते भी हैं, लेकिन एक चलन आ गया है कि हमें जो कहना है, वह संक्षेप में कुछ शब्दों में किसी और संप्रेषण के माध्यम से कह देते हैं। कई बार सिर्फ एक शब्द में। ऐसा प्रतीत होता है, मानो घरों में रिश्तों को संभालती वे चिट्ठियां कहीं अतीत की अलमारियों में पड़ी वापस उन लकड़ियों में समा गई हैं, और कमरों में सिमटे घरों के वाईफाई सिग्नल टेक्स्ट मैसेज को फॉरवर्ड करते जा रहे हैं। कोई बात नहीं करना चाहता, अपनी खुशी या गम को बांटना तक नहीं चाहता।

वह कोलैबोरेशन कमजोर पड़ रहा है, यह और बात है कि फॉरवर्ड मैसेज और ई-मेल से इनबॉक्स भरा है। आज तमाम संस्थाएं इसी परेशानी से जूझ रही हैं कि विभिन विभागों के बीच आपस में लैटरल कोलैबोरेशन कैसे बढ़ाया जाए। टेक कंपनी एचपी के सह-संस्थापक बिल हैवलेट और डेविड पैकर्ड ने एचपी के माध्यम से दुनिया को यह बताया था कि एक लीडर को सिर्फ अपने चैंबर में नहीं रहना चाहिए, बल्कि सभी विभागों के



सहकर्मियों से मिलते रहना चाहिए। मशहूर लेखक टॉम पीटर्स ने प्रबंधन की भाषा में इसे 'मैनेजमेंट बाय वॉकिंग अराउंड' कहा, जिससे कोलैबोरेशन और मजबूत हो। आखिरकार किसी परिवार, संस्था का एक मूल प्रयोजन होता है और संस्था के सभी सदस्य उस बुनियादी विजन से जुड़े होने चाहिए। तभी जाकर उस टीम भावना की अभिव्यक्ति होती है, जिससे मुश्किल कार्य सकारात्मकता से संपादित होते हैं। लेकिन उस विजन से जुड़ने के लिए सभी को सभी से जुड़े रहना भी होता है। लेकिन वह लैटरल कोलैबोरेशन ही कमजोर पड़ रहा है। घर में एक कमरे से दूसरे कमरे तक रिश्ते भले ही नहीं पहुंच रहे, मैसेज जरूर पहुंच जाते हैं। और ऑफिस में सिर्फ कुछेक मीटर दूर भी सहकर्मी बैठा नजर आ रहा हो, तो क्या हुआ? ई-मेल तो कर ही दिया जाता है।

हमारी रोजमर्रा की ज्यादातर बातें मानो एक लाइन के टेक्स्ट मैसेज में ही सिमट कर रह गई हैं। बोलना भी नहीं, लिखना भी नहीं, अब ज्यादातर संदेश का जवाब 'थंब्स अप' इमोजी से दिया जाता है। कैपिटल 'के' ही अब जवाब बन गया है। 'मोजो मोमेंट' और 'आई हैव अराइव्ड' जैसे वायरल मोमेंट को बनाती यह दुनिया अपने ऑफिस या घर में उस लैटरल कोलैबोरेशन के साथ अभी नहीं पहुंच रही है। वह तो सिर्फ इतना कह देती है कि 'आपने लगता है, मेल चेक ही नहीं किया।' बस इतना कहना और जिम्मेदारी खत्म।

जिम्मेदारी मेल से शुरू होकर मेल पर ही सीसी और फॉरवर्ड होती रहती है, लेकिन उधर घर में तो कोई सीसी में नहीं लिया जाता। एक तरफ रिश्तों की वह साफगोई और भावपूर्ण अभिव्यक्ति उन मैसेज में छूटती नजर आ रही है, तो दूसरी तरफ किसी संस्था के सामूहिक उद्देश्य से तालमेल नहीं बैठ पाता। बस कह दिया जाता है, मेल चेक किया? मैंने तो भेज दिया था। उधर एआई भी उस संप्रेषण की मुश्किलें अपनी तरह से बढ़ा रहा है और लिखित अभिव्यक्ति में पूरी तरह सेंध लगा चुका है। हर बीतते दिन मनुष्य से उसकी भावपूर्ण चिंतन और उस लिखित शब्दों के गलियारे को सूना करता जा रहा है। वह संप्रेषण को नहीं, लैटरल कोलैबोरेशन को नहीं, बल्कि इनबॉक्स को संभाल रहा है, ड्राफ्टिंग को बिना किसी मानसिक दबाव के दुरुस्त कर रहा है, ई-मेल के जवाब लिखने और समरी बनाने में लगा है।

कुछ नए एआई टूल्स इनबॉक्स को पूरी तरह से मैनेज करने की सुविधा देते हैं, जिससे इस टेक्नोलॉजी को लेकर प्राइवेसी से जुड़ी चिंताएं भी बढ़ जाती हैं। फिलहाल एआई ई-मेल से छुटकारा दिलाने के बजाय, ई-मेल से जुड़ी मुश्किलों को आसान बनाने का काम करते दिख रहा है। यह किसी कर्मचारी को आगे बढ़कर लैटरल कोलैबोरेशन का सुझाव तो नहीं दे रहा, लेकिन बातचीत के मुश्किल काम को आसान बनाने के तरीके जरूर सुझा रहा है। इसलिए क्यों नहीं, अपने संप्रेषण को कुछ और सहज बनाया जाए। टेक्स्ट और ई-मेल के साथ कभी फोन उठाकर या कुछ कदम चलकर बातचीत कर ली जाए और उस टॉल्सटॉय, उस कीट्स को याद किया जाए, जहां संप्रेषण के माध्यम पत्र भी हुआ करते थे। इसलिए क्यों नहीं, अपने संप्रेषण को कुछ और सहज बनाया जाए। टेक्स्ट और ई-मेल के साथ कभी फोन उठाकर या कुछ कदम चलकर बातचीत कर ली जाए और उस टॉल्सटॉय, उस कीट्स को याद किया जाए, जहां संप्रेषण के माध्यम पत्र भी हुआ करते थे। चिट्ठी लिखकर अपने सुख और दुख को बताया जाता था। हाथ से लिखे होने और किसी टेम्पलेट या एआई से कॉपी न किए जाने के कारण, इन पत्रों में एक मौलिक व्यक्तित्व और आवाज होती थी, जो पत्र लिखने वाले के मूड और भावनाओं को दर्शाती थी। पढ़ने वाला भी उन विचारों का आनंद लेने के लिए समय निकालता था।

वर्जीनिया इवान्स के पत्रों पर आधारित पहले उपन्यास द कॉरेस्पोंडेंट को इस साल का विमेंस प्राइज फॉर फिक्शन' मिला है। यानी दुनिया के अंदर उस लैटरल कोलैबोरेशन को बढ़ाने के लिए ई-मेल, टेक्स्ट के साथ-साथ चिट्ठियों को लिखती वे पेंसिल, वे कलमें भी चाहिए, जो कीबोर्ड के वर्चस्व में गुम हो चुकी हैं। क्या आप इस लेख को पढ़कर फिर से अपने सपनों को कोई चिट्ठी लिखना चाहेंगे? अगर हां, तो बहुत अच्छा और अगर न तो कोई बात नहीं। कम से कम अपने चेयर से उठकर अपने सहकर्मी को यह तो बताएंगे ही कि मेल आपने भेजा है, क्योंकि आपका पहुंचना आपके सहकर्मी को वह अपनत्व देता है, जो लैटरल कोलैबोरेशन को बढ़ाता है। आप उस छूटते लैटरल कोलैबोरेशन को तो संभालना जरूर ही चाहेंगे। यह न भूलिए कि मेल और टेक्स्ट के पास अपने फोंट होते हैं, लेकिन आपकी हैंडराइटिंग नहीं होती। आखिर किरदार तो फॉरवर्ड नहीं हो सकते, वे तो उन शब्दों संग जिए जाते हैं। जिया फारूकी के शब्दों में वह चिंता भी है, पहले बहुत फासला था बाजार से घर का, अब एक ही कमरे में है बाजार भी, घर भी।

**(स्पीकर, लेखक एवं एथिक्स प्रशिक्षक)**


# जलवायु अहम मुद्दा: ज्वलंत सवालों पर लंबे समय तक खामोश रहना घातक, क्या यमुना अपनी प्राकृतिक क्षमता खो चुकी है

सुरेश भाई

बंदरपूंछ ग्लेशियर से आ रही यमुना उत्तराखंड, हिमाचल, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली से होते हुए 1,326 किमी चलकर प्रयागराज में गंगा से मिल जाती है। लेकिन इसके उद्गम से नीचे की ओर लगभग 60 किमी की दूरी तक बाढ़ और भूस्खलन के लिए बेहद संवेदनशील बन गया है। पिछले वर्षों से लगातार यमुनोत्री जाने वाले तीर्थ यात्रियों का मुख्य पड़ाव स्यानाचट्टी के पास कुपड़ा गाड़ से आ रहे मलबे ने तीन-चार बार यमुना के प्रवाह को रोककर झील बनाई है। इसके कारण स्यानाचट्टी और इसके आसपास कुपड़ा, कुनसाला समेत दर्जनों गांव के संपर्क कट जाते हैं और अभी तक यहां झील बनने का भय लोगों को रात-दिन सता रहा है।

ये गांव बार-बार पानी में डूब चुके हैं। अब भी कुपड़ा गाड़ से लगातार आ रहा मलबा यमुना में जमा हो रहा है और स्यानाचट्टी का निचला हिस्सा मलबे के नीचे दब रहा है। पिछले वर्षों की भीषण आपदा में जब झील बनी, तो प्रशासन और निर्माण एजेंसियों ने बड़ी मेहनत से जल निकासी की थी, जिसके बाद यहां मलबे के ऊंचे-ऊंचे ढेर जमा हुए, जो निचले क्षेत्रों की बर्बादी का कारण बन रहे हैं। बरसात छोड़कर साल के अन्य मौसम में देखेंगे, तो यमुना में पानी की मात्रा बहुत कम रहती है। इसका कारण यह भी है कि बंदरपूछ ग्लेशियर अन्य ग्लेशियरों की अपेक्षा तेजी से पिघल रहा है और यमुना को फीडबैक करने वाली छोटी नदियों में भी पानी निरंतर घट रहा है।

प्रदूषण, शोषण और अतिक्रमण का राज इस नदी पर वर्षों से बना हुआ है। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़कोट से आगे लगभग 24 किमी की दूरी तक भूस्खलन के लिए संवेदनशील बन चुकी भौगोलिक संरचना को नजरअंदाज करते हुए सड़क चौड़ीकरण के दौरान मिट्टी व बोल्डरों को सीधे यमुना में उड़ेला गया। सीधे खड़े पहाड़ों को जिस बेदर्दी से मशीनों ने काटा है, उसके कारण पहाड़ कम बारिश में ही टूटने लगते हैं। इससे आगे भी पालीगाड से जानकी चट्टी के बीच तीन और डेंजर जोन दिखाई दे रहे हैं और सिलाई



बैंड, झझर गाड, जैसे अनेकों स्थानों पर पहाड़ दरकने का भय बना हुआ है। मसूरी से होते हुए यमुना पुल से जानकी चट्टी के बीच में छोटे-बड़े भूस्खलन जोन बने हुए हैं। यह पहाड़ों पर हुई अंधाधुंध छेड़छाड़ के परिणाम हैं। चौड़ी सड़क बनाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग और वन, पर्यावरण व जलवायु, नमामि गंगे और आपदा प्रबंधन के संबंधित मंत्रालयों के बीच तालमेल की कमी है। यमुना के ऊपरी क्षेत्र में पर्यावरण विनाश की गतिविधियां हाल के वर्षों में बहुत तेजी से बढ़ी हैं। उत्तराखंड में यमुना पर जितना संकट बढ़ रहा है, उससे कहीं अधिक मैदानी क्षेत्र में भी भीषण जल प्रलय के दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। यमुनानगर के पास हथिनीकुंड बैराज से छोड़े जा रहे पानी से दिल्ली तक हर साल भयंकर बाढ़ देखने को मिलती है। 1996-99 में हथिनीकुंड बैराज का निर्माण किया गया था, जिससे पश्चिमी यमुना नहर और पूर्वी यमुना नहर के द्वारा हरियाणा, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, राजस्थान एवं हिमाचल प्रदेश को पानी की आपूर्ति की जाती है।

मानसून के समय इसमें 38 हजार क्यूसेक से अधिक पानी जमा रहता है। जब इस बैराज में पानी भर जाता है, तो यहां से लगभग 20 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जाता है, जो 48 से 72 घंटे के अंदर ही दिल्ली पहुंच जाता है। इस कारण दिल्ली व उत्तर प्रदेश के शहरों में बाढ़ के साथ अत्यधिक गंदा पानी और सीवर सीधे बस्तियों में घुस जाता है। दिल्ली विश्वविद्यालय व ईसर भोपाल द्वारा किए गए शोध बताते हैं कि यमुना का पाट करीब 68 प्रतिशत सिकुड़ गया है और बाढ़ वाले मैदान का एक तिहाई हिस्सा पूरी तरह गायब हो गया है। इसका मतलब है कि मानसून के समय हथिनीकुंड बैराज का पानी जल प्रलय की स्थिति खड़ी कर देता है, लेकिन उसके बाद यमुना एक गंदे नाले के रूप में बहती है। यमुना में सीवर गंदे पानी का शोधन एसटीपी भी नहीं कर सकती है। यमुना के जलग्रहण क्षेत्र में अत्यधिक भूजल का दोहन करके पेयजल के रूप में उपयोग करने से तरह-तरह की बीमारियों हो रही हैं। महामारी फैलने का खतरा भी रहता है। यह स्थिति हथनीकुंड बैराज के बाद ही पैदा हो रही है। यमुना अपनी हजारों वर्ष पुरानी प्राकृतिक क्षमता लगभग खो चुकी है। गंगा की सबसे बड़ी नदी की जब यह हालात हो गई है, तो गंगा कैसे बचेगी? जहां गंगा-जमुनी संस्कृति सभ्यता के अस्तित्व पर भीषण खतरा है, वहीं दूसरी ओर पानी का संकट भी बढ़ रहा है। इन ज्वलंत सवालों पर लंबे समय तक खामोश रहकर चंद समय की सुख-सुविधाओं से कुछ हासिल नहीं होगा।

# जीवन धारा: सुख विलासिता में नहीं, अपने भीतर ही है; लालच से बचने का सूत्र कारगर

ज्योति भास्कर

मनुष्य सुख को बाहर खोजता है। वह सोचता है कि यदि उसके पास और ज्यादा धन-संपत्ति होगी, तो उसका दिल और भर जाएगा। पर दिल किसी खजाने की पेटी तो नहीं है, जिसे धन-दौलत से भरा जा सके।

मनुष्य अपने जीवन का बड़ा हिस्सा उन चीजों के पीछे भागते हुए नष्ट कर देता है, जिनके बारे में उसे लगता है कि वे उसे सुख देंगी। वह बड़े-बड़े आलीशान घर बनाता है, बेशकीमती कपड़े, जेवरात पहनता है, नाम के आगे उपाधियां जोड़ता रहता है और फिर एक दिन अकेले कमरे में बैठ कर खुद से यह पूछने पर मजबूर होता है कि मैं अब भी अशांत क्यों हूं? यह प्रश्न ही मनुष्य की सबसे बड़ी त्रासदी है। यदि सुख वास्तव में विलासिता में होता, तो राजाओं से ज्यादा सुखी कोई नहीं होता। पर इतिहास के पन्ने पलटने पर मालूम पड़ता है कि राज-दरबारों में उत्सवों की रोशनी से ज्यादा भय की छाया हुआ करती थी। सिंहासनों पर बैठे लोग भी संदेह, ईर्ष्या और असुरक्षा के साये में जीते थे।

सोने-चांदी के बर्तनों में खाना तो खाते थे, पर कभी भी चैन से सो नहीं पाते थे। विलासिता शरीर को सुविधा दे सकती है, पर आत्मा को शांति नहीं। मनुष्य की भूल यह है कि वह सुख को बाहर खोजता है, जबकि सुख का स्रोत तो भीतर है। वह सोचता है कि यदि उसके पास और ज्यादा धन-संपत्ति, शोहरत होगी, तो उसका दिल और भर जाएगा।

पर दिल किसी खजाने की पेटी तो नहीं है, जिसे धन-दौलत से भरा जा सके। वह तो एक ऐसी जगह है, जो प्रेम, स्वतंत्रता व आत्म-सम्मान से भरती है। मैंने ऐसे लोगों को देखा है, जिनके पास सब कुछ था, सिवाय संतोष के। और ऐसे लोगों को भी देखा, जिनके पास कुछ नहीं था, पर वे एक शांत मुस्कान के साथ जीवन जीते थे। आखिर फर्क कहां था? वस्तुओं में नहीं, दृष्टि में।

जिस मनुष्य ने अपने सुख को भोग-विलास के साधनों पर निर्भर बना दिया, उसने अपने जीवन को भाग्य का दास बना दिया, क्योंकि वस्तुएं तो नश्वर हैं। धन आज है, कल नहीं। लेकिन जो मनुष्य विचार की स्वतंत्रता में सुख खोजता है या कर्म-मेहनत में सुख खोजता है, उससे उसका भौतिक सुख तो छिन सकता है, पर उसका आंतरिक सुख कोई नहीं छीन सकता। विलासिता मनुष्य को बनावटी बना देती है। वह अपनी प्राकृतिक खुशियों को भूलने लगता है। तब उसे सूर्यास्त देखने के लिए भी विशेष अवसर चाहिए। वह जीवन को अनुभव नहीं करता, बल्कि उसका प्रदर्शन करता है।

मैंने सीखा कि सुख का संबंध 'अधिक' से नहीं, 'पर्याप्त' से है। जिसे यह हुनर आ गया कि सीमित वस्तुओं में भी संतोष कैसे पाया जा सकता है, वही वास्तव में स्वतंत्र है। मैं यह नहीं कहता कि गरीबी कोई महान आदर्श है। अत्यधिक अभाव भी आत्मा को तोड़ सकता है। सुख एक स्वतंत्र मन में है, जो बिना भय के सोच सके। वह उस प्रेम में है, जहां दिखावा नहीं, सच्चाई हो। सुख का रहस्य संसार को जीत लेने में नहीं, खुद के भीतर एक छोटा-सा शांत प्रदेश बना लेने में है। और शायद इसी कारण एक साधारण किसान, जो दिनभर कड़ी मेहनत करने के बाद शाम को अपने परिवार के बीच बैठ कर रोटी खाता है और हंसता है, कभी-कभी उस सम्राट से ज्यादा सुखी होता है, जो सोने के सिंहासन पर बैठा हुआ भी भय से कांप रहा हो।

# क्या-क्या जतन करते हैं, तुम्हें क्या पता ...

कई बरस पहले चेतन आनंद द्वारा निर्मित और निर्देशित एक फिल्म आई थी जिसका नाम था कुदरत फिल्म का एक गाना बड़ा मशहूर हुआ था हमें तुमसे प्यार कितना ये हम नहीं जानते मगर जी नहीं सकते तुम्हारे बिना उस गाने की एक पंक्ति ये भी थी क्या-क्या जतन करते हैं तुम्हें क्या पता हमें तुमसे प्यार कितना ये हम नहीं जानते इस गाने को सरकार ने अपना मूल मंत्र मान लिया है उसका कहना है कि हम अपने देश के मतदाताओं से कितना प्यार करते हैं ये हम जानते तो नहीं है लेकिन उनके बिना हम जी नहीं सकते क्योंकि उनके वोटो से हमारी सरकार बनती है और फिर हम सत्ता में आकर सत्ता की मलाई चाटते हैं। अब देखो ना देश में डायबिटीज के मरीज लगातार बढ़ते जा रहे हैं वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन भी इस बात को लेकर बड़ा चिंतित है कि भारत के लोग मीठा खाने में बहुत आगे हैं और इसी चक्कर में उनकी शुगर बढ़ती जा रही है सरकार को अपने लोगों की बड़ी चिंता थी तो उसने शक्कर के दामों में चालीस फीसदी की बढ़ोतरी कर दी कि जब शक्कर के दाम बढ़ जाएंगे तो मिठाई के दाम भी बढ़ेंगे और जब मिठाई के दाम बढ़ेंगे तो लोग मिठाइयां कम खाएंगे और जब मिठाइयां कम




खाएंगे तो उनकी शुगर भी नहीं बढ़ेगी। आप सोचो कितना ध्यान रखती है अपने लोगों की ये सरकार। अपने समाज में तो हर त्यौहार में मिठाई बनना जरूरी है जन्मदिन हो, शादी ब्याह हो, मुंडन संस्कार हो, राखी हो, दिवाली हो, दशहरा हो,मेहमान आए हों हर घर में मिठाई आना जरूरी है अब जब मिठाई आएगी तो घर वाले मिठाई खाएंगे और मिठाई खाएंगे तो शुगर बढ़ना लाजमी है, अब सरकार हर आदमी को तो इस बात की सलाह दे नहीं जा सकती कि भैया शक्कर मत खाओ, आपको मधुमेह हो जाएगा या आपकी शुगर बढ़ जाएगी तो सबसे अच्छा उपाय यही सोचा कि शक्कर की कीमत एकदम से बढ़ा दो ना रहेगा बांस ना बजेगी बांसुरी। लोगों को तो सरकार का धन्यवाद अदा करना चाहिए कि उसने लोगों के स्वास्थ्य की चिंता के प्रति इतनी चिंता दिखाई क्योंकि उसको मालूम है कि एक बार अगर डायबिटीज हो गई तो फिर जिंदगी भर गोली खाना पड़ेगी या फिर इंसुलिन लेना पड़ेगी इसका खर्चा भी सरकार ने बचा दिया जब मिठाई नहीं खाओगे तो शुगर बढ़ेगी नहीं और जब शुगर बढ़ेगी नहीं तो ना तो इंसुलिन लेना पड़ेगी और ना ही दवाई खाना पड़ेगी, लेकिन विरोधियों को इसमें भी चैन नहीं है पूरे देश में हल्ला मचाए पड़े हैं कि सरकार ने शक्कर के दाम बढ़ा दिए ,अरे भाई ये तो सोचो कि इस शक्कर के दाम बढ़ाने के पीछे कितनी बड़ी फिलासफी काम कर रही है अगर यही फिलासफी समझ लें विरोधी दल वाले तो फिर काहे का विरोध करेंगे लेकिन चूंकि उन्हें तो सरकार का विरोध करना है तो वो करेंगे लेकिन उनको भी ये सोचना चाहिए कि उनकी पार्टी में भी न जाने कितने डायबिटीज के मरीज होंगे शक्कर के दाम बढ़ाकर सरकार अपने विरोधियों की जान की रक्षा के लिए तत्पर हो चुकी है ऐसी सरकार को थैंक्यू कहना बहुत जरूरी है

### विजयवर्गीय उवाच

मध्यप्रदेश के बड़े भारी भरकम नेता है कैलाश विजयवर्गीय वे बोलते पहले हैं और सोचते बाद में हैं, कई बार अभी अपने इसी बड़बोलेपन को लेकर अलसेट भी खा चुके हैं उसके बावजूद उनके मुखारविंद से ऐसी बातें निकल जाती हैं जो उन्हें विवाद का केंद्र बना देती है । जब से शक्कर के नाम बढ़े हैं तब से वे एक ही रट लगाए हैं कि लोगों को मिठाई पसंद नहीं है इसलिए शक्कर महंगी होने से किसी को भी कोई फर्क नहीं पड़ेगा। ऐसा ही बयान एक बार वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी ने दिया था जब उनसे प्याज के बढ़े दामों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कह दिया कि मैं तो प्याज खाती नहीं । लगता है विजयवर्गीय जी को मिठाई की बजाय नमकीन ज्यादा पसंद है इसलिए उनकी जबान भी तीखी हो गई है वे अक्सर मीठी बातें ना करके तीखी बातें ही करते हैं, अब इन नेताजी से पूछो कि भैया किसने बोल दिया आपसे कि लोगों को मिठाई पसंद नहीं है ,। दुनिया भर की बड़ी-बड़ी स्वीट शॉप काहे के लिए खुली है जहां तरह-तरह की मिठाइयां बिक रही हैं, अगर लोगों को मिठाईयां पसंद नहीं है तो इन स्वीट शॉप्स में तो कब का ताला लग जाता है बेचारे हलवाई बेरोजगार हो जाते हैं लेकिन विजयवर्गीय तो विजय वर्गीय हैं उनके तो जो मन में आता है बोल देते हैं फिर बाद में कई बार माफ़ी नामा भी लोगों के सामने पेश करना पड़ता है । अपनी उनको एक सलाह है कि कोई भी बयान जारी करने के पहले आठ दस बार उस बयान की प्रैक्टिस कर लिया करें और दो-चार एक्सपर्ट से पूछ भी लिया करें कि मेरे इस बयान का कोई उल्टा असर तो नहीं होने वाला, लेकिन अपने को ये मालूम है कि भैया ऐसा कुछ नहीं करेंगे उन्हें तो जो बोलना है वह बोलेंगे विरोधियों को बुरा लगे तो लगे अपनी बला से।

### एक प्रेमी ऐसा भी

लोग बाग कहते हैं कि इंसान यदि मोहब्बत में पड़ जाए तो आशिक महबूबा के लिए तारे भी तोड़कर लाने की बात कहता है । सफ़र फिल्म का एक एक गाना भी है जो आशिक अपनी महबूबा के लिए गा रहा है जो तुमको हो पसंद वही बात कहेंगे तुम दिन को अगर रात तो हम रात कहेंगे यानी अगर महबूबा ने जो मांग कर दी उसको आशिक जान लगाकर पूरा करने का प्रयास करता है ,लेकिन महाराष्ट्र का एक प्रेमी बड़ा अजीब निकला, महाराष्ट्र में ड्रग इंस्पेक्टर की परीक्षा हो रही थी और एक महबूबा ने अपने प्रेमी से पेपर लाने के लिए कहा, उस बेचारे ने न जाने कहां से जुगाड़ लगाकर प्रेमिका को पेपर दे दिया और वह पास भी हो गई लेकिन फिर पता नहीं अचानक क्या हुआ उन दोनों का ब्रेकअप हो गया, अब आशिक भारी नाराज, उसने पेपर लीक होने की शिकायत लोक सेवा आयोग से कर दी और उसके बाद छह लोग गिरफ्तार भी हो गए जिसमें ये आशिक भाई साहब भी शामिल थे लेकिन महबूबा का क्या हुआ ये अभी पता नहीं लगा है लेकिन एक बात जरूर समझ में आती है कि यदि प्रेमी नाराज हो जाए तो फिर क्या से क्या हो सकता है यह घटना से सामने आ चुका है।

### सुपर हिट ऑफ द वीक

परसों मेरी बीवी कुएं में गिर गई थी, बहुत चोट लगी, बहुत चिल्ला रही थी। श्रीमान जी ने अपने दोस्त से कहा

अब कैसी है? मित्र ने घबरा कर पूछा

अब ठीक है, कल से कुएं से आवाज नहीं आई श्रीमान जी ने उत्तर दिया

# नेपाल त्रासदी के बीच टीचर ने कैसे बचाई हजारों बच्चों की जान

काठमांडू

नेपाल में जिस दिन जलप्रलय ने तबाही मचाई थी उस दिन कुछ ही मिनटों में तीन चेतावनियां मिली थीं। एक अकाउंटेंट ने आकर बताया कि पानी तेजी से अंदर आ रहा है, फिर एक टीचर ने ऊपरी इलाके से फोन करके बताया कि इलाका पूरी तरह से डूब गया है, इसके बाद एक पिता अपनी बच्ची को लेने के लिए स्कूटर से स्कूल पहुंचे थे। त्रिभुवन त्रिशूली सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल राजेंद्र दवाडी को एक साथ तीन चेतावनियां मिली थीं और उन्होंने स्कूल के लगभग 900 छात्रों को बाहर निकालने का आदेश दिया। इससे पहले कि नदी 76 साल पुराने कैंपस को बहा ले जाती वे सभी सुरक्षित निकल गए। टीओआई की रिपोर्ट के मुताबिक, दवाडी का कहना है कि बच्चे तो बच्चे यहां तक कि टीचर और घरेलू स्टाफ भी नदी से डरे हुए हैं। जब भी नदी को देखते हैं तो इन्हें डर लगता है। जब उन्हें चेतावनी मिली तो स्कूल में बच्चों समेत लगभग एक हजार लोग मौजूद थे। तीस लड़कियां रेजिडेंशियल हॉस्टल में थीं।जब इन लड़कियों ने दवाडी से पूछा कि वे कहां जाएं क्योंकि घर दूर थे तो वह इन बच्चों को अपने साथ पहाड़ी पर ऊपर की तरफ ले गए। दवाडी ने एक कर्मचारी को घंटी बजाने का आदेश दिया और टीचर क्लासरूम खाली करवाने लगे। स्टाफ ने पैनिक अटैक से जूझ रहे स्टूडेंट्स की मदद की। बाढ़ से प्रभावित रसुवा, धाडिंग और नुवाकोट जिलों में सबसे पुराने स्कूल त्रिभुवन त्रिशूली में 1,643 स्टूडेंट्स थे। स्कूल के अंदर मौजूद सभी स्टूडेंट्स बच गए। दवाडी ने बताया कि दो स्टाफ सदस्य अभी भी लापता हैं।



### बाढ़ ने बर्बाद कर दिया स्कूल

बाढ़ ने स्कूल की लगभग हर चीज बर्बाद कर दी, जिसमें 2015 के भूकंप के बाद भारतीय दूतावास की मदद से बना 18 कमरों वाला तीन मंजिला ब्लॉक भी शामिल था। स्कूल की संपत्ति में बस दो बसें ही बचीं। उनमें से एक बस भारतीय दूतावास ने दी थी। दवाडी ने कहा, बाढ़ में सब कुछ बह गया।

### छात्रों ने बयां किया वो खौफनाक मंजर

छात्रों ने अपने स्कूल को बर्बाद होते देखने के खौफनाक अनुभव के बारे में बताया। 10वीं की एक छात्रा ने बताया, हम सुबह की असेंबली के लिए तैयार हो रहे थे, तभी टीचर चिल्लाने लगे कि हम पहाड़ी पर भागें। मैंने अपना बैग और किताबें क्लासरूम में ही छोड़ दीं। पहाड़ी की चोटी से नीचे देखने पर जब मैंने नदी का पानी हमारे खेल के मैदान को डुबोते हुए देखा तो वह नजारा बहुत डरावना था लेकिन मुझे खुशी है कि मेरे सभी दोस्त सुरक्षित बच गए। 12वीं क्लास के स्टूडेंट को इतना याद है कि बाढ़ को देखने से पहले ही उन्होंने उसकी आवाज सुनी थी। छात्र ने कहा, गाद को आते देखने से पहले ही नदी की गड़गड़ाहट धीमी बिजली की आवाज जैसी लग रही थी। टीचरों ने तेजी से सभी को हॉस्टल से निकालकर ऊंची जगह पर पहुंचाया। स्कूल अब पूरी तरह कीचड़ में डूबा हुआ है और हमें नहीं पता कि हम कब क्लास में वापस जा पाएंगे लेकिन हम अस्थायी कैंप में एक-दूसरे का ख्याल रख रहे हैं।

## भारत-उज्बेकिस्तान के बीच यूरेनियम आपूर्ति संबंधी समझौता देश की भविष्य की ऊर्जा जरूरतों के लिए अहम : भाजपा

नयी दिल्ली, (वार्ता)

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उज्बेकिस्तान दौरे को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि इस दौरान दोनों देशों के बीच यूरेनियम आपूर्ति को लेकर हुआ समझौता देश की भविष्य की ऊर्जा जरूरतों के लिए अहम है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने सोमवार को यहां श्री मोदी के उज्बेकिस्तान दौरे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए संवाददाताओं से कहा कि उनकी (श्री मोदी) की उज़्बेकिस्तान की यात्रा ऐतिहासिक रही है। उन्होंने कहा, पूरा देश जानता है कि ताशकंद ही वह जगह है, जहाँ हमारे पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की रहस्यमय परिस्थितियों में मृत्यु हो गयी थी।उन्होंने कहा कि उस दौर में कई ऐसी ताकतें भी थीं जो परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भारत के आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदमों के पक्ष में नहीं थीं। आज, लगभग 60 साल बाद ताशकंद की उसी धरती से श्री मोदी ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा और परमाणु ऊर्जा की निरंतरता सुनिश्चित करने की दिशा में यूरेनियम आपूर्ति को लेकर एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। यह समझौता भारत की भविष्य की ऊर्जा जरूरतों के लिए अहम है।



भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि यह बदलाव सिर्फ़ एक समझौते तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दिखाता है कि पिछले छह दशकों में भारत की वैश्विक स्थिति और रणनीतिक क्षमताएँ कैसे बदली हैं। उन्होंने बताया कि श्री मोदी की यात्रा के दौरान यूरेनियम आपूर्ति के साथ-साथ, 2030 तक व्यापार को मौजूदा लगभग एक अरब डॉलर से बढ़ाकर पांच अरब डॉलर करने का लक्ष्य भी तय किया गया है। साथ ही, महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति को लेकर भी एक अहम समझौता हुआ है।

श्री त्रिवेदी ने कहा कि भारत और उज़्बेकिस्तान के बीच प्राचीन सांस्कृतिक संबंधों के नज़रिये से श्री मोदी की यह यात्रा बेहद महत्वपूर्ण रही है। उज़्बेकिस्तान के टर्मेज़ क्षेत्र में भगवान बुद्ध से जुड़ी विरासत स्थलों के संरक्षण की ज़िम्मेदारी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा लेना हमारी साझा सभ्यतागत विरासत को नयी मज़बूती देता है।

उन्होंने कहा कि इस दौरान उज़्बेकिस्तान द्वारा श्री मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित करना भी एक ऐतिहासिक क्षण है। यह केवल प्रधानमंत्री का व्यक्तिगत सम्मान नहीं है, बल्कि भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा, पहचान और राष्ट्रीय गौरव का सम्मान है।

## जनता दर्शन में पहुंचे जरूरतमंद सीएम योगी ने दिया इलाज में पूरी आर्थिक मदद का भरोसा



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'जनता दर्शन' में अपनी बीमार बहन के इलाज की गुहार लेकर पहुंचे एक व्यक्ति को मदद का आश्वासन देते हुए सोमवार को कहा कि धन की कमी के कारण किसी का इलाज नहीं रुकेगा। एक बयान के मुताबिक यहां मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित 'जनता दर्शन' में पहुंचे अयोध्या निवासी श्याम सोनकर ने मुख्यमंत्री के समक्ष गुहार लगाई कि उनकी बहन बबिता कुछ दिनों से अयोध्या में भर्ती थीं लेकिन बाद में चिकित्सकों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया। सोनकर ने कहा कि परिवार के अत्यंत गरीब होने के कारण इलाज में परेशानी आ रही है जिस पर मुख्यमंत्री ने अपने आवास से तत्काल पीड़िता को एंबुलेंस से गोमती नगर स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान भिजवाया। मुख्यमंत्री का निर्देश मिलने के बाद चिकित्सकों की देख-रेख में मरीज का इलाज प्रारंभ हो गया। मुख्यमंत्री ने पीड़िता के परिजनों को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया। 'जनता दर्शन' में कई अन्य लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे, मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि इलाज पर होने वाले अनुमानित खर्च के संबंध में फाइल तैयार कर सरकार को उपलब्ध कराई जाए।

## अखिलेश यादव का स्पेशल टास्क फ़ोर्स पर बड़ा हमला: बोले

# यह स्वजातीय टॉर्चर फ़ोर्स है

लखनऊ

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार पर जाति के आधार पर भेदभाव करने का आरोप लगाया और कहा कि जाति के आधार पर फ़र्ज़ी एनकाउंटर किए गए। लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने राज्य की स्पेशल टास्क फ़ोर्स की आलोचना करते हुए दावा किया कि इसका इस्तेमाल समाज के कुछ खास वर्गों के ख़िलाफ़ किया गया। यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री की स्ज्ञस्न का असल मतलब स्वजातीय टॉर्चर फ़ोर्स है और समाज के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) वर्गों को लगातार उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में बदायूं में एक पुलिस स्टेशन के अंदर एक दलित युवक की हत्या कर दी गई; गौरतलब है कि बदायूं के 22 पुलिस स्टेशनों में से 10 के इंचार्ज मुख्यमंत्री की अपनी जाति के हैं।

उन्होंने कस्टडी में हुई मौतों के बारे में पुलिस के बयानों और मौजूद सबूतों में अंतर का आरोप लगाया और कहा कि राज्य में एनकाउंटर जाति से प्रभावित होते हैं। यादव ने कहा कि बदायूं में कस्टडी में हुई मौत के मामले में पुलिस कार्डियक अरेस्ट को वजह बता रही है, लेकिन उनका बयान सीसीटीवी फुटेज से मेल नहीं खाता। वाराणसी में मुख्यमंत्री की जाति के लोगों ने रामजनम नाम के एक दलित व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। फर्जी एनकाउंटर के मामलों में, एनकाउंटर जाति के आधार पर किए गए। भविष्य में जब सरकार बदलेगी, तो इन सभी मामलों की जांच होगी। पुलिस विभाग के अंदर भी पीडीए से जुड़े लोगों के साथ अन्याय हो रहा है।



चुनाव से जुड़े मामलों पर बात करते हुए, यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा आने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों से पहले एक और वोटर लिस्ट में सुधार का अभियान चलाने की योजना बना रही है, जिसका मकसद दूसरे राज्यों से आए लोगों को वोटर के तौर पर रजिस्टर करना है। उन्होंने कहा कि स्ढ्ढक्र (स्पेशल इंटेंसिव रिविजन) के बाद, भाजपा यूपी चुनावों से पहले एक और रिविजन करने की योजना बना रही है; उन्होंने पहले स्ढ्ढक्र के बाद फॉर्म 7 भरा था। अब, वे बिहार, छत्तीसगढ़ और झारखंड से आए लोगों को क्क में वोटर के तौर पर रजिस्टर करने के लिए एसएआर करने का इरादा रखते हैं। हमारी पार्टी का बूथ लेवल पर चुनाव प्रचार कल से शुरू होने वाला है। यादव ने निवेश और शिक्षा को लेकर राज्य सरकार के दावों पर भी सवाल उठाए और आरोप लगाया कि कई स्कूल बंद कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि वे निवेश की बात तो करते हैं, लेकिन उन्होंने असल प्रगति की समीक्षा नहीं की है।

## तिब्बत में भूस्खलन के बाद लापता लोगों की तलाश के लिए चीन कर रहा हर संभव प्रयास : शी जिनपिंग



**बीजिंग, (वार्ता/स्पुतनिक)।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा है कि उनकी सरकार तिब्बत क्षेत्र में भूस्खलन के बाद लापता लोगों की तलाश के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। नेपाल में 26 अगस्त को बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ था, जिससे तिब्बत क्षेत्र में चीन-नेपाल सीमा पर स्थित गिरोंग चेकपॉइंट के पास भारी तबाही हुई। ताजा आंकड़ों के अनुसार, चीन-नेपाल में आयी इस प्राकृतिक आपदा के कारण 900 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और 4,000 से अधिक लोग लापता हैं। किर्गिस्तान की राजधानी बिशकेक में वहां के राष्ट्रपति सादिर जापारोव के साथ बैठक में श्री जिनपिंग ने कहा, तिब्बत क्षेत्र में आये मलबे के बहाव के बाद लापता दर्ज चीनी और विदेशी नागरिकों की तलाश के लिए चीन हर संभव प्रयास कर रहा है।

स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, इस भीषण भूस्खलन के कारण तीन रूसियों सहित 23 देशों के 261 विदेशी नागरिकों से संपर्क टूट गया था। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा है कि भीषण भूस्खलन के बाद चीन-नेपाल सीमा पर चलाये जा रहे बचाव कार्य अपनी जटिलता और गंभीरता के मामले में अभूतपूर्व हैं।

# मायावती ने 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की

लखनऊ, (वार्ता)

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोमवार को पार्टी के उत्तर प्रदेश संगठन की बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने प्रदेश, मंडल और सभी 75 जिलों के अध्यक्षों समेत वरिष्ठ पदाधिकारियों से पार्टी उम्मीदवारों के चयन की प्रगति की जानकारी ली।बसपा की ओर से जारी बयान के अनुसार, मायावती ने संगठन की पिछले दो बैठकों में दिए गए निर्देशों के अनुपालन और बूथ स्तर तक समितियों के पुनर्गठन की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने कमियों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

मायावती ने बदलते राजनीतिक हालात को देखते हुए चुनावी तैयारियों को और अधिक तेज एवं प्रभावी बनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि विरोधी दलों के साम, दाम, दंड और भेद जैसे हथकंडों का मुकाबला करते हुए बसपा को उत्तर प्रदेश में कानून के बेहतर राज तथा 'सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय' की सरकार बनाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ना है।



उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावी स्वार्थ के लिए विरोधी दल वोटिंग से पहले महिलाओं सहित विभिन्न वर्गों को निजी लाभ पहुंचाने वाले वादों और घोषणाओं के माध्यम से प्रभावित करने का प्रयास करते हैं। मायावती ने पार्टी कार्यकर्ताओं से जनता को ऐसे हथकंडों के प्रति सतर्क करने और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान के लिए जागरूक करने को कहा।

उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में चुनाव के बाद सरकारों की वादाखिलाफी और जनहित के प्रति गैर-जिम्मेदारी के मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता को ऐसे अनुभवों से आगाह करना जरूरी है, ताकि वह खुली आंखों से अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सके।

मायावती ने कहा कि महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी और पलायन जैसी समस्याओं से प्रदेश की जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि सरकार की घोषणाएं आम लोगों को राहत देने में पर्याप्त साबित नहीं हो रही हैं। बसपा अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से इन मुद्दों को जनता के बीच मजबूती से उठाने और चुनावी तैयारियों में पूरी ताकत झोंकने का आह्वान किया।

### ग्रैंड कैन्यन में अचानक आयी बाढ़ में एक व्यक्ति की मौत : रिपोर्ट

**एरिजोना, (वार्ता)।** अमरीका के एरिजोना राज्य में स्थित ग्रैंड कैन्यन नेशनल पार्क में अचानक आयी बाढ़ में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। एनबीसी ने सोमवार को पार्क अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी।ग्रैंड कैन्यन के सुदूर इलाके में आयी अचानक बाढ़ के बाद दस से ज्यादा लोग लापता हैं। नेशनल पार्क सर्विस ने लापता लोगों की अनुमानित संख्या 20 से घटाकर 15 कर दी है खोज अभियान जारी है। पानी में चट्टानों के बहते मलबे के खतरे को देखते हुए कोलोराडो नदी में नौकायन गतिविधियां निलंबित कर दी गयी है।

## अमेरिका ईरान के साथ लेन-देन करने वाले बैंक पर लगाएगा प्रतिबंध: बेसेंट

वॉशिंगटन, (वार्ता)

अमेरिका इस हफ़्ते ईरान से जुड़े लेन-देन के लिए एक बैंक पर प्रतिबंध लगाएगा। अमरीकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने रविवार को यह बात कही। श्री बेसेंट ने कहा, अगर ज़रूरत पड़ी तो हम आर्थिक कार्रवाई करेंगे। हम लोगों को दिखा रहे हैं कि हमें पता है कि आप कौन हैं, आपको भी पता है कि आप कौन हैं, और यह सब बंद होना चाहिए। उन्होंने यह नहीं बताया कि किस बैंक पर प्रतिबंध लगाया जाना है।

श्री बेसेंट ने जी20 वित्त मंत्रियों की आगामी बैठक में चीनी सहयोगियों से मिलने की योजना के बारे में भी बताया। मंत्री के अनुसार ईरान के साथ लगातार सहयोग करने के कारण चीन पर प्रतिबंध लगाने के लिए अमेरिका सभी विकल्पों पर विचार कर रहा है। सीबीएस ने शुक्रवार को खबर दी थी कि अमरीकी वित्त मंत्रालय मिस्र के बैंक बैंके मिस्र की यूएई शाखा को अमरीकी वित्तीय प्रणाली तक पहुँचने से रोकने का इरादा रखता है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

### 'यमला पगला दीवाना फिर से' के आठ साल, कृति ने 'चिक्कू' से बनाई अलग पहचान



देओल परिवार की चर्चित फ्रेंचाइजी 'यमला पगला दीवाना' की तीसरी फिल्म 'यमला पगला दीवाना फिर से' के रिलीज को आठ साल पूरे हो गये हैं। धर्मेंद्र, सनी देओल और बॉबी देओल की मौजूदगी वाली इस फिल्म में कृति खरबंदा ने 'चिक्कू' का किरदार निभाकर दर्शकों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई। फिल्म में कृति का किरदार कॉमेडी, रोमांस और पारिवारिक मनोरंजन से भरी कहानी का अहम हिस्सा था। स्थापित फ्रेंचाइजी और देओल परिवार की मजबूत स्क्रीन मौजूदगी के बीच कृति ने सहज अभिनय और प्रभावी स्क्रीन प्रेजेंस से 'चिक्कू' को अलग रंग दिया। बॉबी देओल के साथ उनकी केमिस्ट्री को भी दर्शकों ने पसंद किया। दोनों के बीच की हल्की-फुल्की नोकझोंक और रोमांटिक अंदाज ने फिल्म के मनोरंजक पक्ष को मजबूत किया। कृति ने हास्य दृश्यों के साथ-साथ भावनात्मक और रोमांटिक दृश्यों में भी अपनी सहजता बरकरार रखी। फिल्म के गीतों और मनोरंजक दृश्यों में भी कृति की जीवंत मौजूदगी देखने को मिली। उनकी ऊर्जावान प्रस्तुति और आकर्षक स्क्रीन प्रेजेंस ने फिल्म के माहौल के साथ अच्छा तालमेल बनाया। आठ वर्ष बाद 'यमला पगला दीवाना फिर से' कृति खरबंदा के करियर के महत्वपूर्ण पड़ावों में शामिल है। इस फिल्म के जरिये उन्होंने बड़े कमर्शियल एंटरटेनर में काम करने के साथ कॉमेडी और रोमांस जैसे अलग-अलग रंगों को निभाया।


### रक्षाबंधन पर पिता की परंपरा को आगे बढ़ा रहे 'हमारी राधा' के अक्षय म्हात्रे



अनमोल टीवी के शो 'हमारी राधा' में गिरधर की भूमिका निभा रहे अक्षय म्हात्रे के लिए रक्षाबंधन का त्योहार बेहद खास है।.अक्षय की कोई सगी बहन नहीं है, लेकिन वह हर वर्ष अपनी बहनों से राखी बंधवाते हैं। उनका यह रिश्ता उनके पिता से जुड़ी एक खास परंपरा का हिस्सा है।अक्षय के पिता की भी कोई सगी बहन नहीं थी। बचपन में उनके मोहल्ले की लड़कियां उन्हें राखी बांधती थीं। समय के साथ ये रिश्ते मजबूत होते गए। अपने पिता को इन रिश्तों को पूरी आत्मीयता से निभाते देखकर अक्षय ने भी इस परंपरा को आगे बढ़ाने का फैसला किया। अक्षय ने कहा, मेरे लिए रक्षाबंधन इसलिए खास है, क्योंकि यह उन रिश्तों को और मजबूत करने का दिन है, जिन्हें हम दिल से अपने साथ रखना चाहते हैं। न होते हुए भी आज मेरी बहनें हैं और उनके साथ यह त्योहार मनाकर मैं उस परंपरा को आगे बढ़ा रहा हूं, जिसकी शुरुआत मेरे पिता ने की थी। पहले मेरे पिता मुझे बहनों के लिए उपहार खरीदने में मदद करते थे और अब यह जिम्मेदारी मेरी पत्नी संभालती है। उन्होंने कहा, मुझे आज भी याद है कि कुछ साल पहले मैंने अपनी बहनों को चांदी की ज्वेलरी उपहार में दी थी और उन्हें वह बहुत पसंद आई थी। मेरे लिए रक्षाबंधन की यही खूबसूरती है कि कुछ परंपराएं प्यार और उनसे जुड़ी यादों की वजह से खास बन जाती हैं।

### 'दायरा' के नए पोस्टर्स में करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन का दमदार अंदाज

मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी फिल्म 'दायरा' के निर्माताओं ने करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन के सोलो पोस्टर्स जारी किए हैं। पोस्टर्स में दोनों कलाकार अपने किरदारों क्रमशः डीसीपी अजोनी कोहली और डीसीपी रमन कुमार के रूप में नजर आ रहे हैं।




करीना कपूर खान डीसीपी अजोनी कोहली के किरदार में बेहद दमदार अंदाज में दिखाई दे रही हैं। उनकी आंखों में गुस्सा और चेहरे पर आत्मविश्वास साफ झलकता है। चलते ट्रकों के बीच दिखाए गए इस पोस्टर में जल्दबाजी, हलचल और रहस्य का माहौल नजर आता है। वहीं, 'दायरा' के लोगो के बीच से गुजरती पुलिस टेप कहानी में एक अलग तरह की सीमा की ओर इशारा करती है। पृथ्वीराज सुकुमारन डीसीपी रमन कुमार के किरदार में शांत लेकिन प्रभावशाली अंदाज में नजर आ रहे हैं। बड़े घास के मैदान में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के बीच दिखाया गया उनका पोस्टर तनावपूर्ण माहौल को सामने लाता है। उनके सख्त तेवर और चेहरे पर दिखता गुस्सा इस बात की ओर इशारा करता है कि उनके किरदार के भीतर काफी कुछ चल रहा है। अब दर्शकों की दिलचस्पी इस बात को लेकर है कि उनके किरदार की कहानी आगे किस मोड़ पर जाती है।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मकार मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी 'दायरा' सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। फिल्म की कहानी यश केसवानी, सीमा अग्रवाल और मेघना गुलजार ने लिखी है। यह फिल्म जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियोज की पहली संयुक्त प्रस्तुति है। साथ ही, यह मेघना गुलजार और जंगली पिक्चर्स की 'तलवार' और 'राजी' के बाद तीसरी साझेदारी है। 'दायरा' की कहानी की अगली झलक 31 अगस्त को ट्रेलर के साथ सामने आएगी।'दायरा' 18 सितंबर, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## अनशुमन झा और रघुबीर यादव की 'ओम का हरि' 18 सितंबर को होगी रिलीज

अनशुमन झा और रघुबीर यादव अभिनीत भावनात्मक ड्रामा फिल्म 'ओम का हरि' 18 सितंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।हरीश व्यास निर्देशित इस फिल्म में सोनी राजदान, समता सुदीक्षा और आयशा कपूर भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म पिता और बेटे के रिश्ते, पीढ़ियों के बीच के अंतर और अनकहे प्यार की कहानी को पेश करती है। फर्स्ट रे फिल्म्स की पांचवीं प्रोडक्शन फिल्म 'ओम का हरि' की कहानी भोपाल में रहने वाले जिद्दी पिता हरि प्रसाद शर्मा और अपने फैसले खुद लेने वाले उनके बेटे ओम प्रसाद शर्मा के इर्द-गिर्द घूमती है। दोनों के बीच शुरू हुआ टकराव भोपाल से वाराणसी तक पहुंचता है। फिल्म में एक ओर बेटा अपनी आजादी चाहता है, वहीं दूसरी ओर पिता को लगता है कि वह अपने बेटे के लिए सबसे बेहतर जानते हैं। यही सोच दोनों के बीच टकराव पैदा करती है। फिल्म इसी पारिवारिक संघर्ष के बीच यह सवाल उठाती है कि क्या हम अपने पिता से खुलकर कह पाते हैं कि हम उनसे प्यार करते हैं और क्या पिता भी अपने बेटे से अपने प्यार का इजहार कर पाते हैं।



निर्देशक हरीश व्यास ने कहा कि उनकी तीनों फिल्मों की कहानियां प्यार के अलग-अलग रूपों और उन भावनाओं पर आधारित रही हैं, जिन्हें लोग अक्सर कह नहीं पाते। 'अंग्रेजी में कहते हैं' में शादी के कई वर्षों बाद भी पति-पत्नी के बीच प्यार का इजहार करने की जरूरत को दिखाया गया था, जबकि 'हम भी अकेले, तुम भी अकेले' दोस्ती में प्यार को समझने की कहानी थी। 'ओम का हरि' पिता और बेटे के उस रिश्ते पर आधारित है, जिसमें दोनों एक-दूसरे से बेहद प्यार करते हैं, लेकिन उस प्यार को शब्दों में कहना भूल गए हैं। 'ओम का हरि' हरीश व्यास और अनशुमन झा की साथ में तीसरी फिल्म है। इससे पहले दोनों 'अंग्रेजी में कहते हैं' और 'हम भी अकेले, तुम भी अकेले' में साथ काम कर चुके हैं।

फिल्म का संगीत भी कहानी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसमें दिवंगत दिग्गज गायिका आशा भोसले, अमित कुमार, परेश पाहुजा सहित कई गायकों की आवाज सुनाई देगी।

# महिलाओं को कृषि के साथ विविध आर्थिक गतिविधियों से जोड़कर बनाया जाएगा आत्मनिर्भर

### जिले में क्लस्टर फार्मिंग की अभिनव पहल

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

जिले में महिला किसानों को कृषि गतिविधियों के साथ-साथ विभिन्न आर्थिक गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अभिनव पहल शुरू की गई है। नर्मदा समृद्धि परियोजना के तहत क्लस्टर फार्मिंग मॉडल के माध्यम से स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को संगठित कर उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन से जोड़ने की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर परियोजना के क्रियान्वयन एवं आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। परियोजना का उद्देश्य जिले के 6 विकासखंडों में आगामी तीन वर्षों में 10 हजार छोटी एवं सीमांत महिला किसानों को टिकाऊ आर्थिक गतिविधियों से जोड़ते हुए उनकी आय में वृद्धि करना है। इसके लिए एग्रीकल्चर प्रोडक्शन क्लस्टर मॉडल विकसित किए जाएंगे।




### स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को क्लस्टर फार्मिंग से जोड़ा जाएगा

एनजीओ प्रदान की टीम लीड कृष्णा तिवारी ने बताया कि क्लस्टर फार्मिंग के तहत स्व-सहायता समूहों की महिलाओं के साथ एसोसिएट होकर उन्हें संगठित रूप से कृषि एवं अन्य आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। महिलाओं को समूह के रूप में उत्पादन की योजना बनाने, आवश्यक इनपुट की सामूहिक खरीदी, तकनीकी जानकारी प्राप्त करने तथा उत्पादों के सामूहिक विपणन के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को केवल खेती तक सीमित रखना नहीं, बल्कि विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के माध्यम से उनकी आय के स्रोतों को बढ़ाना और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। गांव स्तर पर लगभग 40-50 महिला किसानों के प्रोड्यूसर ग्रुप बनाए जाने की परिकल्पना है, जो उत्पादन योजना, क्षमता निर्माण, इनपुट एक्सेस और सामूहिक मार्केटिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### खेती के साथ पशुपालन, मशरूम, मत्स्य और अन्य गतिविधियों पर जोर

क्लस्टर के अंतर्गत क्षेत्र की क्षमता और बाजार की मांग के अनुसार फल उत्पादन, उच्च मूल्य वाली सब्जियां, दालें, तिलहन और मसालों को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके साथ ही मशरूम उत्पादन, मत्स्य पालन, बैकयार्ड बकरी पालन, डेयरी तथा अन्य छोटे उद्यमों को भी महिलाओं की आय का अतिरिक्त स्रोत बनाया जाएगा। इको-टूरिज्म के अंतर्गत होम-स्टे जैसी गतिविधियों को भी प्रोत्साहित करने का प्रस्ताव है।

### उत्पादन से बाजार तक महिलाओं की भागीदारी

इस पहल के तहत महिलाओं को उत्पादन के साथ ग्रेडिंग, सॉर्टिंग, मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण, भंडारण और विपणन से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा। सामुदायिक नर्सरी, संरक्षित खेती, सूक्ष्म सिंचाई, भंडारण एवं ग्रेडिंग-सॉर्टिंग केंद्र जैसी सुविधाओं के माध्यम से उत्पादन की गुणवत्ता और बाजार तक पहुंच बेहतर बनाने की योजना है।

### विभिन्न विभागों के सहयोग से होगा क्रियान्वयन

कृष्णा तिवारी ने बताया कि इस पूरी पहल में विभिन्न विभागों का सहयोग एवं योजनाओं का अभिसरण लिया जाएगा, ताकि महिलाओं को कृषि, उद्यानिकी, सिंचाई, ग्रामीण विकास, मत्स्य पालन, पर्यटन सहित संबंधित क्षेत्रों की योजनाओं का लाभ मिल सके। जिला एवं ब्लॉक स्तर पर समन्वय के माध्यम से आवश्यक संसाधन, तकनीकी सहायता, अधोसंरचना और बाजार संपर्क उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जाएगा। परियोजना के तहत पहले मॉडल क्लस्टर विकसित कर उसकी सफलता के आधार पर इसे व्यापक स्तर पर लागू करने की कार्ययोजना है। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि यह पहल नरसिंहपुर की ग्रामीण महिलाओं को कृषक से कृषि उद्यमी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।

# 108 एंबुलेंस सेवा लगातार जारी

### तकनीकी खराबी से प्रभावित वाहनों को तत्काल सेवा में लाने की कार्रवाई

### 2 नई ए.एल.एस. एंबुलेंस से मजबूत होगी व्यवस्था

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिले में राज्य स्तर से संचालित 108 निःशुल्क एंबुलेंस सेवा लगातार जारी है। एक दिन में तीन एंबुलेंस में अचानक तकनीकी खराबी आने तथा पूर्व से ऑफ-रोड कुछ 108 एंबुलेंस के त्योहार के कारण वर्कशॉप में तत्काल सुधार नहीं हो पाने से कुछ मामलों में सेवा प्रभावित होने की जानकारी सामने आई थी। स्थिति की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष कुमार मिश्रा के निर्देश पर 29 अगस्त 2026 को तत्काल स्थिति से राज्य कार्यालय एवं 108 सेवा के स्टेट हेड को अवगत कराया गया। राज्य कार्यालय द्वारा 108 सेवा संचालित करने वाली संबंधित कंपनी को प्रभावित वाहनों को शीघ्र दुरुस्त कर सेवा में लाने तथा जिले में पर्याप्त वैकल्पिक एंबुलेंस व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**कुछ ऑफ-रोड एंबुलेंस सेवा में लौटीं, शेष दो दिन में होंगी दुरुस्त**-रात्रि 10 बजे 108 सेवा के स्टेट हेड से हुई दूरभाष चर्चा में बताया गया कि जिले के कुछ ऑफ-रोड वाहन पुनः सेवा में आ गए हैं। शेष वाहनों को भी आगामी दो दिवस में दुरुस्त कर सेवा में लाने की जानकारी दी गई है। इसके अलावा जिले की एंबुलेंस व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए शीघ्र ही भोपाल से 02 नई, (एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट) एंबुलेंस भेजे जाने की जानकारी दी गई है। स्टेट हेड 108 द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी वाहन के तकनीकी कारणों से ऑफ-रोड होने की स्थिति में तत्काल पर्याप्त वैकल्पिक एंबुलेंस उपलब्ध कराई जाएगी। वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित 108 जिला प्रबंधक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**पिछले छह दिनों की हितग्राहीवार जानकारी तलब**-108 सेवा की स्थिति की विस्तृत समीक्षा के लिए सीएमएचओ डॉ. मनीष कुमार मिश्रा ने पिछले छह दिनों में 108 सेवा से लाभान्वित हितग्राहियों की हितग्राहीवार जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसके माध्यम से कॉल प्राप्त होने से लेकर एंबुलेंस उपलब्ध होने तक की पूरी व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी। इसका उद्देश्य सेवा में आने वाली किसी भी कमी की पहचान कर उसे दूर करना और जरूरतमंदों को समयबद्ध एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराना है। सीएमएचओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 108 एंबुलेंस सेवा में किसी भी प्रकार की अनावश्यक बाधा नहीं आनी चाहिए। किसी वाहन के तकनीकी कारणों से ऑफ-रोड होने पर तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि जरूरतमंद मरीजों एवं हितग्राहियों को समय पर निःशुल्क एंबुलेंस सेवा मिल सके।

**निजी एंबुलेंस द्वारा अधिक किराया वसूली की जानकारी पर भी संज्ञान**-शासकीय अस्पताल से निजी एंबुलेंस द्वारा परिस्थितियों का लाभ उठाकर अधिक किराया वसूले जाने संबंधी जानकारी सोशल मीडिया एवं विभिन्न समाचार माध्यमों के माध्यम से सामने आई है। सीएमएचओ डॉ. मनीष कुमार मिश्रा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की बात कही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में 108 निःशुल्क एंबुलेंस सेवा को सुचारु, प्रभावी और समयबद्ध बनाए रखने के लिए आवश्यक स्तर पर लगातार निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है।

# जिले में एक से 14 सितंबर तक मनाया जाएगा साक्षरता परववाड़ा

### जन-जन तक पहुंचेगा हर व्यक्ति साक्षर-हर घर साक्षर का संदेश

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश के मार्गदर्शन में जिले में एक से 14 सितंबर 2026 तक साक्षरता पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस 8 सितंबर के अवसर पर आयोजित होने वाले इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य जिले में असाक्षर व्यक्तियों को साक्षरता से जोड़ना तथा शिक्षा के महत्व के प्रति समाज में व्यापक जागरूकता उत्पन्न करना है। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस पखवाड़े के दौरान हर व्यक्ति साक्षर-हर घर साक्षर के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। अभियान के माध्यम से साक्षरता को केवल व्यक्तिगत आवश्यकता न मानते हुए इसे सामाजिक जिम्मेदारी एवं जनभागीदारी से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। जिला परियोजना समन्वयक श्री प्रदीप द्विवेदी एवं जिला साक्षरता समन्वयक श्री अखलेश राजोरिया ने पखवाड़े के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों एवं मैदानी अमले को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पखवाड़े के दौरान वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर चिन्हित असाक्षर व्यक्तियों का डोर-टू-डोर सर्वेक्षण किया जाएगा। सर्वेक्षण के माध्यम से असाक्षर व्यक्तियों की जानकारी को अद्यतन करते हुए उनका ऑनलाइन पंजीयन किया जाएगा। इसके साथ ही असाक्षर व्यक्तियों को साक्षर बनाने में सहयोग के लिए स्वयंसेवी अक्षर साथियों का पंजीयन भी किया जाएगा। साक्षरता केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां संचालित गतिविधियों की जानकारी ली जाएगी। कार्यशालाओं एवं बैठकों के माध्यम से संबंधित अमले को अभियान की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। 5 सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर जिले के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में साक्षरता के महत्व पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को अपने परिवार, आसपास एवं समुदाय के असाक्षर व्यक्तियों को साक्षर बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। विद्यार्थियों को साक्षरता अभियान से जोड़कर जनभागीदारी को और मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस 8 सितंबर के अवसर पर जिले के विद्यालयों, महाविद्यालयों, ग्राम पंचायतों एवं विभिन्न संस्थाओं में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान साक्षरता रैली, साइकिल रैली, प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर एवं स्लोगन लेखन तथा दीवार लेखन जैसी गतिविधियों के माध्यम से साक्षरता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। इन गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को शिक्षा एवं साक्षरता के महत्व से अवगत कराते हुए असाक्षर व्यक्तियों को साक्षर बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संदेश दिया जाएगा।

# विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल के नेतृत्व में तेंदूखेड़ा में निकली संत रविदास जी की कलश वंदन यात्रा

### विधायक पटेल ने भगत सिंह वार्ड में मंदिर निर्माण के लिए किया भूमिपूजन

### तेंदूखेड़ा से डोभी तक निकली यात्रा, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।



संत शिरोमणि श्री गुरुदेव रविदास जी की 650वीं जयंती के पावन उपलक्ष्य में सामाजिक समरसता संकल्प अभियान के तहत तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में कलश वंदन यात्रा का आयोजन किया गया। तेंदूखेड़ा विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटेल ने यात्रा में सहभागिता कर श्रद्धापूर्वक कलश वंदन किया तथा यात्रा का नेतृत्व करते हुए तेंदूखेड़ा से डोभी तक नागरिकों के साथ सहभागिता की। यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में जनसमुदाय ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सामाजिक एकता, समानता, भाईचारे एवं समरसता का संदेश दिया। यात्रा के दौरान विधायक श्री पटेल ने नगर परिषद तेंदूखेड़ा के वार्ड क्रमांक एक भगत सिंह वार्ड स्थित रविदास मंदिर में मंदिर निर्माण के लिए विधि-विधान से भूमिपूजन किया गया। विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटेल ने जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ पूजन-अर्चन कर संत शिरोमणि श्री गुरुदेव रविदास जी के चरणों में श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। कलश, ध्वज एवं अंगवस्त्र के साथ निकली यात्रा का तेंदूखेड़ा नगर में भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में नगर परिषद तेंदूखेड़ा के अध्यक्ष श्री विष्णु शर्मा, नगर परिषद उपाध्यक्ष श्री डालचंद पटेल, श्री शिवदयाल खैरोनिया, पार्षदगण एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ मप्र जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन एवं वार्ड विकास समितियों, नवांकुर संस्थाओं तथा विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। मातृशक्ति एवं विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, पंथ एवं जाति-बिरादरी के प्रमुखों सहित बड़ी संख्या में नागरिक यात्रा में शामिल हुए। तेंदूखेड़ा से डोभी तक निकली कलश वंदन यात्रा का ईश्वरपुर, काचरकोना, इमझीरा एवं डोभी सहित विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों एवं श्रद्धालुओं द्वारा आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया गया। नागरिकों ने यात्रा में शामिल होकर संत शिरोमणि श्री गुरुदेव रविदास जी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की तथा उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। यात्रा में सभी वर्गों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। श्रद्धालुओं एवं नागरिकों ने सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर समानता, भाईचारे और आपसी सद्भाव को मजबूत करने का संकल्प लिया। यात्रा के माध्यम से संत रविदास जी के समतामूलक विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटेल ने संत रविदास जी के जीवन एवं दर्शन को समाज के लिए प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि उनके विचार समानता, सामाजिक न्याय, भाईचारे और मानवता का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी की शिक्षाओं को आत्मसात कर समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और समरसता को और मजबूत किया जा सकता है। नगर परिषद अध्यक्ष श्री विष्णु शर्मा ने भी संत रविदास जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा सामाजिक एकता को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों की सहभागिता ही समरसता की वास्तविक शक्ति है। कलश वंदन यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, मातृशक्ति एवं क्षेत्रीय नागरिकों की सहभागिता रही।



# खडई में प्रतिभाओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** विगत वर्ष आयोजित प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा में चीचली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम खड़ई के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के दो अतिथि शिक्षकों एवं एक कंप्यूटर ऑपरेटर का चयन हुआ है। विद्यालय में श्रीमती रोशनी राजपूत जो कि अतिथि शिक्षक वर्ग 3 लैब के पद पर कार्यरत थी उनका चयन माध्यमिक शिक्षक हिंदी विषय में, अमन राजपूत कंप्यूटर ऑपरेटर का चयन प्राथमिक शिक्षक में एवं अमित नामदेव अतिथि शिक्षक वर्ग 2 माध्यमिक शाला खडई का चयन प्राथमिक शिक्षक के पद पर हुआ है। शिक्षकों के चयन पर विद्यालय में प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य विवेक झारिया द्वारा नवनियुक्त शिक्षकों को नई जिम्मेदारी मिलने पर अभिनंदन पत्र और माँ नर्मदा का चित्र भेंट किया गया । इस कार्यक्रम का संचालन प्रशांत शर्मा एवं सदाशिव गोठिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लीलाधर चौधरी, राजवेंद्र राजपूत, महेंद्र कौरव, नीरज श्रीवास,दुर्गेश विश्वकर्मा, दिनेश मेहरा, धर्मेंद्र चौहान, शीला लोधी, मोनिका पटेल, ऊर्जा शर्मा अतिथि शिक्षकों एवं रानी कौरव, माही साहू, तनू लोधी, अमृता मालवीय, प्रिया कौरव अंशुल कौरव, ईशांत कौरव, विवेक कौरव आदि छात्र/छात्राओं का सहयोग रहा।

### जिले में अब तक औसत 777.4 मिमी वर्षा दर्ज

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** नरसिंहपुर जिले में एक जून से 31 अगस्त तक की अवधि में औसत रूप से कुल 777.4 मिमी वर्षा दर्ज की गयी है। 31 अगस्त की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसत 0.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इसी क्रम में जिले की तहसील करेली में 2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जबकि नरसिंहपुर, गाडरवारा, गोटेगांव और तेंदूखेड़ा में शून्य मिमी वर्षा दर्ज की गई है। तहसीलदार भू- संसाधन एवं प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 31 अगस्त तक तहसील नरसिंहपुर में 812 मिमी, गाडरवारा में 742, गोटेगांव में 879 मिमी, करेली में 724 मिमी और तेंदूखेड़ा में 730 मिमी वर्षा आंकी गई है।

# भाजपा महिला मोर्चा ने थाना प्रभारी को राखी बांध कर मनाया रक्षाबंधन

### सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के लिए स्नेह, सम्मान व्यक्त किया

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के मार्गदर्शन एवं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी परांजपे के नेतृत्व में प्रदेशभर में रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान महिला मोर्चा की कार्यकर्ता बहनों द्वारा कार्यकर्ता भाइयों, सफाई कर्मचारियों (महिला एवं पुरुष), स्कूल शिक्षकों (महिला एवं पुरुष), अस्पताल कर्मचारियों (महिला एवं पुरुष), साधु-संतों, ऑटो रिक्शा चालकों एवं पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर उनके प्रति स्नेह, सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की जा रही है।इसी क्रम में गाडरवारा थाना प्रभारी अशोक सिंह चौहान एवं अन्य उपस्थित पुलिसकर्मियों को महिला मोर्चा की बहनों द्वारा राखी बांधी गई तथा नगर की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के लिए उनके प्रति स्नेह, सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की गई।



# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत जरजोला में रोपे 51 फलदार एवं औषधीय पौधे



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिले की जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत जरजोला में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रामीण क्षेत्र में हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आम, जामुन, कटहल, नींबू, बेल एवं अनार सहित कुल 51 फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। यह पौधरोपण कार्यक्रम मप्र जन अभियान परिषद नरसिंहपुर की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जरजोला के तत्वाधान में तथा पूर्व नवांकुर संस्था ब्रह्मर्षि वशिष्ठ शिक्षण, प्रशिक्षण एवं सेवा संस्थान नरसिंहपुर के संयोजन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं समिति के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली संवर्धन का संदेश दिया।

# पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत आयोजित होने वाले जन विश्वास शिविरों को प्रभावी एवं जनोपयोगी बनाने के लिए कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने अधिकारियों को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा (टीएल) बैठक में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविरों की जानकारी स्थानीय लोगों को पहले से दी जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र हितग्राही शिविर में पहुंचकर शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ ले सकें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अधिकारी शिविर से पूर्व ही संबंधित क्षेत्र में पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद करें, उनकी समस्याएं एवं आवश्यकताएं जानें और उन्हें शासन की योजनाओं की जानकारी दें। जन विश्वास शिविर में पात्र व्यक्तियों को उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत 3 सितम्बर को जनपद पंचायत चावरपाठा के सुदूर ग्राम पंचायत मर्रावन में पांचवां जनसंवाद शिविर आयोजित किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ग्राम मदनपुर, ढीलवार और मर्रावन में अधिकारी क्षेत्र भ्रमण करेंगे।



बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूलों में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। विद्यार्थियों को निर्धारित मेनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही संकुल प्राचार्य यह प्रमाण-पत्र देंगे कि उनके क्षेत्र का कोई भी स्कूल जर्जर भवन में संचालित नहीं हो रहा है। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों एवं मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई एवं लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों का निराकरण, समग्र ई-केवायसी, आधार अपडेट, लंबित नामांतरण एवं बंटवारा प्रकरण, फार्मर रजिस्ट्री सहित विभिन्न सेवाओं को अभियान में शामिल किया गया है।

इसके अलावा लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत योजना, जननी सुरक्षा योजना, प्रसूति सहायता योजना, पात्र हितग्राहियों को राशन पर्ची, उज्ज्वला योजना के पात्र हितग्राहियों को सिलेंडर की उपलब्धता तथा दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड जैसी सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने पर विशेष जोर दे।

कलेक्टर ने अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान 300 दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**राशन दुकानों का नियमित निरीक्षण करें राजस्व अधिकारी**

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों एवं खाद्य विभाग के अमले को निर्देश दिए कि राशन दुकानों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए ।

# कटनी पुलिस का मेगा कॉम्बिंग ऑपरेशन

## एक ही अभियान में 118 वारंटियों की गिरफ्तारी, अपराधियों पर व्यापक कार्यवाही







### कानून व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में बड़ी सफलता

कटनी (स्वतंत्र मत)।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी तथा जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं डीएसपी मुख्यालय रत्नेश मिश्रा, डीएसपी शिवा पाठक के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में एक साथ विशेष मेगा कॉम्बिंग ऑपरेशन संचालित किया गया। अभियान के दौरान पुलिस की विभिन्न टीमों ने रात्रि एवं प्रातःकालीन समय में फरार वारंटियों, स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटियों, निगरानीशुदा एवं गुंडा बदमाशों, जिलाबदर अपराधियों तथा असामाजिक तत्वों के संभावित ठिकानों पर एक साथ सघन दबिश देकर व्यापक कार्रवाई की। अभियान का उद्देश्य न्यायालयों द्वारा जारी लंबित वारंटों का त्वरित निष्पादन, फरार अपराधियों की गिरफ्तारी, आदतन अपराधियों की निगरानी तथा आमजन में सुरक्षा एवं कानून के प्रति विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करना रहा।

### वारंटियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई

23 स्थाई वारंटी गिरफ्तार। 66 गिरफ्तारी वारंटी निष्पादित कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। 29 जमानती वारंट तामील किए गए। 29 समंस संबंधित व्यक्तियों को विधिवत तामील किए गए। कांबिंग गस्तअभियान के दौरान118 कुल वारंटियों की गिरफ्तार किया गया।

### अपराधियों की सघन निगरानी

48 गुंडा बदमाशों के निवास स्थानों पर पहुंचकर उनकी गतिविधियों का सत्यापन एवं निगरानी की गई। 40 निगरानीशुदा बदमाशों के घरों पर आकस्मिक दबिश देकर उनकी उपस्थिति एवं गतिविधियों की जांच की गई। 11 जिलाबदर बदमाश, आदतन अपराधियों का सत्यापन कर उसके विरुद्ध निर्धारित शर्तों के पालन की जांच की गई।

### अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कार्यवाही

अवैध शराब के परिवहन, विक्रय एवं सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुए 16 प्रकरण आबकारी अधिनियम के अंतर्गत पंजीबद्ध किए गए तथा संबंधित आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई।

जुआ एक्ट-हार जीत का दाव लगाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध 05 प्रकरण जुआ एक्ट के तहत पंजीबद्ध किए गए। 07 व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

### प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

शांति भंग करने की आशंका पाए जाने पर 11 व्यक्ति के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत कार्रवाई की गई। लोक शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु 75 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 68 प्रकरण दर्ज कर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। 17 व्यक्तियों के खिलाफ लोक शांति बार-बार भंग करने पर 129 बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई है।

### रात्रिकालीन सुरक्षा एवं सत्यापन अभियान

रात्रिकालीन गश्त के दौरान विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में आने-जाने वाले 39 मुसाफिरों का सत्यापन कर उनका विवरण मुसाफिर रजिस्टर में दर्ज किया गया। कांबिंग गस्त के दौरान 19 होटल, ढाबों, सराय पर पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। कटनी पुलिस द्वारा कांबिंग गस्त के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों के कुल 12 बैंकों के एटीएम को चेक किया गया।

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही

कांबिंग गस्त के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 10 चालकों के विरुद्ध 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए वाहन जप्त किए गए। जनसुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता:- कटनी पुलिस द्वारा चलाया गया यह व्यापक कॉम्बिंग ऑपरेशन जिले में अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति का प्रभावी उदाहरण है।

### कटनी पुलिस की अपील

कटनी पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि यदि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि, अवैध शराब, फरार अपराधी अथवा संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी प्राप्त हो तो तत्काल निकटतम पुलिस थाना अथवा पुलिस कंट्रोल रूम के 7049140924 पर सूचना दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जावेगी।



## कटनी पुलिस के 03 अधिकारी एवं कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** कटनी पुलिस विभाग में दीर्घकालीन एवं सराहनीय सेवाएं प्रदान करने वाले 03 अधिकारी एवं कर्मचारी 31 अगस्त को अधिवार्षिकीय आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय कटनी में सम्मानपूर्वक विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी में सउनि विश्वनाथ सिंह, सहायक उप निरीक्षक मुन्ना लाल एवं प्रधान आरक्षक देवराज शर्मा शामिल हैं। तीनों ने अपने सेवाकाल के दौरान पुलिस विभाग में विभिन्न दायित्वों का निष्ठा, अनुशासन एवं कर्तव्यपरायणता के साथ निर्वहन करते हुए विभाग को अपनी सेवाएं प्रदान कीं। विश्वनाथ सिंह 20 मार्च 1987, सहायक उप निरीक्षक मुन्ना लाल 25 मार्च 1984 तथा प्रधान आरक्षक देवराज शर्मा 23 नवम्बर 1987 को आरक्षक के पद पर पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे।

**पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर दी सम्मानपूर्वक विदाई**

सेवाकाल के दौरान तीनों द्वारा विभिन्न पदों एवं दायित्वों पर रहते हुए विभागीय कर्तव्यों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया गया। सेवानिवृत्ति के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा द्वारा तीनों को शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई तथा उनके परिजनों से भी सौहार्दपूर्ण चर्चा की गई।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुलिस सेवा में अनुशासन, निष्ठा एवं कर्तव्यपरायणता का विशेष महत्व है। सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा अपने सेवाकाल में प्रदान की गई सेवाएं एवं उनके अनुभव पुलिस विभाग के लिए सदैव अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी रहेंगे। सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, उप पुलिस अधीक्षक शिवा पाठक, सूबेदार सोनम उईके सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय का समस्त स्टॉफ एवं सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवारजन उपस्थित रहे।

## जेपीवी डीएवी विद्यालय में संस्कृत एवं वेद प्रचार सप्ताह मनाया गया हर्षोल्लास के साथ

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** 24 अगस्त को जेपीवी डीएवी विद्यालय में वेद प्रचार सप्ताह का भव्य शुभारंभ मध्यप्रदेश जोन के क्षेत्रीय निदेशक एवं विद्यालय प्राचार्य एस के सिन्हा के निर्देशन में दीप प्रज्ज्वलन, वेद पूजन एवं मनमोहक स्वागत गीत महा महनीय मेधाविन के द्वारा हुआ। जिसमें संस्कृत भाषा एवं वेदों के प्रचार-प्रसार हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये तत्पश्चात प्रतिदिन विद्यार्थियों के लिए सरल संस्कृत संभाषण हेतु विषय सामग्री प्रेषित की गई। इसी क्रम में विद्यार्थियों द्वारा संस्कृत श्लोक गायन, गीत गायन, संभाषण, श्लोक गायन प्रतिस्पर्धा, रमणीया ही सृष्टि ही



ऐष। नाटिका, दिव्या गीर वाण भारती संस्कृत परिचय माला की प्रस्तुतियाँ हुईं। शुभकामना संदेशों के साथ विश्व संस्कृत दिवस पर विद्यार्थियों ने अपने निवास स्थल पर सभी को संस्कृत संभाषण हेतु प्रेरित किया।

## पेंट्री कार के वेंडर को स्टेशन में जमकर पीटा

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कटनी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 3-4 पर सारनाथ एक्सप्रेस के पेंट्री कार के वेंडर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि पेंट्री कार के वेंडर द्वारा एक यात्री को चाय देने की बात पर प्लेटफार्म के वेंडरों ने पेंट्री कार वेंडर के साथ बेरहमी से मारपीट की। वेंडर अधमरी हालत में अपनी जान बचाते हुए भागा। इसी दौरान ट्रेन प्लेटफार्म से रवाना होने लगी, इसके बाद वेंडर ने आखिरी बोगी में चढ़कर अपनी जान बचाई। इस घटना के बाद स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गई। बताया जाता है कि मैहर रेलवे स्टेशन पर रेल पुलिस ने पेंट्री कार के घायल वेंडर का मुलाहिजा व इलाज जराकर मैहर जीआरपी में जीरो पर मामला कायम कर कटनी जीआरपी के सुपुर्द किया है।

## सड़क हादसे में घायल महिला की मौत के बाद भड़का जनआक्रोश

### सैकड़ों ग्रामीणों ने घेरा स्लीमनाबाद अस्पताल

### इलाज में देरी और जेवरात गायब करने के आरोप



**कटनी (स्वतंत्र मत)।** स्लीमनाबाद और कौड़िया गांव के बीच हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे के बाद शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद में भारी हंगामा हो गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल 26 वर्षीय लक्ष्मी बाई पति हजारी लाल राजपाल की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से आक्रोशित सैकड़ों की संख्या में परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल परिसर का घेराव कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई।

### 4 घंटे तक तड़पती रही घायल, डॉक्टरों पर अनुपस्थिति के आरोप

मृतका के परिजनों का आरोप है कि ऑटो से मायके से ससुराल लौटते समय हुए हादसे के बाद वे घायल लक्ष्मी बाई को तुरंत शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। लेकिन ड्यूटी डॉक्टरों की गैरमौजूदगी के कारण करीब 4 घंटे तक उसे समय पर प्राथमिक उपचार नहीं मिल सका। डॉक्टरों की अनुपस्थिति और समय पर इलाज या रेफर न किए जाने के कारण महिला की सांसें थम गईं। इस दौरान परिजनों की डॉक्टर से तीखी कहासुनी और अभद्रता की बातें भी सामने आई हैं।

### गहने गायब करने और कान फटने का गंभीर आरोप

आक्रोश तब और बढ़ गया जब परिजनों ने आरोप लगाया कि मृतका के गले से सोने की चेन, ज्वेलरी गायब है और कान फटे हुए मिले। परिजनों का दावा है कि महिला के गहने जबरन निकाले गए हैं।

### पुलिस ने कायम किया मर्ग, स्थिति तनावपूर्ण

घटना के बाद सुबह से ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए मर्ग कायम कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों द्वारा आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## हरछठ पर्व को लेकर सज गया बाजार



### बांस के टोकने और पसाई चावल की बढ़ी मांग

### पर्व की तैयारी में जुटे परिवार, पूजन सामग्री की दुकानों पर खरीदारी के लिए पहुंच रहे लोग

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** संतान की सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना से मनाए जाने वाले हरछठ पर्व को लेकर बाजार में रौनक बढ़ गई है। पर्व के लिए आवश्यक पारंपरिक पूजन सामग्री की दुकानें सज गई हैं। खासकर बांस से बने टोकने, चुनके, पसाई के चावल और अन्य सामग्री लोगों को आकर्षित कर रही है। शहर के विभिन्न बाजारों में हरछठ की सामग्री की अस्थायी दुकानें लग गई हैं। इनमें बांस से तैयार किए गए टोकने और चुनके के साथ पसाई के चावल, महुआ, दही, फल, सब्जियां तथा पूजन में उपयोग होने वाली अन्य पारंपरिक सामग्री उपलब्ध है।

महिलाएं पर्व की जरूरत के अनुसार सामग्री की खरीदारी करती नजर आ रही हैं। हरछठ पर्व में पारंपरिक सामग्री का विशेष महत्व माना जाता है। यही वजह है कि बाजार में सामान्य चावल के साथ पसाई के चावल की मांग भी बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोग भी शहर के बाजारों में पहुंचकर अपनी जरूरत की सामग्री खरीद रहे हैं।

### बांस के सामान की खास मांग

पर्व को लेकर बांस से बने टोकने और चुनके की मांग विशेष रूप से देखने को मिल रही है। कारीगरों द्वारा तैयार किए गए छोटे-बड़े टोकने और चुनके बाजार में उपलब्ध हैं। दुकानदारों का कहना है कि पर्व नजदीक आने के साथ इनकी बिक्री में तेजी आई है। पारंपरिक सामग्री के साथ बाजार में फल, सब्जियां और अन्य पूजन सामग्री की भी खरीदारी हो रही है। हरछठ को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है और बाजारों में दिनभर ग्राहकों की आवाजाही बनी हुई है।

## शिक्षा के साथ कला और खेलकूद सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक

### सायना में महादेवी वर्मा अंतर सदनीय वाद-विवाद प्रतियोगिता संपन्न

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** सायना इन्टरनेशनल स्कूल में कनिष्ठ वर्ग के विषय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षा के साथ खेल और कला की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। पक्ष और विपक्ष में तर्क देकर बच्चों ने यह सिद्ध कर दिया कि बच्चों के लिए शिक्षा के साथ कला भी आवश्यक है। दूसरी ओर वरिष्ठ वर्ग के वाद-विवाद प्रतियोगिता के विषय विकसित भारत 2047 केवल आर्थिक शक्ति नहीं नैतिक शक्ति भी है। पक्ष एवं विपक्ष में छात्रों ने तर्कपूर्ण विचार रखते हुए समर्थन किया तो विपक्ष में सहभागिता कर रहे बच्चों ने शांति का मार्ग अपनाकर सुधारने की बात की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा (सायना इन्टरनेशनल स्कूल) एवं निर्णायकों के आगमन से हुआ, जिनका स्वागत हेडमास्टर डॉ. लोकेश दुबे, कमल सरेचा एवं रीत मोंगा ने किया। स्वागतोपरान्त प्राचार्य एवं निर्णायकों ने महादेवी वर्मा के तैल चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया तत्पश्चात प्रथमचक्र के सभापति रिया यादव एवं उपसभापति शरद पांडेय ने वाद-विवाद की नियमावली को समझाकर प्रतियोगिता को श्रीगणेश करने की अनुमति दी। तदोपरान्त द्वितीय चरण में सभापति कार्तिक यादव एवं उपसभापति पार्थ चक्रवर्ती ने मर्यादित गरिमामयी पद की भूमिका को बखूबी निभाया। वरिष्ठ शिक्षिका राजेश्वरी खरे, पुस्तकालयाध्यक्ष हर्षेन्द्र पाल यादव, हिंदी शिक्षिका प्रीति पाठक एवं सीमा विश्वकर्मा ने निर्णायक की भूमिका को निभाते हुए बच्चों को प्रोत्साहित किया। परिणामों की घोषणा करते हुए सायना के प्राचार्य डॉ आदित्य कुमार शर्मा ने कहा कि वाद-विवाद



प्रतियोगिता से बच्चों के चिंतन मनन एवं अभिव्यक्ति कौशल का विकास होता है। बच्चों ने अपने पक्ष को तार्किक ढंग से रखा। कुछ बच्चे निश्चित रूप से सांख्यकीय आंकड़े प्रस्तुत करते हुए अपनी बात को सिद्ध कर रहे थे। यह अभिव्यक्ति का सही तरीका है। कनिष्ठ वर्ग में कैडेट तेजस त्रिपाठी ने सर्वश्रेष्ठ वक्ता के रूप में उभरकर सफायर सदन को प्रथम श्रेणी पर पहुँचाया वहीं दूसरी ओर वरिष्ठ वर्ग में सफायर सदन से अभिजीत तिवारी ने श्रेष्ठ वक्ता के रूप में उभरकर खूब तालियाँ बटोरी। रूबी सदन से सैफअली ने अपने ओजस्वी विचार से रूबी सदन को प्रथम स्थान पर पहुँचाया। कैडेट ओमी गुप्ता ने अपने ओजस्वी विचारों से टोपाज हाउस को द्वितीय स्थान पर पहुँचा। इस कार्यक्रम का सफल संचालन संस्कृत शिक्षिका प्रीतिमा उपाध्याय ने किया। हिंदी-संस्कृत शिक्षक आनंद सैनी ने सभी का आभार प्रकट किया। अंत में हिंदी विभागाध्यक्ष दिलीप झा ने धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया।

## श्री अग्रसेन उद्यान में 33वीं महाआरती संपन्न

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** अग्रवाल समाज में एकता और आस्था के प्रतीक बने कुलदेवी माता महालक्ष्मी जी एवं भगवान श्री अग्रसेन जी महाराज की 33वीं मासिक महाआरती का भव्य आयोजन श्री अग्रसेन उद्यान, घंटाघर कटनी में संपन्न हुआ। कुलदेवी महालक्ष्मी जी एवं भगवान श्री अग्रसेन जी की महाआरती का क्रम निरंतर जारी है। यह आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा के साथ ही श्रद्धा-भक्ति और समाज को एकजुट करने में सहायक सिद्ध हो रहा है।

भगवान श्री अग्रसेन जी के आदर्शों को आत्मसात कर एक-ईंट एक-रुपया के सिद्धांत को अपनाकर समाज कल्याण की दिशा में भी समाज अग्रसर हो रहा है। महाआरती में अग्रबंधु जजमानी कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

महाआरती में समाज के अग्रजनों की उपस्थिति सराहनीय रही। प्रमुख रूप से पवन मित्तल, ललित मित्तल, विजय मित्तल, अंकुर मित्तल, सरला मित्तल, कविता मित्तल, विद्यांश मित्तल, वंशिका मित्तल सहित बड़ी संख्या में अग्रबंधु शामिल होकर इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने।

## प्लेटफार्म पर बिखरी गंदगी, यात्रियों की सुविधाओं पर भारी अव्यवस्था

### मुड़वारा स्टेशन से मुख्य जंक्शन तक सफाई व्यवस्था बेपटरी, प्लेटफॉर्म और आसपास गंदगी से यात्री परेशान



कटनी (स्वतंत्रमत)

शहर के प्रमुख रेलवे स्टेशनों में शामिल मुड़वारा स्टेशन और मुख्य जंक्शन पर सफाई व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। यात्रियों की लगातार आवाजाही वाले इन स्टेशनों पर कई स्थानों पर गंदगी, कचरा और अव्यवस्थित हालात नजर आ रहे हैं। रेलवे स्टेशन, जहां यात्रियों को बेहतर सुविधाएं और स्वच्छ वातावरण मिलना चाहिए, वहां की स्थिति कई जगह इसके उलट दिखाई देती है। मुड़वारा स्टेशन पर प्लेटफॉर्म और आसपास के हिस्सों में जगह-जगह कचरा पड़ा नजर आता है। यात्रियों के बैठने और आवागमन वाले क्षेत्रों के आसपास भी सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं होने से परेशानी बढ़ रही है। मुख्य जंक्शन पर भी कई हिस्सों में नियमित सफाई के दावों के बावजूद गंदगी दिखाई देने की शिकायतें सामने आती रहती हैं।

### स्वच्छता के दावों पर सवाल

रेलवे स्टेशनों की सफाई के लिए व्यवस्था और कर्मचारियों की तैनाती होने के बावजूद यदि यात्रियों को गंदगी के बीच से गुजरना पड़े तो व्यवस्था की



निगरानी पर सवाल उठना स्वाभाविक है। स्टेशन परिसर में आने वाले यात्रियों में बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं भी शामिल होते हैं। गंदगी के कारण दुर्गंध और अस्वच्छ वातावरण यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है।

### कूड़ेदान के बावजूद सड़क पर कचरा

कई स्थानों पर कूड़ेदान रखे होने के बावजूद उनके आसपास कचरा बिखरा दिखाई देता है। इससे साफ है कि केवल कूड़ेदान रखना पर्याप्त नहीं, बल्कि समय पर कचरा उठाने और नियमित निगरानी की भी जरूरत है। स्टेशन परिसर में सफाई व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग नहीं होने से स्थिति बार-बार बिगड़ती नजर आती है।

### रेलवे प्रशासन से सख्ती की उम्मीद

मुड़वारा स्टेशन और मुख्य जंक्शन दोनों ही शहर की पहचान से जुड़े महत्वपूर्ण स्थान हैं। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री आते-जाते हैं। ऐसे में स्टेशन की सफाई केवल औपचारिकता नहीं बल्कि यात्रियों की सुविधा और स्वास्थ्य से जुड़ा विषय है। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से दोनों स्टेशनों पर नियमित सफाई, कचरे का समय पर उठाव और जिम्मेदार एजेंसी की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित कराने की मांग की है।

# भारत पुरुषों की रैंकिंग में सबसे ऊंची रैंकिंग वाली एशियाई टीम बना

## भारतीय महिला और पुरुष टीमें विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर

**लुसाने (वार्ता)।** हॉकी वर्ल्ड कप 2026 की समाप्ति के बाद भारतीय महिला टीम पिछले पांच दशकों में अपने पांचवें स्थान के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बदौलत एक स्थान उठकर आठवें स्थान पर पहुँच गयी है जबकि भारतीय पुरुष टीम अपने आठवें स्थान पर बरकरार है। भारत का पांचवां स्थान महिला वर्ल्ड कप में 52 वर्षों में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था, और वे 2938 पॉइंट्स के साथ एक स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर आ गए हैं, जिससे वे ऑस्ट्रेलिया से आगे निकल गए हैं जो 2812 पॉइंट्स के साथ नौवें स्थान पर है। भारत (3072) पुरुषों की रैंकिंग में सबसे ऊंची रैंकिंग वाली एशियाई टीम बना हुआ है और आठवें स्थान पर है। इसी स्थान से उन्होंने प्रतियोगिता शुरू की थी और वर्ल्ड कप में भी उनकी रैंकिंग यही थी। वर्ल्ड कप में अर्जेंटीना की महिला टीम और जर्मनी की पुरुष टीम की जीत के बाद, वर्ल्ड कप मैचों के उतार-चढ़ाव से बदली हुई वर्ल्ड रैंकिंग पर एक नज़र डालते हैं।

### महिलाओं की रैंकिंग में नीदरलैंड्स टॉप पर

महिलाओं की रैंकिंग में, 2010 के बाद वर्ल्ड कप में अपनी पहली हार के बावजूद, नीदरलैंड्स टूर्नामेंट में अपनी बड़ी बढ़त के कारण 4083 पॉइंट्स के साथ टॉप पर बना हुआ है। अर्जेंटीना की जीत ने उन्हें नीदरलैंड्स की बढ़त के करीब ला दिया है और वे 3757 पॉइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर अपनी पकड़ और मज़बूत कर चुके हैं। बेल्जियम 3494 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर बना हुआ है, जो 48 साल बाद वर्ल्ड कप पोडियम पर उनकी ऐतिहासिक वापसी है!






### चीन एशिया की सबसे ऊंची रैंकिंग वाली टीम

मेडल की उम्मीदों पर खरा न उतरने के बावजूद, चीन एशिया की सबसे ऊंची रैंकिंग वाली टीम बना हुआ है और 3182 पॉइंट्स के साथ चौथे स्थान पर है। उनके पीछे तीन यूरोपीय टीमें हैं- स्पेन (3089) पांचवें, जर्मनी (3063) छठे और इंग्लैंड (3044) सातवें स्थान पर है, और इन टीमों के बीच सिर्फ़ 45 पॉइंट्स का अंतर है।

### वर्ल्ड कप में भारत का पांचवां स्थान

भारत का पांचवां स्थान वर्ल्ड कप में 52 वर्षों में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था, और वे 2938 पॉइंट्स के साथ एक स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर आ गए हैं, जिससे वे ऑस्ट्रेलिया से आगे निकल गए हैं जो 2812 पॉइंट्स के साथ नौवें स्थान पर है। टॉप-10 में यूनाइटेड स्टेट्स (2612) भी शामिल है, जिसने वर्ल्ड कप में 10वां स्थान हासिल किया; उनके प्रदर्शन में कुछ यादगार पल भी थे, जैसे अपने शुरुआती मैच में अंततः चैंपियन बनी अर्जेंटीना की टीम को ड्रॉ पर रोकना। जापान (2476), न्यूज़ीलैंड (2446), आयरलैंड (2426) और स्कॉटलैंड (2415) क्रमशः ग्यारहवें से चौदहवें स्थान पर हैं, और इनके बीच कुल 61 वर्ल्ड रैंकिंग पॉइंट्स का अंतर है! चिली 2104 पॉइंट्स के साथ पंद्रहवें स्थान पर है, उसके बाद फ्रांस (2094) और कोरिया (2066) हैं - ये दो ऐसी टीमें हैं जो वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफ़ाई नहीं कर पाई थीं। 2050 पॉइंट्स के साथ 18वें स्थान पर मौजूद साउथ अफ्रीका वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाली आखिरी टीम है। इसके बाद इटली (1995) और उरुग्वे (1976) का नंबर आता है, जो टॉप-20 में शामिल हैं।

### जर्मनी पुरुष रैंकिंग में टॉप पर

लगातार दूसरी बार वर्ल्ड कप जीतने के बाद जर्मनी 3720 पॉइंट्स के साथ पुरुषों की रैंकिंग में टॉप पर है। फाइनल में जीत के बाद होनामास (जर्मन टीम) ने टॉप स्थान हासिल किया मैच के दिन की शुरुआत उन्होंने दूसरे स्थान से की थी। जर्मनी की जीत से बेल्जियम (3692) दूसरे स्थान पर खिसक गया, क्योंकि वर्ल्ड कप में उनका सफर सातवें स्थान पर खत्म हुआ था।

### ऑस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर

ऑस्ट्रेलिया (3583) तीसरे स्थान पर है। 5वें स्थान के लिए हुए क्लासिफिकेशन मैच में इंग्लैंड पर जीत से वे तीन स्थान ऊपर चढ़ गए, जिससे पता चलता है कि टॉप वर्ल्ड रैंकिंग के लिए मुकाबला कितना कड़ा है। ब्रॉन्ज़ मेडल मैच में नीदरलैंड पर अर्जेंटीना (3512) की जीत ने उन्हें वर्ल्ड रैंकिंग टेबल में चौथे स्थान पर पहुंचा दिया, जबकि डच टीम अब 3481 पॉइंट्स के साथ पांचवें स्थान पर है। स्पेन, जो अपना पहला पुरुष हॉकी वर्ल्ड कप खिताब जीतने से बस थोड़ा सा चूक गया, 3473 पॉइंट्स के साथ छठे स्थान पर है, और उसके बाद इंग्लैंड 3431 पॉइंट्स के साथ सातवें स्थान पर है।

### न्यूज़ीलैंड वर्ल्ड रैंकिंग में भारत के पीछे है

भारत (3072) पुरुषों की रैंकिंग में सबसे ऊंची रैंकिंग वाली एशियाई टीम बना हुआ है और आठवें स्थान पर है। इसी स्थान से उन्होंने प्रतियोगिता शुरू की थी और वर्ल्ड कप में भी उनकी रैंकिंग यही थी। वर्ल्ड कप में नौवें स्थान पर रहने वाला न्यूज़ीलैंड वर्ल्ड रैंकिंग में भारत के पीछे है; 2965 पॉइंट्स के साथ वे दुनिया में नौवें स्थान पर हैं, और फ्रांस 2841 पॉइंट्स के साथ टॉप-10 में शामिल है।




# लक्ष्य सेन का पहला मुकाबला वर्ल्ड चैंपियन से

**शेनझेन (वार्ता)।** मंगलवार को शेनझेन स्पोर्ट्स सेंटर जिम्नेजियम में 1 से 6 सितंबर तक होने वाले सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट चाइना मास्टर्स 2026 में भारत के टॉप शटलर लक्ष्य सेन, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी खेलते हुए नज़र आएंगे। दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य का पहला मुकाबला फ्रांस के नए वर्ल्ड चैंपियन एलेक्स लैनियर के खिलाफ होगा, जो काफी मुश्किल चुनौती होगी। 21 साल के लैनियर अगस्त में नई दिल्ली में हुई वर्ल्ड चैंपियनशिप के फाइनल में जापान के कोडाई नारोका को हराकर पुरुष सिंगल्स का वर्ल्ड टाइटल जीतने वाले पहले फ्रांसीसी खिलाड़ी बने थे। लैनियर और लक्ष्य के बीच पिछली भिड़ंत पिछले साल डेनमार्क ओपन के क्वार्टर फाइनल में हुई थी, जिसमें फ्रांसीसी शटलर ने 21-9, 21-14 से जीत हासिल की थी। 25 साल के भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी वर्ल्ड चैंपियनशिप में अमेरिका के दुनिया के 92वें नंबर के खिलाड़ी गैरेट टैन से दूसरे राउंड में मिली हार के बाद वापसी करने की कोशिश करेंगे। आयुष शेट्टी, जिन्होंने नई दिल्ली में पहले राउंड में चीन के 2025 वर्ल्ड चैंपियन शी युकी को हराया था, इस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले रहे हैं। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु भी भारतीय टीम में शामिल नहीं हैं। पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 किदांबी श्रीकांत पुरुष सिंगल्स में भारत के दूसरे प्रतिनिधि होंगे। 33 साल के भारतीय खिलाड़ी जून में सुपर 300 टूर्नामेंट, यूएस ओपन में रनर-अप रहे थे। दुनिया के नंबर 5 खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शेनझेन में भारत की डबल्स चुनौती की अगुवाई करेंगे।

# अंडर23 वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए चुनी गई महिला टीम



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) ने सोमवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम में हुए कड़े सिलेक्शन ट्रायल के बाद, अमेरिका में होने वाली आगामी अंडर23 वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए महिला रेसलिंग टीम को अंतिम रूप दिया। दिन भर चले इन ट्रायल में सभी दस वेट कैटेगरी में कड़ी टक्कर देखने को मिली। हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे रेसलिंग के गढ़ माने जाने वाले राज्यों के पहलवानों ने नेशनल टीम में जगह बनाने के लिए मुकाबला किया। डब्ल्यूएफआई के प्रेसिडेंट संजय सिंह ने कहा, आज आईजी स्टेडियम में जो रेसलिंग देखने को मिली, वह भारतीय महिला रेसलिंग की जबरदस्त गहराई और ताकत को दिखाती है। हर मुकाबला बहुत कड़ा था, जिससे पता चलता है कि इन एथलीटों ने कितनी कड़ी ट्रेनिंग की है। मैं सभी विजेताओं और आज मैट पर उतरने वाले हर रेसलर को बधाई देता हूं। हमें भरोसा है कि यह मजबूत टीम कजाकिस्तान में सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप और अमेरिका में अंडर23 वर्ल्ड चैंपियनशिप, दोनों में शानदार प्रदर्शन करेगी और देश का नाम रोशन करेगी।

अपने-अपने वेट कैटेगरी में टॉप स्थान हासिल करने वाले एथलीट आगामी वर्ल्ड चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाले पहलवान नेशनल कैंप में शामिल होंगे ताकि टीम को मजबूत स्पैरिंग सपोर्ट और गहराई मिल सके। चुने गए रेसलर इंटरनेशनल टूर्नामेंट के लिए रवाना होने से पहले एक गहन तैयारी कैंप के लिए इकट्ठा होंगे।




## मेदवेदेव की यूएस ओपन में शानदार वापसी

**न्यूयॉर्क (वार्ता)** वर्ष 2025 में एक फ्रांसीसी खिलाड़ी से पहले राउंड में हारने के निराशाजनक अनुभव के बाद, दानिल मेदवेदेव ने यह सुनिश्चित किया कि रविवार को यूएस ओपन में वापसी करते समय वैसी स्थिति दोबारा न बने। न्यूयॉर्क में 2021 के चैंपियन मेदवेदेव ने हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत सधे हुए अंदाज में की और क्वालीफायर ह्यूगो गैस्टन को दो घंटे 14 मिनट में 6-4, 6-2, 6-4 से हराया।

# सूर्यवंशी के आतिशी अर्धशतक के बाद मुकेश और शमी ने दिये मध्य क्षेत्र को शुरुआती झटके

**बेंगलुरु (वार्ता)** वैभव सूर्यवंशी (92) और अभिमन्यु ईश्वरन (69) की शानदार पारियों के बाद मुकेश कुमार (दो विकेट) और मोहम्मद शमी (एक विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत पूर्वी क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में दूसरे दिन सोमवार को मध्य क्षेत्र के 45 रन पर तीन विकेट झटककर मैच पर अपनी पकड़ बना ली। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी मध्य क्षेत्र को मुकेश कुमार ने कुणाल चंदेला (दो) रन को आउट कर शुरुआती झटका दिया। इसके बाद 14वें ओवर में मोहम्मद शमी ने आर्यन जुयाल (आठ) रन का शिकार कर लिया। दिन का खेल समाप्त होने से पहले मुकेश कुमार ने कप्तान रजत पाटीदार (पांच) रन को भी पवेलियन भेज दिया। स्टंप्स के समय मध्य क्षेत्र ने तीन विकेट पर 45 रन बना लिये है। अमन मोखाड़े




(नाबाद 23) और आर्यन पांडे (नाबाद चार) रन क्रीज पर मौजूद थे। इससे पहले आज यहां वैभव सूर्यवंशी (92) और अभिमन्यु ईश्वरन (69) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर पूर्वी क्षेत्र ने मध्य क्षेत्र के खिलाफ पहली पारी में 266 रन बनाये। वैभव सूर्यवंशी और अभिमन्यु की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 161 रन जोड़कर अपनी टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। लेकिन उसके बाद विकेट लगातार गिरते रहे और पूर्वी क्षेत्र की टीम पहली पारी में बढ़त हासिल नहीं कर पाई। मध्य क्षेत्र ने भी अपनी पहली पारी में 266 रन बनाये थे। 26वें ओवर में हर्ष दुबे ने शतक की ओर बढ़ रहे वैभव सूर्यवंशी को आउट कर मध्य क्षेत्र को पहली सफलता दिलाई। सूर्यवंशी ने 81 गेंदों में सात चौके और सात छक्के लगाते हुए 92 रनों की आतिशी पारी खेली। इसी ओवर में हर्ष ने कुमार कुशाग्र (शून्य) का शिकार कर लिया। इसके बाद सुदीप कुमार घरामी ने अभिमन्यु ईश्वरन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया।

### दक्षिण क्षेत्र ने उत्तर क्षेत्र पर बनाई 90 रनों की बढ़त

कप्तान तिलक वर्मा (नाबाद 106) और श्रेयस गोपाल (87) रनों की पारियों के दम पर दक्षिण क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल के दूसरे दिन सोमवार को नौ विकेट पर 285 रन बनाकर उत्तर क्षेत्र के खिलाफ 90 रनों की बढ़त बना ली। दक्षिण क्षेत्र ने दो विकेट पर 40 रन से आगे खेलना शुरु किया।

# यूटीआई म्यूचुअल फंड ने दो नये पैसिव फंड पेश किये

**मुंबई (वार्ता)।** यूटीआई म्यूचुअल फंड (यूटीआई एमएफ) ने सोमवार को दो नये पैसिव फंड - यूटीआई बीएसई इंडिया सेक्टर लीडर्स एक्सचेंज ट्रेडेड फंड और यूटीआई बीएसई इंडिया सेक्टर लीडर्स इंडेक्स फंड - पेश करने की घोषणा की। दोनों ओपन एंडेड फंड हैं। इनके न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) सोमवार 31 अगस्त से 11 सितंबर तक के लिए उपलब्ध हैं।यूटीआई बीएसई इंडिया सेक्टर लीडर्स एक्सचेंज ट्रेडेड फंड और यूटीआई बीएसई इंडिया सेक्टर लीडर्स इंडेक्स फंड ऐसे पैसिव तरीके से प्रबंधित निवेश उत्पाद हैं, जो बीएसई इंडिया सेक्टर लीडर्स टोटल रिटर्न्स इंडेक्स के प्रदर्शन को ट्रैक/रिप्लिकेट करते हैं। दोनों उत्पादों का अंतर्निहित इंडेक्स विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी कंपनियों के एक केंद्रित पोर्टफोलियो के माध्यम से सेक्टर लीडरशिप को दर्शाने का प्रयास करता है। इसमें वित्तीय सेवाएं, सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, तेल एवं गैस आदि जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

# यशोभूमि में आज से जुटेंगे विद्युत क्षेत्र के दिग्गज

### न्यूक्लियरएक्स होगा प्रमुख आकर्षण

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** दिल्ली के यशोभूमि में मंगलवार से तीन दिवसीय भारत इलेक्ट्रिसिटी, पावरजेन इंडिया एवं इंडियन यूटिलिटी वीक 2026 का आयोजन किया जायेगा जिसमें बिजली क्षेत्र के दिग्गज मंथन करेंगे। द एनर्जी एंड क्लाइमेट इनिसिएटिव सोसायटी (ईएनसीआईएस) ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 01-03 सितंबर तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में 40 देशों के सरकारी और



कॉर्पोरेट प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। कुल 15,000 से अधिक पेशेवरों, 250 से अधिक प्रदर्शकों और 200 से ज्यादा नीति-निर्माताओं, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, नियामकों एवं विशेषज्ञों के शामिल होने की उम्मीद है। यह आयोजन बिजली के संपूर्ण मूल्य-श्रृंखला को समाहित करेगा। इस संस्करण में केंद्रीय बिजली मंत्रालय, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारी उद्योग मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, कोयला मंत्रालय और एमएसएमई मंत्रालय के वरिष्ठ प्रतिनिधियों की भागीदारी भी अपेक्षित है। इनके साथ नीति आयोग, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, इनवेस्ट इंडिया और अन्य प्रमुख राष्ट्रीय संस्थान भी शामिल होंगे।

दिल्ली मेजबान राज्य के रूप में भाग लेगा, जबकि गुजरात, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, बिहार और पश्चिम बंगाल निवेश, विद्युत उत्पादन में वृद्धि, ग्रिड आधुनिकीकरण, बिजली वितरण कंपनियों में बदलाव और स्वच्छ ऊर्जा विनिर्माण पर केंद्रित विशेष नेतृत्व सत्रों के माध्यम से अपनी भागीदारी दर्ज कराएंगे।

# जोमैटो के प्लेटफॉर्म पर नहीं बिकेंगे एनलॉग डेयरी वाले व्यंजन

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो ने अपने प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध रेस्तरां द्वारा एनालॉग डेयरी वाले व्यंजनों की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। कंपनी ने सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में एनलॉग व्यंजनों के लिए जीरो-टॉलरेंस नीति की घोषणा करते हुए कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी रेस्तरां को प्लेटफॉर्म से हटाने का अधिकार उसके पास सुरक्षित रहेगा। इसमें कहा गया है कि जिन व्यंजनों के बारे में रेस्तरां पार्टनर्स ने बताया है कि उनमें एनलॉग डेयरी शामिल है, उन्हें तत्काल प्रभाव से प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया है। जोमौटो का कहना है कि यह कदम ग्राहकों को प्राथमिकता देने की दिशा में उठाया गया है, जो पारदर्शिता और खाद्य गुणवत्ता के प्रति जोमैटो की प्रतिबद्धता से प्रेरित है। रेस्तरां पार्टनर को तुरंत सुधारात्मक कदम उठाने की सलाह दी गयी है। उन्हें प्राकृतिक डेयरी उत्पादों का इस्तेमाल शुरू करना होगा। यदि ऐसा करना तत्काल संभव नहीं है।

# राजकोषीय घाटा पहले चार महीने में 4.55 लाख करोड़ पर




**नयी दिल्ली (वार्ता)।** वित्त वर्ष 2026-27 के पहले चार महीने में केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा 4.55 लाख करोड़ रुपये रहा जो पूरे साल के बजट अनुमान का करीब 27 प्रतिशत है। वित्त मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जुलाई 2026 के दौरान केंद्र सरकार की कुल प्राप्तियां 13.07 लाख करोड़ रुपये (पूरे साल के बजट अनुमान का 35.8 प्रतिशत) और कुल व्यय 17.62 लाख करोड़ रुपये (पूरे साल के बजट अनुमान का 32.9 प्रतिशत) रहा। इस प्रकार राजकोषीय घाटा 4.55 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा 16.96 लाख करोड़ रुपये तक सीमित रखने का लक्ष्य तय किया है जो पूरे वित्त वर्ष के कुल अनुमानित बजट का 4.3 प्रतिशत है। प्राप्तियों में कर राजस्व का योगदान 8.45 लाख करोड़ रुपये, गैर-कर राजस्व का 4.23 लाख करोड़ रुपये और ऋण से इतर पूंजी प्राप्तियों का योगदान 39.14 हजार करोड़ रुपये रहा। केंद्र सरकार ने इन चार महीनों में राज्यों को कर में उनकी हिस्सेदारी के मद में 3.72 लाख करोड़ रुपये का हस्तांतरण किया है। यह पिछले साल की तुलना में 56.19 हजार करोड़ रुपये कम है। वहीं, कुल व्यय में 13.11 लाख करोड़ रुपये राजस्व खाते पर और 4.51 लाख करोड़ रुपये पूंजीगत खाते पर खर्च हुए। राजस्व खाते में हुए व्यय में करीब एक-तिहाई पैसा ऋण पर ब्याज भुगतान के मद में खर्च हुआ। इस मद में 4.27 लाख करोड़ रुपये खर्च किये गये। साथ ही, महत्वपूर्ण सब्सिडियों पर 1.54 करोड़ रुपये खर्च किये गये।

## सेवा क्षेत्र के 19 में से आठ उपवर्गों ने हासिल की दहाई वृद्धि दर

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने सोमवार को परीक्षण के आधार पर सोमवार को सेवा क्षेत्र के उपवर्गों की वृद्धि दर के जून के आंकड़े जारी किये। वित्त वर्ष 2024-25 को आधार वर्ष मानते हुए जारी किये गये इन आंकड़ों में 19 में से आठ उपवर्गों की वृद्धि दर दहाई अंक में रही है। रियल एस्टेट ने जून में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। इसके बाद खुदरा व्यापार (18 प्रतिशत), थोक व्यापार (15.1 प्रतिशत), प्रशासनिक एवं समर्थन देने वाली सेवाएं (14.4 प्रतिशत) और कंप्यूटर से संबंधित सेवाएं (13.5 प्रतिशत) का स्थान रहा। परीक्षण सीरीज के आंकड़ों से आंकड़ों की गुणवत्ता परखने का मौका मिलेगा।

# शेयर बाजारों में बिकवाली का जोर

### सेंसेक्स 77 हजार अंक से नीचे उतरा

**मुंबई (वार्ता)** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल में तेजी से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली देखी गयी और बीएसई का सेंसेक्स 307 अंक लुढ़क गया। सेंसेक्स सुबह करीब 134 अंक टूटकर 77,131 अंक पर खुला पूरे दिन लाल निशान में रहा। बीच कारोबार में 76,751 अंक तक गिरने के बाद अंत में 307.24 अंक (0.40 प्रतिशत) नीचे 76,957.27 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 95.25 अंक यानी 0.39 प्रतिशत गिरकर 24,080.40 अंक पर आ गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में आज तेजी रही।



लंदन का ब्रेंट क्रूड वायदा फिलहाल तीन प्रतिशत से अधिक की बढ़त में 91 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। इससे घरेलू शेयर बाजार में निवेश धारणा कमजोर हुई है। वृहत बाजार में मिश्रित रुख रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.47 प्रतिशत ऊपर रहा जबकि स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.74 प्रतिशत की गिरावट रही। सेक्टर आधारित सूचकांकों में धातु, मीडिया, एफएमसीजी, रियल्टी, रसायन और सीमेंट सूचकांक लाल निशान में रहे। बैंकिंग, फार्मा और तेल एवं गैस समूहों में तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में अडानी पोर्ट्स का शेयर चार प्रतिशत से ज्यादा टूट गया। आईटीसी में साढ़े तीन प्रतिशत और भारती एयरटेल में ढाई प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही।

एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा स्टील, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस और पावरग्रिड के शेयर एक से डेढ़ फीसदी तक गिर गये। एशियन पेंट्स, टाइटन, हिंदुस्तान यूनीलिवर, अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, ट्रेंट, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी नीचे बंद हुए। सनफार्मा का शेयर पौने दो प्रतिशत मजबूत हुआ। आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और बजाज फिनसर्व के शेयर भी एक प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। टीसीएस, बीईएल और मारुति सुजुकी के शेयर भी हरे निशान में रहे।

# सिंहस्थ-2028 के लिए मिल रहा जनसहयोग दुनिया के लिए उत्कृष्ट उदाहरण : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने रामघाट पर भूत भावन भगवान महाकालेश्वर की पालकी में विराजित चन्द्रमौलेश्वर का किया पूजन



**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन पवित्र नगरों में एक है। हर काल में उज्जैन की आभा, कीर्ति और प्रसिद्धि युगों-युगों तक रही है। उज्जैन पर बाबा महाकाल की विशेष कृपा है। पृथ्वी पर जन्म से लेकर मृत्यु तक सबका समय नियत है, लेकिन प्रत्येक प्राणी के लिए काल का निर्धारण बाबा महाकाल ने किया है। काल की नगरी, गौरव की नगरी उज्जैन अपने गौरव को पुनः प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में भगवान महाकालेश्वर की पंचम सवारी के महाकालेश्वर मंदिर से राम घाट पहुंचने के पश्चात प्रसारण कक्ष से संबोधित किया।

### दत्त अखाड़ा से रामघाट नाव से पहुंचे मुख्यमंत्री

भगवान महाकालेश्वर की पंचम सवारी सोमवार को हर्षोल्लास से नियत समय पर महाकालेश्वर मंदिर से निकाली गई। सवारी के रामघाट पर पहुंचने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पालकी में विराजित भगवान चन्द्रमौलेश्वर का विधि विधान से पूजा-अर्चना की। पुजारी पं. आशीष शर्मा ने पालकी में विराजित चंद्रमौलेश्वर का माँ शिप्रा के जल से जलाभिषेक करवाया। महाकालेश्वर की सवारी के रामघाट पर पंहुचने पर हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा की गई। सवारी के रामघाट पहुंचने के समय मुख्यमंत्री डॉ. यादव दत्त अखाड़ा साइड से नाव में सवार हो कर रामघाट पहुँचे। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, बडनगर विधायक जितेंद्र उदय सिंह पंड्या, उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी, संजय अग्रवाल सहित गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

### सिंहस्थ-2028 को भव्य और दिव्य बनाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संबोधन में कहा कि उज्जैन में अनेक विकास कार्य चल रहे हैं, महाकाल की कृपा से सभी वर्गों के लोगों ने अपने मकान स्वयं तोड़कर विकास में सहयोग प्रदान किया है। सभी ने स्वेच्छा से मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारे तक हटाए। नागरिकों से मिला स्वैच्छिक सहयोग भारत ही नहीं दुनिया के लिए एक उत्कृष्ट उदाहरण है। मध्यप्रदेश सरकार आगामी सिंहस्थ-2028 के भव्य और दिव्य आयोजन के लिए कटिबद्ध है।

### सीधे प्रसारण से जुड़े करोड़ों श्रद्धालु

बाबा महाकाल की पंचम सवारी का सजीव प्रसारण हुआ, इससे करोड़ों श्रद्धालु साक्षी बने। अनेक राष्ट्रों से भी श्रद्धालुओं ने इस विशेष प्रसारण व्यवस्था का लाभ लिया। उज्जैन में सवारी के मार्ग में स्थित निवास करने वाले नागरिकों के साथ ही प्रदेश के स्थानों के श्रद्धालु सवारी की साक्षी बने। श्रद्धालुओं में छोटे बच्चे, युवा, महिलाएं बुजुर्ग सभी शामिल थे। उत्साह, उमंग और श्रद्धा की अभिव्यक्ति देखने को मिली।

### दुनिया में बढ़ रहा है भारत का मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ रहा है। दूसरे देशों में रहने वाले भारतीयों को गर्व है कि वो भारतवासी हैं। सनातन संस्कृति के वेद वाक्य दुनिया में चारों दिशाओं में गूंज रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ा रही हैं। हमारे उदार चरित्र के आधार पर भारत की कीर्ति दुनिया में फैल रही है। दुनिया में कोई प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति ऐसे नहीं हैं, जिन्हें इतने देशों ने सम्मानित किया हो। प्रधानमंत्री श्री मोदी को कल ही उज्बेकिस्तान ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से विभूषित किया है। बाबा महाकाल की कृपा से प्रधानमंत्री श्री मोदी को प्रदत्त यह 36वां अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार है।

### प्रदेश की विरासत से दुनिया को परिचित करवाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में बाबा महाकाल के महालोक के निर्माण के बाद सनातन संस्कृति और धार्मिक पर्यटन की धारा संपूर्ण विश्व में बहने लगी है। अब केवल उज्जैन ही नहीं, देशभर में हमारे प्राकृतिक, नैसर्गिक, वन्य संपदा और पुरातात्विक विरासत से संबंधित स्थानों से दुनिया को परिचित करवाया जाएगा। इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। सावन के पवित्र माह में बाबा महाकाल की धार्मिक सवारी निकाली गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा महाकाल उत्तर, दक्षिण सभी दिशाओं को मेल करवाते हैं।

# आज 1 लाख 22 हजार विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए मिलेंगे 25-25 हजार रुपये

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव 1 सितंबर को 304 करोड़ 98 लाख 50 हजार रुपये से अधिक की राशि का करेंगे अंतरण



**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** कक्षा 12वीं में प्रथम प्रयास में 75 प्रतिशत या अधिक अंक पाने वाले प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों का आधुनिक तकनीक से जुड़ने का सपना जल्द ही पूरा होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश के लगभग 1 लाख 22 हजार विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपये की राशि का अंतरण करेंगे।

विद्यार्थियों को यह राशि 1 सितंबर को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में आयोजित लैपटॉप क्रय के लिये राशि वितरण कार्यक्रम के दौरान प्रदान की जाएगी। प्रदेश सरकार द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें डिजिटल तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना चलाई जा रही है। इसके अंतर्गत कक्षा 12वीं की परीक्षा में पहले ही प्रयास में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को लैपटॉप खरीदने के लिए 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

### प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा का संबल

प्रदेश सरकार द्वारा योजना के अंतर्गत इस वर्ष प्रदेश के लगभग 1 लाख 22 हजार विद्यार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है। प्रत्येक विद्यार्थी के खाते में 25 हजार रुपये की राशि अंतरित की जाएगी। इस प्रकार विद्यार्थियों को कुल 304 करोड़ 98 लाख 50 हजार रुपये से अधिक की राशि का अंतरण किया जाएगा।

# सेवानिवृत्ति पर अशोक असाटी को दी भावभीनी विदाई



**हटा (स्वतंत्र मत)।** विद्युत मंडल हटा कार्यालय में पदस्थ राजस्व लेखापाल अशोक असाटी ने अपनी 41 वर्ष 6 माह की शासकीय सेवा पूर्ण कर सोमवार 31 अगस्त को सेवानिवृत्ति ग्रहण की। इस अवसर पर विद्युत मंडल कार्यालय, दमोह रोड हटा में उनका भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया।

एक सादे एवं आत्मीय समारोह में विद्युत मंडल के लाइन स्टाफ, कार्यालयीन स्टाफ एवं आउटसोर्स स्टाफ ने अशोक असाटी को पुष्पहार पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर विदाई दी। इस दौरान सहकर्मियों ने उनके दीर्घ शासकीय सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य की कामना की। सहकर्मियों ने कहा कि अशोक असाटी ने अपने लंबे सेवाकाल के दौरान पूरी जिम्मेदारी एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उन्होंने कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों एवं अन्य स्टाफ के साथ सदैव आत्मीय व्यवहार रखते हुए सभी का सहयोग किया।

# नेपाल बाढ़ त्रासदी के दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी



**हटा (स्वतंत्र मत)।** समीपवर्ती ग्राम तेवरईया गायत्री प्रज्ञापीठ के साधना कक्ष में नेपाल बाढ़ त्रासदी के दिवंगतों हेतु श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं गायत्री दीपयज्ञ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक गायत्री चालीसा पाठ के द्वारा किया गया। नेपाल त्रासदी में जिन परिवारों ने अपनों को खोया जो मूलभूत आवश्यकताओं एवं अपनों की तलाश में संघर्ष कर रहे जिनके आशियाने उजड़ गए उन प्रभावित परिवारों के शीघ्र पुनर्वास हेतु सामूहिक प्रार्थना की गई। दीपयज्ञ में उपस्थित परिजनों ने नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना, दिवंगत आत्माओं की शांति एवं पीड़ित परिवारों को संबल प्रदान करने की भावना करते हुए महामृत्युंजय मंत्र से यज्ञ नारायण भगवान को आहुतियां प्रदान की। दीपयज्ञ की पूर्णाहुति कराते हुए दिनेश दुबे ने बताया गायत्री परिवार हमेशा वसुधैव कुटुंबकम् के सिद्धांत पर चलता आया है।

यह सारा संसार भगवान का ही स्वरूप है। सियाराम मय सब जग जानी। संकट की इस घड़ी में नेपाल के आपदाग्रस्त परिवारों के लिए प्रार्थना करना, उनके साथ खड़े होना भगवान की सच्ची उपासना है। संयोजक लखन पटेल द्वारा कार्यक्रम कराया गया। संचालन शिवम पटेल एवं गुलजार सींग लोधी द्वारा किया गया।

# शादी के नाम पर 4.10 लाख की ठगी

### दुल्हन और 3 अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज, सीएसपी एचआर पांडे ने किया खुलासा



**दमोह (स्वतंत्र मत)।** शादी कराने के नाम पर लाखों की ठगी करने का मामला सामने आया है। दिनेश पिता रामकौशल विश्वकर्मा उम्र 38 वर्ष निवासी बांसातारखेड़ा की रिपोर्ट पर पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध किया है। रिपोर्ट के अनुसार गांव के नर्मदा पटेल ने नीरज उर्फ धीरज पटेल व मालती पटेल दोनों निवासी ग्राम कनेरा, थाना जैसीनगर, जिला सागर से मुलाकात करवाई। इसके बाद खुशबू राजपूत निवासी रांझी जबलपुर से 20 अप्रैल 2026 को रणगिर मंदिर में शादी करवाई गई। शादी कराने के एवज में दिनेश विश्वकर्मा ने 1,70000 रुपये नगद और 2,40000 रुपये के जेवर खुशबू राजपूत को दिए थे। कुल 4,10000 रुपये दिए गए।आरोप है कि 23 अप्रैल 2026 को मालती पटेल दुल्हन खुशबू राजपूत की बड़ी बहन बनकर बांसातारखेड़ा आई। कुछ दिन बाद वापस भेजने का कहकर वह दुल्हन को अपने साथ जबलपुर ले गई। इसके बाद से दुल्हन खुशबू राजपूत ने प्रार्थी दिनेश विश्वकर्मा से कोई संपर्क नहीं किया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने नर्मदा पटेल, नीरज उर्फ धीरज पटेल, मालती पटेल व खुशबू राजपूत के खिलाफ शादी के नाम पर धोखाधड़ी करने के संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शादी के नाम पर धोखाधड़ी कर लाखों रुपये ठगने वाले गैंग के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी भापुसे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन और नगर पुलिस अधीक्षक एचआर पांडे के नेतृत्व में विवेचना के दौरान पुलिस ने कार्रवाई की।

# 4 को होगा श्रीकृष्ण पर्व कला अभिव्यक्तियों से सजेगी सांस्कृतिक संध्या

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मप्र शासन के संस्कृति विभाग एवं श्रीकृष्ण पाथेय न्यास के आयोजन तथा जिला प्रशासन दमोह के सहयोग से श्रीकृष्ण पर्व का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम 4 सितंबर को शाम 7 बजे से मानस भवन सभागार दमोह में आयोजित होगा। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण आख्यान पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। बुंदेली लोक गायन की प्रस्तुति अनामिका पाण्डेय एवं साथी, छतरपुर द्वारा दी जाएगी। वहीं कालियानाग वध पर केंद्रित नृत्य नाटिका विथिका मिश्री एवं साथीए भोपाल द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। इसके अलावा भक्ति गायन पवन तिवारी एवं साथी, निवाड़ी द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, लीलाओं और भक्ति पर आधारित कला अभिव्यक्तियों के माध्यम से दर्शकों को भारतीय लोक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से परिचित कराया जाएगा। आयोजन में सभी नागरिकों को सादर आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

# पांच रुपए में भरपेट भोजन की पहल, शुरू हुई पथरिया की रसोई

### भारत आईसीटी के सचिन जैन ने किया शुभारंभ



**पथरिया (स्वतंत्र मत)।** समाजसेवा के क्षेत्र में एक और सराहनीय पहल करते हुए भारत आईसीटी के सचिन जैन द्वारा पथरिया में पथरिया की रसोई का शुभारंभ किया गया। इस रसोई के माध्यम से लोगों को मात्र 5 रुपए में भरपेट भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। इस जनसेवी पहल का उद्देश्य जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को कम कीमत पर पौष्टिक एवं सम्मानजनक भोजन उपलब्ध कराना है। पथरिया की रसोईृ के शुभारंभ अवसर पर नगर के सर्व समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों सहित दर्जनों लोगों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे पथरिया के लिए एक सकारात्मक और जनहितकारी कदम बताया।

### गरीबी से संघर्ष कर खड़ी की अपनी पहचान

सचिन जैन मूल रूप से पथरिया के निवासी रहे हैं। कुछ वर्ष पूर्व आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से निकलकर उन्होंने बेहतर भविष्य की तलाश में दिल्ली का रुख किया।

वहां उन्होंने कई जगह जद्दोजहिद के बाद टेलीकॉम कंपनी में काम करते हुए अपने अनुभव और मेहनत से आगे बढ़ने का प्रयास जारी रखा। इसके बाद उन्होंने स्वयं की भारत आईसीटी नाम से कंपनी स्थापित की और सफलता हासिल की। आज सचिन जैन पथरिया क्षेत्र में विभिन्न जनसेवी गतिविधियों के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। पथरिया की रसोई भी इसी सामाजिक सरोकार की कड़ी मानी जा रही है।

### जनसेवा को बनाया सफलता का माध्यम सचिन जैन

सचिन जैन का कहना है कि जीवन में संघर्ष के दौर को उन्होंने करीब से देखा है, इसलिए समाज के जरूरतमंद लोगों के लिए कुछ करने की प्रेरणा हमेशा रही। पथरिया की रसोई के जरिए उनका प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक परेशानी के कारण भोजन से वंचित न रहे।

### निर्माण कार्य शुरू करने से पूर्व श्रम विभाग को सूचना देना अनिवार्य

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा सभी शासकीय ठेकेदारों, कॉलोनाईजर और उप ठेकेदारों को निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके अंतर्गत मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल अधिनियम 1996 की धारा 46 के अंतर्गत किसी भी भवन या अन्य निर्माण कार्य को शुरू करने से कम से कम 30 दिन पहले निर्माणकर्ता को संबंधित क्षेत्र के श्रम निरीक्षक श्रम विभाग को लिखित सूचना भेजना ऑनलाईन पंजीयन लेना, कानूनी रूप से अनिवार्य है। श्रम पदाधिकारी ने बताया इस सूचना में कार्य का स्थान, ठेकेदार का नाम पता, कार्य की प्रकृतिए संभावित श्रमिकों की संख्या और कार्य की अनुमानित अवधि का विवरण देना आवश्यक है।

# घर में घुसे चोर का 12 घंटे में खुलासा

### 5 लाख के सोने-चांदी के जेवरात सहित आरोपी गिरफ्तार

**हटा (स्वतंत्र मत)।** थाना हटा क्षेत्र में हुई लाखों रुपये की चोरी का पुलिस ने महज 12 घंटे में खुलासा करते हुए आरोपी को चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से करीब 5 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार गांधी वार्ड बूढ़ा हटा निवासी राजकुमार पिता भुजबल विश्वकर्मा 61 ने 30 अगस्त को थाना हटा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया कि 29 अगस्त की रात करीब 11 बजे परिवार के साथ सोने के बाद सुबह उठकर देखा तो घर के पीछे स्थित कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। कमरे में रखी गोदरेज की अलमारी से स्टील के डिब्बे में रखे पुराने इस्तेमाल किए जाने वाले सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। रिपोर्ट पर थाना हटा में अपराध क्रमांक 428/2026 धारा 331 (4) 305 (ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर संदिग्धों की तलाश शुरू की। पुलिस ने आरोपी रजनीश पिता रामजियावन विश्वकर्मा 25 निवासी ग्राम भेलकी थाना गुरहट जिला सीधी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए एक सोने का हारए चार सोने की चूड़िया, सोने के कानों के टॉप्स, सोने के गुरियों की दो मालाएं, एक 7 गुरियों की और दूसरी 10 गुरियों की सहित 500 ग्राम वजनी चांदी की करधनी, 250 ग्राम की हाफ करधनी और एक चांदी की हाय बरामद की। बरामद जेवरात की कुल कीमत करीब 5 लाख रुपये बताई गई है। आरोपी को विधिवत 31 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया एवं एसडीओपी कृष्णपाल सिंह के मार्गदर्शन में हुई इस कार्रवाई में निरीक्षक सुधीर कुमार बेगी, सउनि सुंदर लाल सुमन, सउनि अरविन्द राय, प्रआर भगवानदास, आर रामसींग, आर. सोनू एवं आर. पवन पटैल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पेपरलेस निरीक्षण रिपोर्ट से जिला से प्रदेश स्तर तक एक क्लिक में पहुंचेगी जानकारी : कलेक्टर

### 3 को जनपद कार्यालय पटेरा परिसर में आयोजित होगा मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर



**दमोह (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविरों में सभी अधिकारी निर्धारित स्थलों पर समय से पहुंचकर उन्हें सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। 3 सितंबर को जनपद कार्यालय पटेरा परिसर में आयोजित होने वाले शिविर की सभी आवश्यक तैयारियां समय सीमा में पूर्ण कर ली जाएं। यह निर्देश कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने सोमवार को समय सीमा बैठक के दौरान दिए। बैठक में वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने कहा कि प्रदेश में पहली बार मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत पेपरलेस निरीक्षण रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इस व्यवस्था के माध्यम से निरीक्षण से संबंधित रिपोर्ट जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक एक क्लिक पर उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के दौरान निरीक्षण कार्य को गंभीरता से लेते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सड़कों से गोवंश को गौशालाओं में शिफ्ट करें

कलेक्टर ने नगरीय एवं ग्रामीण निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों पर गोवंश न बैठे यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिदिन प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए। सड़कों पर पाए जाने वाले गोवंश को गौशालाओं में शिफ्ट किया जाए। उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को इसकी नियमित निगरानी करने तथा प्रतिदिन कितने गोवंश को गौशालाओं में शिफ्ट किया गया, इसकी रिपोर्ट तैयार कराने के निर्देश दिए। उपसंचालक पशु चिकित्सा विभाग भी गोवंश शिफ्टिंग की रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि पूर्व में खाद्यान्न दुकानों के किए गए निरीक्षण की रिपोर्ट खाद्य विभाग को उपलब्ध कराई जाए। कलेक्टर ने कहा कि 15 सितंबर को बलराम महोत्सव आयोजित किया जाएगा। उन्होंने उपसंचालक कृषि को महोत्सव से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविरों की व्यापक जानकारी ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के नागरिकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा शिविरों के आयोजन से पूर्व संबंधित क्षेत्रों में मुनादी अनिवार्य रूप से कराई जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र नागरिक शिविर में पहुंचकर शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

### नाम परिवर्तन सूचना

**मैं त्रिवेणी बाई रजक पिता स्व. फूलचंद रजक उम्र 55 वर्ष निवासी-मकान नं. 2896, रानी दुर्गावती वार्ड गढ़ा बाजार जबलपुर शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि :- 1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हैं। 2. यह कि मेरे आधार कार्ड नं. 6797 2488 0699 त्रिवेणी बाई रजक नाम है। 3. यह कि मेरे पेन कार्ड नं. GNRPR5735K त्रिवेणी बाई रजक दर्ज है। 4.यह कि पहले मेरा नाम विनिता रजक था। जो कि त्रिवेणी बाई रजक दस्तावेज में दर्ज है जो सही नाम है। 5. यह कि विनिता रजक एवं त्रिवेणी बाई रजक दोनों नाम एक ही महिला के नाम है। इस हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत है।**

**जबलपुर**
**दिनांक 31/08/2026**

शपथकर्ता
**त्रिवेणी बाई रजक**



**गढ़ा बजरिया क्षेत्र में वारदात, मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस**

## पता पूछने के बहाने युवती का मोबाईल लूट ले गये बदमाश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गढ़ा स्थित छोटी बजरिया में बीती रात दस बजे के लगभग घर के सामने टहल रही युवती शिवांगी वर्मा के हाथ से मोबाइल फोन लूटकर एक्सिस गाड़ी सवार बदमाश भाग निकले। बदमाश पता पूछने के बहाने युवती के पास पहुंचे और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गये।जानकारी अनुसार दुर्गा मंदिर छोटी बजरिया गढ़ा में रात 10 बजे के लगभग एक युवती शिवांगी वर्मा उम्र 35 वर्ष घर के सामने टहलते हुए मोबाइल फोन पर बात कर रही थी। इस दौरान एक्सिस से तीन युवक आए और शिवांगी से पता पूछने के बहाने रुककर बातचीत करने लगे। शिवांगी कुछ कह पाती इससे पहले तीनों ने शिवांगी को धक्का दिया और हाथ से मोबाइल फोन छीनकर भाग निकले।

**स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत**

## राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम संपन्न




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय जबलपुर द्वारा राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में विनीत कुमार रजक, महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जबलपुर ने विद्यार्थियो को संबोधित करते हुये कहा कि वर्तमान समय में लघु उद्योग देश की अर्थव्यवस्था को सुदृड़ बनाने के साथ-साथ बड़े पैमाने पर रोजगार/स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहे हैं। विद्यार्थियों को अपनी रुचि, कौशल एवं प्रतिभा के अनुरूप स्वरोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए।



# बारिश में टपकने लगी डुमना एयरपोर्ट की छत

## 450 करोड़ की लागत से बनी भव्य टर्मिनल बिल्डिंग की 2 साल में ही खुल गई पोल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

शहर के डुमना विमानतल की नई और भव्य टर्मिनल बिल्डिंग की गुणवत्ता बारिश में सवालों के घेरे में आ गई है। महज दो साल पहले 450 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुई इस अत्याधुनिक टर्मिनल बिल्डिंग की छत से पानी टपकने की घटना सामने आई है। सुरक्षा और अव्यवस्था से बचने के लिए एयरपोर्ट प्रबंधन को मुख्य प्रवेश द्वार (मेन गेट) बंद करना पड़ा है।

जानकारी के अनुसार, छत से पानी सीधे फर्श पर गिर रहा था, जिसके चलते यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वहां फर्श गीला है, संभलकर चलें...की चेतावनी वाला बोर्ड लगाना पड़ा। यात्रियों की आवाजाही प्रभावित न हो, इसके लिए वैकल्पिक रास्ते से प्रवेश दिया जा रहा है। जानकारी हो कि इस भव्य टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। इतने बड़े बजट से निर्मित और नई बिल्डिंग में इस तरह पानी टपकने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर






सवाल खड़े हो गए हैं। अचानक मेन गेट बंद होने और फर्श पर फैले पानी के कारण एयरपोर्ट पहुंचे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जिसके बाद एयरपोर्ट प्रशासन रिसाव को रोकने और मरम्मत के काम में जुट गया।

### बारिश के कारण कैनोपी में पानी भरा

एयरपोर्ट प्रभारी डायरेक्टर नीरज कुमार ने बताया कि बारिश के कारण कैनोपी में पानी भर गया था। कैनोपी की रिपेयरिंग चल रही है।

यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए डी-1 गेट बंद कर डी-2 गेट से आवाजाही कराई जा रही है। जून 2024 में फैब्रिक कैनोपी गिरने की घटना की जांच चल रही है। एनकेजी कंपनी के खिलाफ कार्रवाई भी मुख्यालय स्तर पर चल रही है। वर्तमान में कैनोपी की रिपेयरिंग दूसरी कंपनी को दी गई है। इसी कैनोपी में बारिश के दौरान पानी भरने और टपकने की समस्या सामने आई है। डुमना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन, एटीसी टावर और फायर स्टेशन समेत आधुनिकीकरण का काम दिल्ली की मेसर्स एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को दिया गया था। टर्मिनल भवन 1.15 लाख वर्गफुट क्षेत्र में बनाया गया।

### वायु सेवा संघर्ष समिति ने की जांच की मांग

वायु सेवा संघर्ष समिति के अध्यक्ष हिमांशु खरे ने एयरपोर्ट के निर्माण और वर्तमान व्यवस्थाओं की उच्चस्तरीय जांच और ऑडिट की मांग की है। उन्होंने बताया कि करीब 450 करोड़ रुपए खर्च होने के बावजूद यात्रियों को प्रवेश करते ही गीले फर्श और टपकते पानी का सामना करना पड़ना गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा किसी भी शहर के लिए एयरपोर्ट उसकी पहली छवि बनाता है, लेकिन एयरपोर्ट की सुविधाएं और रैंकिंग सवालों के घेरे में हैं। हालिया कस्टमर सेटिस्फेक्शन इंडेक्स में जबलपुर एयरपोर्ट को देशभर में 22वां स्थान मिला है।

### 2 साल पहले भी गिर चुकी है फैब्रिक कैनोपी

जानकारी अनुसार डुमना एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग की निर्माण गुणवत्ता पर पहले भी सवाल उठ चुके हैं। 27 जून 2024 को भारी बारिश के दौरान ड्रॉप एंड गो एरिया की फैब्रिक कैनोपी का एक हिस्सा गिर गया था। कैनोपी का हिस्सा वहां खड़ी आयकर विभाग के एक अधिकारी को लेने आई कार पर गिरा था, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई थी। हादसे से कुछ मिनट पहले ही अधिकारी और ड्राइवर कार से उतरकर टर्मिनल के अंदर चले गए थे। इससे वे हादसे की चपेट में आने से बच गए और बड़ा हादसा टल गया था।



## तेज रफ्तार लोडिंग ऑटो की टक्कर से युवक की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत गाड़ाघाट टपरिया गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। तेज रफ्तार से आ रहे एक लोडिंग ऑटो ने बाइक सवार दो भाइयों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे युवक के सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा उसका छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गाड़ाघाट टपरिया निवासी नवल मल्लाह (सिंह) अपने 15 वर्षीय छोटे भाई राहुल मल्लाह के साथ मोटरसाइकिल से जा रहे थे। जैसे ही वे टपरिया मोड़ के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे अनियंत्रित लोडिंग ऑटो ने उन्हें सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों भाई बाइक सहित उछलकर काफी दूर जा गिरे। इस दौरान नवल का सिर सड़क किनारे पड़े एक पत्थर से टकरा गया, जिससे अत्याधिक खून बह जाने के कारण उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में घायल छोटे भाई राहुल के दाहिने पैर में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से घायल को शासकीय अस्पताल पाटन ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही पाटन पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लोडिंग ऑटो को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**पाटन थाना अंतर्गत गाड़ाघाट टपरिया मोड़ पर दर्दनाक सड़क हादसा**

## छात्राओं से अभद्रता मामले में शिक्षक निलंबित

### पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

उमरिया जिले के विकासखण्ड मानपुर में शासकीय प्राथमिक शाला सुल्तानपुर में पदस्थ सहायक शिक्षक कोमलचंद गुप्ता के विरुद्ध छात्राओं से छेडखानी एवं अभद्रता के गंभीर मामले में जिला शिक्षा अधिकारी उमरिया द्वारा त्वरित अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए शिक्षक कोमलचंद गुप्ता को निलंबित कर दिया है। साथ ही शिक्षक के खिलाफ थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। प्रभारी प्रधानाध्यापक विश्वनाथ पाण्डेय द्वारा 24 अगस्त को मिली दूरभाषीय सूचना के आधार पर संकुल प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल जोबी एवं जनशिक्षकों द्वारा विद्यालय में पंचनामा तैयार किया गया था। पंचनामा एवं वीडियो साक्ष्यों के आधार पर कक्षा दूसरी, तीसरी तथा चौंथी की छात्राओं के बयानों में शिक्षक द्वारा टॉफी देने, गलत तरीके से स्पर्श करने तथा मोबाइल पर अश्लील वीडियो दिखाने की बात सामने आई थी। प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर शिक्षक कोमलचंद गुप्ता का कृत्य शिक्षकीय मर्यादाओं के विपरीत तथा मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 का उल्लंघन पाया गया। जिसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी उमरिया द्वारा मध्य प्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 की धारा 9 के तहत कार्यवाही करते हुए शिक्षक कोमलचंद गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 28 अगस्त को थाना प्रभारी इन्दवार को वैधानिक कार्यवाही के लिए पत्र भेजा गया था। इसके पालन में इन्दवार पुलिस द्वारा 29 अगस्त को एफआईआर दर्ज की गई। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मानपुर नियत किया गया है

## स्ट्रीट लाइट के नीचे लगा रहे थे दांव

**जबलपुर।** लार्डगंज पुलिस ने बैकुंडपुर धाम मंदिर के पास बिजली के खम्बें के नीचे ताश पत्तों पर हार जीत का दांव लगा रहे जुआरियों को दबोचा। पुलिस ने मौके से विनय उर्फ दीपक यादव उम्र 23 वर्ष, विकास साहू उम्र 24 वर्ष दोनों निवासी संजयनगर लार्डगंज, प्रवीण उर्फ रक्षा पटेल उम्र 26 वर्ष निवासी संजय नगर, सतेन्द्र पासवान उम्र 38 वर्ष संजयनगर, करन रजक उम्र 22 वर्ष निवासी यादव किराना स्टोर के बगल वाली गली संजय नगर, सुमित दाहिया उम्र 22 वर्ष निवासी शारदा मंदिर के पास संजयनगर को हिरासत में लिया।

## भेड़ाघाट में हैलीपैड के लिए प्रस्तावित भूमि से अवैध कब्जा हटा

### 80 लाख रुपये की नगर परिषद की 2 एकड़ भूमि कराई मुक्त

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को कार्यवाही कर नगर परिषद भेड़ाघाट की खसरा नंबर 81 की लगभग दो एक? भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करा लिया गया है। अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई इस भूमि का बाजार मूल्य लगभग 80 लाख रूपये है।

अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गोरखपुर अनुराग सिंह ने बताया की नगर परिषद भेड़ाघाट की इस भूमि से अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही कलेक्टर राघवेंद्र



सिंह के निर्देश पर की गई है। इस भूमि पर गोपालपुर निवासी छोटा यादव द्वारा अवैध कब्जा कर मकान का निर्माण एवं कृषि कार्य किया जा रहा था। अवैध कब्जा हटाने की यह कार्यवाही विधिवत सुनवाई की प्रक्रिया पूरी करने के बाद की गई है।

अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गोरखपुर के अनुसार कब्जा मुक्त कराई गई भूमि पर पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हैलीपैड का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही के दौरान अतिरिक्त तहसीलदार गोरखपुर ललित ग्वालवंशी, नगर परिषद भेड़ाघाट के मुख्य नगर पालिका अधिकारी विक्रम झरिया तथा संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# शराब तस्करी करते दो युवक गिरफ्तार

## आबकारी विभाग की कार्रवाई, हजारों की शराब व बुलेरो वाहन जब्त



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

आबकारी विभाग ने अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 6 लाख 20 हजार 500 रुपए की शराब और बोलेरो वाहन जब्त किया है। मुखबिर की सूचना पर सोमवार को तिलवारा रोड पर कार्रवाई की गई। टीम ने पीछा कर बोलेरो को कटंगा तिराहा स्थित आइडियल टावर के पास रोक लिया और कटनी निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

आबकारी अधिकारियों के अनुसार टीम को तिलवारा रोड के रास्ते बोलेरो से अवैध शराब ले जाने की सूचना मिली थी। आबकारी कंट्रोलर के नेतृत्व में टीम ने तिलवारा घाट से संदिग्ध वाहन का पीछा शुरू किया। चालक टीम को चकमा देने के लिए लगातार रास्ता बदल रहा था। अंधमूक बायपास पर टीम ने बोलेरो को रोकने की कोशिश की। इस पर चालक ने गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी और भागने का प्रयास किया। चालक के भागने की कोशिश के बाद आबकारी की दूसरी टीम ने कटंगा तिराहा स्थित आइडियल टावर के पास अपनी गाड़ी आगे अड़ा दी। इसके बाद बोलेरो को रोक लिया गया। तलाशी लेने पर वाहन में 33 पेटियां मिलीं। इनमें 2 पेटियां खाली थीं, जबकि 31 पेटियों में 1550 पाव देशी शराब मिली। जब्त शराब की मात्रा करीब 279 बल्क लीटर है। इसमें देशी मसाला और प्लेन शराब शामिल है। शराब और परिवहन में इस्तेमाल बोलेरो की कुल अनुमानित कीमत 6 लाख 20 हजार 500 रुपए आंकी गई है। टीम ने मौके से कटनी निवासी सोनू चौधरी और साहिल केवट को गिरफ्तार किया है। जिनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## खराब सड़कों की होगी मरम्मत, हाइवे से आवारा पशु पहुँचेंगे गौशाला: कलेक्टर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में जारी विकास कार्यों, शासकीय योजनाओं और जनसुविधाओं से जुड़े विषयों की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान डीएफओ पुनीत सोनकर और जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत सहित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने



जिले की जर्जर व खराब सड़कों को तत्काल चिन्हित कर सुधार कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, हाईवे पर दुर्घटना का कारण बनने वाले आवारा पशुओं को सुरक्षित रूप से नवनिर्मित गौशालाओं में पहुँचाने के लिए सख्त हिदायत दी।

लंबित आवेदनों और योजनाओं का जल्द हो निराकरण

कलेक्टर ने पीएम किसान सम्मान निधि, समग्र ई-केवाईसी तथा लोक सेवा गारंटी योजना के अंतर्गत लंबित आवेदनों को समय-सीमा के भीतर निराकृत करने पर विशेष जोर दिया।

## शराब के लिये रुपये न देने पर चाकू-तलवार से हमला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हनुमानताल, अधारताल व गोरखपुर क्षेत्र में बदमाशों ने शराब के लिये रुपयों की मांग करते हुए युवकों पर चाकू, तलवार व पत्थर से हमला कर दिया। जिससे उन्हें चोटे आ गई। तीनों मामलों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामलों को जांच में लिया है। हनुमानताल पुलिस ने बतया कि बड़ा मदार छल्ला निवासी 22 वर्षीय मोनू अंसारी को बीती रात दस बजे मोहल्ले का राजा नामक युवक मिला और उससे शराब पीने पांच सौ रुपयों की मांग करने लगा। विरोध करने पर आरोपी राजा ने मारपीट करते हुए मोनू को पटक दिया और चाकू से हमला कर वाये कान के ऊपर व दाहिने आंख के पास चोट पहुंचा दी। इसी प्रकार अधारताल पुलिस ने बताया कि माढ़ोताल स्टार सिटी निवासी 26 वर्षीय अरूण केवट शाम को अपनी मॉ के साथ रिश्तेदारी में संजय नगर आया था। जब वह घर के बाहर बगीचे में शिंटू केवट के साथ बैठा था, उसी समय राहुल उर्फ फादर तथा अनुराग पटेल पहुंचे और उससे शराब पीने के लिये रुपयों की मांग करने लगे। विरोध करने पर आरोपिों ने मारपीट करते हुए तलवार से हमला कर दिया। जिससे अरुण व शिंटू को चोटे आ गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। इसी प्रकार गोरखपुर पुलिस को 48 वर्षीय अमित चक्रवती ने बताया कि वह अपनी कार से घर जा रहा था। दोपहर में उसे घर के पास शैलेष जयसवाल उर्फ मुन्ना मिला और शराब पीने के लिये पांच हजार रुपये की मांग करने लगा। उसके विरोध करने पर आरोपी मुन्ना ने गाली गलौज करते हुये गाल में थप्पड़ मार दिया तथा जान से मारने की धमकी देते हुये पत्थर उठाकर उसकी कार के सामने का कांच में मारकर तोड़कर लगभग 30 हजार रूपये का नुकसान कर दिया।

# घमापुर फ्लाई ओवर निर्माण का रास्ता हुआ साफ

### हाईकोर्ट के आदेश के बाद काम में आएगी तेजी, जल्द शुरु होगा फ्लाई ओवर का काम

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

शहर के सबसे व्यस्त घमापुर और आंबेडकर चौक क्षेत्र को जल्द ही भीषण ट्रैफिक जाम से राहत मिलने जा रही है। कांग्रेस विधायक द्वारा दायर जनहित याचिका (16145/2025) पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के कड़े रुख के बाद प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया है। कोर्ट के दखल के बाद फ्लाईओवर निर्माण और सड़क चौड़ीकरण की राह में आ रहे अतिक्रमणों को हटाने की तैयारी तेज कर दी गई है। हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने जवाब दाखिल करते हुए बताया कि पूरे रूट का ट्रैफिक डेटा एकत्र कर लिया गया है और सड़क चौड़ीकरण का विस्तृत प्रस्ताव तैयार हो रहा है। सुनवाई के दौरान एल्गिन अस्पताल के पास गुमटी



लगाने वाले दुकानदारों की राहत याचिका को कोर्ट ने स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया, जिससे साफ है कि चौड़ीकरण की जद में आने वाले अवैध निर्माणों पर जल्द बुलडोजर कार्रवाई शुरू होगी।

### कोर्ट ने दिया नया और व्यावहारिक रूट सुझाव

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने फ्लाईओवर के रूट को लेकर एक बेहद महत्वपूर्ण सुझाव दिया है। कोर्ट ने प्रस्ताव रखा कि फ्लाईओवर को एमपी टूरिज्म कार्यालय से शुरू करके घमापुर चौराहे के आगे उतारा जाए। यदि इस रूट को मंजूरी मिलती है तो घमापुर, आंबेडकर चौक, कलेक्ट्रेट, हाईकोर्ट और जिला न्यायालय मार्ग पर गाड़ियों का दबाव न के बराबर रह जाएगा। इससे पहले फ्लाईओवर को होटल ऋषि एजेंसी से अब्दुल हमीद चौक तक बनाने की योजना थी, जिस पर अंतिम फैसला अगली सुनवाई में होगा।

### देरी के कारण 83 करोड़ बढ़ गई लागत

याचिका के अनुसार, इस फ्लाईओवर का पहला प्रस्ताव 11 दिसंबर 2019 को 186.03 करोड़ का भेजा गया था। प्रशासनिक सुस्ती और देरी के कारण 28 जुलाई 2022 को इसकी अनुमानित लागत बढ़कर 269.22 करोड़ तक पहुंच गई।

लगातार विधानसभा में आवाज उठाने और मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने के बाद भी जब काम शुरू नहीं हुआ, तब विधायक घनघोरिया ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अब सभी की नजरें अगली सुनवाई पर टिकी हैं, जहां फ्लाईओवर के अंतिम रूट और निर्माण की समय-सीमा तय होगी।

## अवैध रेत परिवहन करते 2 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गोसलपुर थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा एवं एसडीओपी सिहोरा आदित्य सिंघारिया के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी भावना तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध रेत का परिवहन कर रहीं 2 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर चालकों को गिरफ्तार किया है।




हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**